# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 06 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 152, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 117 अंकों की गिरावट

मौद्रिक नीति घोषणाओं के बीच शेयर बाजारों में मुनाफावसूली होने से गिरावट आई और सेंसेक्स 117 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी 49.85 अंक नुकसान में रहा।

} 10

## अंतिम चरण में स्मार्ट बॉर्डर परियोजना : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में लंकामुरा सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सरकार की स्मार्ट बॉर्डर परियोजना अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।

} 12

## तीन लाख करोड़ का निवेश करेगी एयरट्रंक

### पीएम मोदी से एयरट्रंक के सीईओ रॉबिन ने की मुलाकात

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रौद्योगिकी कंपनी एयरट्रंक ने 2030 तक भारत में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। इस निवेश का मकसद भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचा क्षमता को समर्थन देते हुए देश को वैश्विक विकास रणनीति के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एयरट्रंक के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉबिन खुदा से मुलाकात के बाद शुक्रवार को घोषणा की कि एशिया-प्रशांत और पश्चिम एशिया की प्रौद्योगिकी कंपनी एयरट्रंक भारत में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी और पांच गीगावाट क्षमता का डेटा सेंटर विकसित करेगी।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचा यात्रा उल्लेखनीय गति पकड़ रही है। एयरट्रंक ने भारत में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये (30 अरब डॉलर) का निवेश करने और पांच गीगावाट क्षमता का डेटा सेंटर विकसित करने की योजना की घोषणा की है। यह देश के डिजिटल बुनियादी ढांचा परिवेश में प्रस्तावित सबसे बड़े निवेश में से एक है। मोदी ने कहा कि इस तरह के निवेश से क्लाउड कंप्यूटिंग और एआई (कृत्रिम मेधा) के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी। साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे, स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कच्चे तेल के झटकों के बीच आरबीआई ने रेपो दर को रखा बरकरार

### ❍ रुपये को समर्थन देने के लिए कई उपायों की घोषणा ❍ जीडीपी वृद्धि के अनुमान को घटाकर 6.6 प्रतिशत किया

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को उम्मीद के मुताबिक प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसके साथ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में समस्या के कारण वृद्धि और मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों के बीच विदेशी पूंजी आकर्षित करने और रुपये को समर्थन देने के लिए कई उपायों की घोषणा की।

आरबीआई ने मौजूदा परिस्थितियों पर गौर करते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.6 प्रतिशत और खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई के रेपो दर को यथावत रखने के फैसले से आवास, वाहन और वाणिज्यिक कर्ज की मासिक किस्त में बदलाव की संभावना नहीं है। रुपये को समर्थन देने के उपायों में सरकारी प्रतिभूतियों में पात्र विदेशी निवेशकों के लिए ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर करों को समाप्त करना, प्रवासी भारतीयों के लिए विदेशी मुद्रा जमा को लेकर रियायती शर्तों की पेशकश और चुनिंदा विदेशी कर्ज के लिए जोखिम कम करने को लेकर लागत पर सब्सिडी देना शामिल है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिये



गये निर्णय की जानकारी देते हुए कहा, मौजूदा आर्थिक परिवेश को देखते हुए एमपीसी ने आम सहमति ने नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने अपने तटस्थ रुख को कायम रखा गया है। मल्होत्रा ने कहा कि भारत ने पिछले संकट की तुलना में मजबूत आर्थिक बुनियाद के साथ वैश्विक उथल-पुथल के ताजा दौर में प्रवेश किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि बढ़ते वैश्विक तनाव, वस्तुओं की ऊंची कीमतें और आपूर्ति में समस्या आर्थिक परिदृश्य के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा एमपीसी ने पाया कि वैश्विक परिवेश खराब हुआ है। ऐसे में समिति ने स्थिति स्पष्ट होने तक प्रतीक्षा करने का फैसला किया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि मुद्रास्फीति का दबाव अब भी कम है, लेकिन आगाह किया कि बढ़ती लागत का असर महंगाई पर पड़ सकता है। शीर्ष बैंक ने सामान्य से कम मानसून के अनुमान और अल नीनो के कारण उत्पन्न जोखिमों का भी उल्लेख किया। इससे आने वाले महीनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। आरबीआई ने वैश्विक अनिश्चितताओं और कच्चे माल की ऊंची कीमत को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि के अनुमान को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके इसके 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। यह 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से भी कम है। वहीं 2026-27 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है जो पहले के 4.6 प्रतिशत से कही अधिक है। तीसरी तिमाही में कीमतों पर दबाव 5.9 प्रतिशत तक पहुंचने की आशंका है, उसके बाद इसमें कमी आने की संभावना है। मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पहले के 4.4 ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### पीएफआई मामला : 26 के खिलाफ आरोप तय

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कई शीर्ष नेताओं के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया, और कहा कि मामले में भारत सरकार को उखाड़ फेंकने तथा 2047 तक इस्लामी खलीफा का शासन स्थापित करने की साजिश का गंभीर संदेह है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत 25 पीएफआई सदस्यों के साथ-साथ संगठन के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया। न्यायाधीश ने कहा, यदि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री को समग्र रूप से देखा जाए, तो यह गंभीर संदेह पैदा करती है कि आरोपियों ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और उसकी राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के माध्यम से और उनकी ओर से काम करते हुए, एक बड़ी साजिश को आगे बढ़ाने के लिए सहमति जताई और उस पर अमल किया- वह साजिश थी।

### छह आईपीएस अफसरों का हुआ ट्रांसफर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को छह आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। इसमें पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उप महानिरीक्षक अधिकारी शामिल है। गृह विभाग ने शुक्रवार को छह आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। इनमें पुलिस महानिदेशक कार्यालय से सम्बद्ध यानी प्रतीक्षारत रवि शंकर छवि को पुलिस महानिरीक्षक लोक शिकायत, महानिदेशक कार्यालय के पद पर ट्रांसफर किया गया है। यमुना प्रसाद को पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) कानपुर रेंज, अशोक कुमार चतुर्थ को पुलिस उप महानिरीक्षक गोंडा और पूनम को पुलिस उप महानिरीक्षक मिर्जापुर के पद पर तैनाती मिली है।

# यूपी ने पूरा किया 5 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

### ❍ विश्व पर्यावरण दिवस पर पूरे देश में चला पौध रोपण अभियान ❍ जुलाई में एक दिन में जन-सहभागिता से लगायेंगे 35 करोड़ पौधे : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों से प्रकृति व जलस्रोतों को नुकसान पहुंचाने वाले भूमाफिया, वन माफिया, खनन माफिया व स्मगलरों के प्रति सजग रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सजग नागरिकों का दायित्व है कि मातृभूमि के प्रति दायित्वों का निर्वहन करें। सीएम ने विश्व पर्यावरण दिवस

**❍ कोई टोंटी चोरी कर रहा, कोई पानी बहा रहा, ऐसे लोगों को टोकें**

पर प्रदेशवासियों को पांच संकल्प भी दिलाए। इसमें एक पेड़ मां के नाम लगाना, शरारती तत्वों व जीव-जंतुओं से पेड़ों की सुरक्षा, जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करना और प्रकृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाना शामिल है। सीएम ने कटाक्ष किया कोई टोंटी चोरी कर रहा है, कोई पानी बर्बाद कर रहा है, ऐसे लोगों को टोकें। जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं, कोशिश हो कि पानी



व्यर्थ न हो। सीएम योगी ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान संगोष्ठी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने यहां प्रदर्शनी का अवलोकन किया, बच्चों को चॉकलेट दीं और आमजन को कपड़े के झोले देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। सीएम ने बच्चों के साथ सेल्फी ली और वृक्ष कलश में जल भी अर्पित किया। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि जल है तो कल है, वन है तो जीवन है यानी जीवन चक्र एक-दूसरे के साथ जुड़ा है। फिर भी हमने इसकी सर्वाधिक उपेक्षा की। 40 से ऊपर हर व्यक्ति महसूस करता है कि पर्यावरण के साथ हुए खिलवाड़ की कीमत को दुनिया किस रूप में चुका रही है। 25 वर्ष पहले और वर्तमान मौसम चक्र में एक से डेढ़ महीने का अंतर आ गया। भारत व उत्तर प्रदेश में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था है। मौसम चक्र में अंतर से सर्वाधिक प्रभावित किसान होगा। उसकी आमदनी प्रभावित होगी, अतिवृष्टि-अनावृष्टि का सामना करना पड़ेगा। खाद्यान्न संकट खड़ा हो सकता है। असमय घटित होने वाली आपदाएं चेतावनी भी हैं। सीएम योगी ने कहा कि हमारे पूर्वजों व ऋषि परंपरा ने पर्यावरण के प्रति आगाह किया था। हम खुद को धरती मां का पुत्र कहते हैं। लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान राम ने लक्ष्मण जी से कहा अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते, जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। अर्थात लंका भले ही सोने की क्यों न हो, लेकिन मुझे यह अच्छी नहीं लगती। जिस मां ने जन्म दिया है, जहां हमने जन्म लिया है, उसके प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन और कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारा दायित्व होना चाहिए। मां व मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। भगवान राम की कही गई बातें आज भी हर भारतीय के लिए प्रासंगिक हैं। सीएम योगी ने कहा कि भौतिक उपलब्धियां क्षणिक हैं। इनकी उपलब्धि तभी तक हैं, जब तक आप निरोग होकर आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहे हैं। पर्यावरण के समक्ष चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत के ग्रंथों का अवलोकन करें। भारत की परंपरा में हर जीव-जंतु के प्रति हमारे संबंध जोड़े गए हैं। भगवान शंकर के गले में सर्प और सवारी नंदी है। कार्तिकेय की सवारी मोर, गणपति की मूषक और मां भगवती की सवारी शेर है। हर कालखंड में बैल की पूजा और गोमाता को मान्यता दी गई है। वे कृषि प्रधान व्यवस्था का आधार हैं। सर्प को किसान ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मजबूत और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में उभरा भारत : राजनाथ

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब कमजोर भारत नहीं रहा बल्कि एक मजबूत और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में उभरा है। सिंह ने यहां विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ छावनी स्थित कस्तूरबा पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। रक्षा मंत्री अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण का ...शेष पृष्ठ 10 पर



## प्रकृति व प्रगति के संतुलन से सुरक्षित होगा भविष्य

### पर्यावरण दिवस पर धामी ने दिया संरक्षण व सतत विकास का संदेश

प्रमुख संवाददाता

भीमताल (नैनीताल)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्यावरणीय संरक्षण को मानव जीवन, विकास और भविष्य की सुरक्षा से सीधे जुड़ा विषय बताते हुए कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित किए बिना सतत विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए शासन, प्रशासन और समाज को मिलकर कार्य करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान उसकी प्राकृतिक संपदा से निर्मित हुई है। हिमालय, नदियां, झीलें, वन संपदा और जैव विविधता राज्य की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके संरक्षण के बिना विकास का कोई भी मॉडल अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन



और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव के बीच प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। जल संरक्षण, स्वच्छता, ऊर्जा की बचत, प्लास्टिक के उपयोग में कमी और वृक्षारोपण जैसे प्रयास पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति को पूजनीय माना है। हमारी परंपराएं हमें प्राकृतिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नीट पेपर में आरोपी मनीषा वाघमारे का हाथ : सीबीआई

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को सूचित किया कि नीट पेपर लीक मामले में आरोपी मनीषा संजय वाघमारे ने छात्रों को पैसों के बदले प्रश्न पत्र वितरित किए थे।

एजेंसी ने वाघमारे की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता के समक्ष ये दलीलें पेश कीं। न्यायाधीश ने याचिका पर फैसला 9 जून के लिए सुरक्षित रख लिया। सीबीआई द्वारा जमानत याचिका का विरोध करने के बाद, न्यायाधीश ने एजेंसी की ओर से पेश अभियोजक से पूछा कि क्या उसने कथित तौर पर पैसे के बदले छात्रों को लीक हुए प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए थे। अभियोजक ने कहा उसने छात्रों को भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के प्रश्नपत्र दिए, हमारे पास छात्रों के बयान हैं कि उन्होंने लीक हुए प्रश्नपत्रों के बदले पैसे दिए, वाघमारे ने प्रश्नपत्र वितरित किए। आरोपी के वकील ने हालांकि जमानत की मांग करते हुए कहा कि उनकी 47 वर्षीय मुवक्किल एक प्रमाणित शिक्षा परामर्शदाता है और किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल नहीं है। वकील ने दलील दी कि उसके घर से कोई नकदी बरामद नहीं हुई, ...शेष पृष्ठ 10 पर





विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ के अमीनाबाद स्थित झंडेवाला पार्क में पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विराज सागर दास प्रेसिडेंट उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ, प्रेसिडेंट बीबीडी ग्रुप, प्रेसिडेंट डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन, वाइस प्रेसिडेंट, बैडमिन्टन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया एवं चेयरमैन उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से पौधरोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्रकृति को संरक्षित रखने का संकल्प दोहराया।

**विशेष खबर** 2741 करोड़ की उत्तर प्रदेश स्वच्छवायु प्रबंधन परियोजना हुई लांच, विश्व बैंक के सहयोग से पोषित पहली एयर शेड आधारित परियोजना

# देश का 100वां व यूपी का 13वां रामसर स्थल बना सुरहा ताल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश को कई बड़ी सौगातें दीं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए कार्यक्रम में विश्व बैंक के सहयोग से 2741 करोड़ की लागत वाली भारत की पहली एयर शेड आधारित उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंध परियोजना की लांचिंग हुई। सीएम के सामने विश्व बैंक में एशिया क्षेत्र की प्रैक्टिस मैनेजर एन जैनेट ग्लोबर व सीईओ यूपी कैंप बी. चंद्रकला ने एमओयू का हस्तांतरण किया। सीएम योगी ने एक पेड़ मां के नाम महाभियान का बटन दबाकर शुभारंभ किया। यूपी कैंप के लोगो व वेबसाइट का भी अनावरण किया। यूपी कैंप के कार्यों की जानकारी पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम ने उत्तर प्रदेश में 100 आर्द्रभूमि की अधिसूचना से संबंधित संकलन व वेटलैंड पोर्टल की लांचिंग



की। मुख्यमंत्री ने 35 करोड़ पौधरोपण लक्ष्य के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण महाभियान- 2026 के लोगो का भी अनावरण किया। सीएम ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के शुभंकर का भी अनावरण किया। इस दौरान श्रावस्ती स्थित गुलरा (केन नाला) को बायोडायवर्सिटी हेरिटेज साइट के रूप में विकसित किए जाने की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रदेश में और मजबूत होगा आपदा चेतावनी तंत्र

लखनऊ। मानसून-2026 के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में प्रदेश में आपदा पूर्व चेतावनी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके तहत 450 ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन, 2000 ऑटोमैटिक रेन गेज और 5 डॉप्लर वेदर रडार की स्थापना की जा रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं भारतीय सेना मुख्यालय मध्य कमान के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को लखनऊ स्थित सूर्या ऑडिटोरियम में बाढ़ एवं बाढ़ से सम्बन्धित आपदाएं विषय पर राष्ट्रीय स्तर की नागरिक-सैन्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## केरल में भारी बारिश व तेज हवाओं से संपत्ति, वाहनों को नुकसान

तिरुवनंतपुरम। केरल के कई हिस्सों में शुक्रवार को भारी बारिश एवं तेज हवाओं का दौर जारी रहा, जिसकी वजह से कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर गिर गईं तथा वाहनों एवं संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज के लिए राज्य के आठ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सप्ताहांत के दौरान और अधिक भारी बारिश होने की आशंका को देखते हुए मौसम विभाग ने शनिवार के लिए पांच जिलों

# माफिया को चुनकर भेजेंगे तो गरीबों का खून चूसेगा : सीएम

## अच्छे जनप्रतिनिधियों से बहती है विकास की धारा, बेटी या व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को छोड़ेंगे नहीं

जिला संवाददाता (vol)

**लखनऊ/बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास की प्रक्रिया तब आगे बढ़ती है, जब जनता अच्छे लोगों को चुनती है। माफिया को चुनकर भेजेंगे तो गरीबों का खून चूसेगा। हमने माफिया को तबाह किया, उसकी जमीनों पर गरीबों के लिए मकान बना रहे हैं। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड के साथ काम कर रही है। किसान, व्यापारी, महिला को सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। आज हर जनपद विकास की मुख्यधारा से जुड़ा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर के मध्यनगर बिलोहा में शुक्रवार को 300 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण व अन्य शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। सीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। उन्होंने प्रगति के पथ पर अग्रसर बलरामपुर के विकास मॉडल पर जनता से सीधा संवाद भी किया।



● बलरामपुर में 300 करोड़ से अधिक की योजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से नौ वर्ष पूर्व बलरामपुर में जब भी दुर्गा पूजा होती थी, पचपेड़वा, गैसड़ी, बलरामपुर, उतरौला आदि जगहों पर दंगे होते थे। मुझे गोरखपुर से आकर लोगों की मदद करनी पड़ती थी। आज उत्तर प्रदेश के 75 जनपद, 350 तहसीलें और 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतें दंगामुक्त हैं। विकास की प्रक्रिया के साथ प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। बलरामपुर के लोग 2017 से पहले कहीं जाते थे तो पहचान का संकट था।

लोग माफिया से जोड़कर देखते थे। लेकिन, माफिया आज मिट्टी में मिल गए, कोई पहचान का संकट नहीं। आज बाहर जाएं और कहें कि आप यूपी से हैं तो आपको पूरा सम्मान मिलेगा।

### बलरामपुर में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण

| | |
|---|---|
| कुल परियोजनाएं : 126 | लोकार्पण की योजनाओं की लागत : 301.50 करोड़ |
| लोकार्पण : 89 | |
| शिलान्यास : 37 | शिलान्यास वाली योजनाओं की लागत : 90.75 करोड़ |
| कुल लागत : 392.25 करोड़ | |

**अब किसी गरीब का राशन नहीं खा सकता है माफिया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि याद करिए 2017 के पहले गरीब को राशन नहीं मिलता था। सपा के गुंडे राशन खा जाते थे। अब हर गरीब को फ्री में राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। गांवों में आय, निवास प्रमाण पत्र की भी सुविधा दी जा रही है। गरीब के उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। एक ओर गरीब कल्याणकारी योजनाओं और दूसरी ओर विकास कार्य बढ़ाए गए। सभी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव दिया जा रहा है। पीएम मोदी के ह्यसबका साथ-सबका विकास विजन के तहत काम हो रहा है।

**सुरक्षित माहौल में हो रहा निवेश :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर किसी ने बेटी या व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाई तो फिर उसको छोड़ेंगे भी नहीं। यही सरकार की घोषित नीति है। प्रदेश के सुरक्षित माहौल में आज निवेश हो रहा है। बलरामपुर सौभाग्यशाली है कि चीनी मिल की ओर से प्लास्टिक जैसे एक मैटीरियल का निर्माण हो रहा है, जो उपयोग के बाद मिट्टी में मिल जाएगा।

**देश का सबसे युवा राज्य है यूपी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यूपी की पहचान सबसे ज्यादा निवेश, रोजगार, देश के सबसे युवा राज्य के रूप में हो रही है। यूपी को अयोध्या, काशी, मां पाटेश्वरी, मां शाकम्भरी, नैमिषारण्य, श्रावस्ती, जैन तीर्थंकरों की भूमि के रूप में नई पहचान मिल रही है। यह सम्मान आपको इसलिए मिल रहा है, क्योंकि आपने अच्छे जनप्रतिनिधियों को चुनकर भेजा है। आपने कैलाशनाथ शुक्ला, राम प्रताप वर्मा, पलटूराम को जिताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैं गैसड़ी और तुलसीपुर विधानसभा के बॉर्डर पर आया हूं। मैं 2007 में तुलसीपुर आया था, तब मांग हो रही थी कि मथुरा घाट में राप्ती नदी पर पुल बने। जैसे ही आपने कैलाश नाथ शुक्ला को तुलसीपुर से विधायक बनाया, मथुरा घाट पर भी पुल की स्वीकृति मिल चुकी है। तुलसीपुर और बलरामपुर में विकास हो रहा है। गैसड़ी में शैलेंद्र सिंह शैलू विधायक होते तो तेजी से विकास लाते। अच्छे लोग चुनेंगे तो अच्छे परिणाम आएंगे। जब आप परिवारवाद से ऊपर उठे और सत्ता परिवर्तन किया तो सरकार ने गरीब को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा। विकास, सुरक्षा व सुशासन दिया। विश्वविद्यालय दिया, गरीब बच्चों को स्कॉलरशिप दी।

**बलरामपुर की उपलब्धियां और पर्यावरण संरक्षण का संदेश :** मुख्यमंत्री ने बलरामपुर की उपलब्धियों के साथ पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रेरित करता है कि जल ही तो कल है। अगर हम जलस्रोत गंदा करते हैं या वन की कटान करते हैं तो पर्यावरण की क्षति होती है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की कीमत मानव को चुकानी होगी। आज तुलसीपुर को 300 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

नौ वर्ष पूर्व यह आकांक्षात्मक जनपद था। नीति आयोग के मानकों में देश के सबसे पिछड़े जनपदों में यह जिला था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने डबल स्पीड से काम किया तो यह जनपद विकसित होने की ओर तेजी से बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि एक समय बलरामपुर में बिजली, सड़क, सरयू राष्ट्रीय परियोजना, मेडिकल कालेज या हर घर नल योजना साकार होने के बारे में कोई सोच नहीं सकता था। किसी ने थारू संग्रहालय या मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बनाने की बात नहीं सोची होगी। हमने मां पाटेश्वरी के नाम पर विश्वविद्यालय बनाया। अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर मेडिकल कालेज का निर्माण और नानाजी देशमुख की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखते हुए थारू संग्रहालय बनाया। वनटांगिया गांवों के लोगों को आवासीय या जमीन के पट्टे देकर नागरिकता दी। आज थारू जनजाति के लोगों के पास अपना मकान और बच्चों के लिए स्कूल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष सर्वाधिक नामांकन बलरामपुर में हुए हैं। यह शुभ लक्षण है। सीमावर्ती जनपद होने के नाते, विकास की प्रक्रिया के साथ तेजी से बढ़ रहा बलरामपुर विकास का मॉडल बन रहा है।

# पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

● सबके लिए सबसे प्यारी होती है मां, हर नागरिक अवश्य लगाये एक पेड़ मां के नाम
● मुख्यमंत्री ने कुकरैल में एक पेड़ मां के नाम महाभियान का किया शुभारंभ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आम का पौधा लगाकर सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी, प्रकृति बचेगी तो जीव सृष्टि भी बचेगी, इसलिए हर नागरिक मातृभूमि के प्रति ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कुकरैल रेंज अवध वन प्रभाग में एक पेड़ मां के नाम महाभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने यहां कपूर का पौधा लगाया, जबकि वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना ने आंवला, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने नीम तथा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने आंवला का पौधा रोपित किया। मुख्यमंत्री ने यहां महर्षि चरक औषधि वन की भी स्थापना की। सीएम की उपस्थिति में एक साथ 200 से अधिक पौधे लगाए गए।

मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों के साथ सेल्फी भी ली और मिष्ठान वितरित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पीएम मोदी ने देशवासियों के सामने लक्ष्य रखा कि नागरिक के रूप में मां व मातृभूमि के प्रति हमारा दायित्व बनता है। इसीलिए उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान की थीम मां को समर्पित की। हर व्यक्ति के लिए मां सबसे प्यारी होती है, इसलिए दायित्वों का निर्वहन करते हुए हर व्यक्ति मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाकर इस अभियान को आगे बढ़ाए। शहर-गांव के फॉरेस्ट को विकसित करे। वन विभाग ने 50 करोड़ से अधिक पौधे तैयार किए हैं।

आज 5 करोड़ पौधरोपण लक्ष्य के साथ यह कार्यक्रम बढ़ रहा है। सीएम ने कहा कि विश्व आज पर्यावरण की गंभीर चिंता से ग्रसित है। हर व्यक्ति जानता है कि पर्यावरण की चुनौती केवल प्रकृति की ही नहीं, बल्कि जीव सृष्टि की भी है। मौसम चक्र में आए परिवर्तन से अतिवृष्टि, अनावृष्टि आदि के कारण हम सभी इसके दुष्प्रभाव को देख रहे हैं। यह आपदा मानव निर्मित है और इस समस्या का समाधान भी मनुष्य को ही निकालना है।

# एकेटीयू में हुआ वृहद पौधरोपण

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 ऐतिहासिक वर्षों की निरंतर सेवा के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश शासन की ओर से 5 से 21 जून तक सेवा भी, संस्कार भी और सम्मान भी अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से हुई। इस अवसर पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परिसर में पौधरोपण किया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग डॉ. एमकेएस सुंदरम ने पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान की जागरूकता रैली का भी फीता काटा। इस दौरान कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने भी पौधा लगाकार पर्यावरण का संदेश दिया। कुलसचिव रीना सिंह के नेतृत्व में परिसर में विभिन्न स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधे लगाये गये। परिसर में बने कमल ताल में कमल लगाया गया। कार्यक्रम में वित्त अधिकारी केशव सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, उपकुलसचिव डॉ. आरके सिंह, उपकुलसचिव डॉ. डीपी सिंह, उपकुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव, सहा. कुलसचिव सुनील पाण्डेय, सहा. कुलसचिव सौरभ सिंह, सहा. कुलसचिव रंजीत सिंह सहित शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।





# विज्ञान नगरी में पर्यावरण के प्रति फैलायी जागरूकता

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आंचलिक विज्ञान नगरी शुक्रवार को छात्रों के बीच पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम में 200 छात्रों और आम लोगों ने हिस्सा लिया। ग्रेसियस ग्लोरी इनोवेटिव एजुकेशन फाउंडेशन की फाउंडर शिखा राज ने विज्ञान पर व्याख्यान दिया। सुश्री राज ने एक प्रतिज्ञा गतिविधि भी करायी, जिसमें छात्रों ने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को स्टिकी नोट्स पर लिखा और उन्हें एक प्रतिज्ञा दीवार पर लगाया। पौधारोपण में शिखा राज, स्वरूप मंडल, छात्रों और आंचलिक विज्ञान नगरी के कर्मचारियों ने भाग लिया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान पर ब्लॉक व समिति पर किया पौधरोपण: वीरेंद्र प्रताप



**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान को पूरे देश व प्रदेश में शुभारंभ किया गया है वहीं सहकारिता विभाग द्वारा यह अभियान अपने सभी बहुउद्देशीय सहकारी समितियों पर पूरा किया जा रहा है। क्षेत्र के देवरी भारत में स्थित बहुउद्देशीय सहकारी समिति पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उत्तर प्रदेश जिला सहकारी बैंक एसोशिएशन प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने एक पेड़ मां के नाम का पौधरोपण किया। साथ में पार्टी द्वारा द्वारा विकास खण्ड कार्यालय पर भी पौधरोपण कर अभियान आगे बढ़ाया। विकास खण्ड कार्यालय पर खड़ विकास अधिकारी सर्जना शुक्ल ने एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण कार्य किया। वहीं समिति पर जिला महा प्रबंधक आवेश मौर्य, उप महाप्रबंधक धर्मेंद्र यादव, शाखा प्रबंधक सर्वेश यादव अध्यक्ष बी पैक्स संजय कुमार सिंह, सचिव बीरपाल सिंह सहित सभी ने एक एक पेड़ लगाया।

# 110 वार्डों में चला विशेष सफाई और पौधरोपण कार्यक्रम

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देशन में नगर निगम की ओर से शुक्रवार को पूरे शहर में व्यापक स्तर पर मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगर निगम के सभी 110 वार्डों में विशेष सफाई अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें संबंधित वार्डों के पार्षदों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस महाअभियान में समस्त जोनल अधिकारियों एवं जोनल सेनेटरी अधिकारियों के नेतृत्व में लखनऊ नगर निगम, लखनऊ स्वच्छता अभियान तथा लायन एनवायरो की आईईसी टीमों ने सक्रिय रूप से कार्य किया। साथ ही सभी 110 वार्डों में नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा संबंधित पार्षदों के सहयोग से विशेष सफाई एवं वृक्षारोपण अभियान संचालित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कुड़ियाघाट पर माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में मेगा क्लीनलिनेस ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहे। इस अवसर पर गोमती नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नदी सफाई कार्य में उपयोग की जाने वाली नावों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही नदी की नियमित सफाई एवं कचरा निष्पादन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। लखनऊ स्वच्छता अभियान की आईईसी टीम की ओर से जोन-7 के सेक्टर-5 स्थित पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। पार्क परिसर की सफाई के साथ नागरिकों को कचरा पृथक्करण, कचरे के चार प्रकार तथा पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूक किया गया। जोन-4 के वार्ड-100 में आईईसी एवं ऑपरेशन टीम की ओर से विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। इस दौरान सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने तथा शहर को स्वच्छ एवं हरित बनाने की शपथ ली। जोन-1 के जियामऊ क्षेत्र में स्वच्छता एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। भिटौली एमआरएफ परिसर में 50 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण की शपथ, पौधरोपण को बढ़ावा देने का संदेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हर साल पांच जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस शुक्रवार को केवल जागरूकता का अवसर नहीं रह गया है, बल्कि यह इस बात की चेतावनी बन चुका है कि जलवायु परिवर्तन अब हमारे रोजमर्रा के जीवन को सीधे प्रभावित कर रहा है। दुनिया भर में बढ़ते तापमान, प्रदूषण, बाढ़, सूखा और तूफान, चरम मौसम जैसी घटनाएं लोगों के घर, रोजगार और स्वास्थ्य को लगातार नुकसान पहुंचा रही हैं। इसके चलते विभिन्न संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण की शपथ, पौधारोपण के लिए जागरूकता लगायी गयी।

उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। अयोध्या, वाराणसी, सुलतानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़ सहित मंडल के विभिन्न रेलवे परिसरों में शपथ ग्रहण एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल रेल प्रबंधक श्री सुनील कुमार वर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक नीलिमा सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक शूरवीर सिंह चौहान, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण भी किया।



पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के निर्देशन में तथा वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/फ्रेट एवं डीएम, ईएनएचएम महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में लखनऊ मण्डल के प्रमुख स्टेशनों, कोचिंग डिपो, आरओएच डिपो तथा रेलवे चिकित्सालय परिसर में वृहद पौधारोपण अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। लखनऊ जं. पर कैबवे पर स्थित पार्क में मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने एक पेड़ मॉ के नाम के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए।



किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में विभागाध्यक्ष डा. सूर्यकान्त के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक जन-अभियान है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के सम्मान से जोड़ते हुए वृक्षारोपण को जन-आंदोलन बनाना है। कार्यक्रम में विभाग के डा. संतोष कुमार, डा. आनंद श्रीवास्तव, डा. अंकित कुमार ने भाग लिया।



बलरामपुर अस्पताल में एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने पौधारोपण किया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। विशिष्ट अतिथि रवि रंजन, आईएएस ने कहा कि स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं तथा वृक्षारोपण के माध्यम से हम भावी पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य महानिदेशक डा. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक (परिवार कल्याण) डा. एचडी. अग्रवाल, तथा महानिदेशक (प्रशिक्षण) डा. रंजना खरे ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में अस्पताल के निदेशक डा. विवेक गुप्ता, सीएमएस डा. हिमांशु चतुर्वेदी, एमएस डा. प्रवीण श्रीवास्तव सहित ने भी विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधों का रोपण किया।

गोमतीनगर स्थित राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के रेस्पिरेटरी व बायोकेमिस्ट्री विभाग ने संगोष्ठी का आयोजन किया। आयोजन अध्यक्ष डा. अजय कुमार वर्मा ने कहा कि वायु प्रदूषण वर्तमान समय में विश्व की सबसे बड़ी जनस्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन चुका है। संस्थान के निदेशक डा. सीएम सिंह ने अपने भाषण में पेड़-पौधों के संरक्षण पर बल दिया। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अरविन्द सिंह ने कहा कि हमारी बढ़ती लालच पृथ्वी और जैविक संसाधनों का दोहन कर रही है, जिसे हमें कम करना चाहिए। संस्थान के एग्जीक्यूटिव रजिस्ट्रार डा. सुब्रत चंद्रा ने कहा कि पर्यावरण दिवस को केवल आज के लिए नहीं बल्कि प्रतिदिन मनाते हुए इसका संरक्षण करना चाहिए।

# हर कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का करेगा कार्य : पंकज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के ऐतिहासिक, जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की गई है। 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी मंडलों में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज में और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने राजधानी लखनऊ में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलने का जो मार्ग देश को दिखाया है, वह आज विश्व के लिए भी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, आधारभूत संरचना, कृषि, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधरोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मातृशक्ति के सम्मान और प्रकृति संरक्षण का राष्ट्रीय जनआंदोलन है।





उन्होंने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की नींव बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का कार्य करेगा तथा इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में जो परिवर्तनकारी यात्रा तय की है, वह स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। भाजपा का यह अभियान केवल उपलब्धियों के प्रचार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के साथ संवाद और सहभागिता का अभियान है। कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देंगे।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर कार्य करने वाला सामाजिक संगठन है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, शुद्ध जल, स्वच्छ वातावरण और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लेना चाहिए। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और इन 12 वर्षों में जनकल्याण, सुशासन, आत्मनिर्भरता तथा गरीबों के उत्थान की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

# स्वतंत्र देव ने किया एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ जनपद की तहसील बीकेटी के ग्राम जुग्गौर स्थित सिंचाई विभाग की भूमि पर भी एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया, जिसमें विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में आम, जामुन, पीपल, बरगद एवं पाकड़ सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग, विभागाध्यक्ष संदीप कुमार, प्रमुख अभियंता परियोजना अशोक कुमार, एमडी यूपीपीसीएल संतोष कुमार सिंह सहित सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



इसके बाद जलशक्ति मंत्री ने बाराबंकी स्थित नलकूप खंड परिसर में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने नवविकसित सरदार वल्लभभाई ईको पार्क, नवनिर्मित सभागार तथा केंद्रीय कार्यशाला का उद्घाटन एवं निरीक्षण कर विभागीय व्यवस्थाओं को देखा। कार्यक्रम के दौरान जलशक्ति मंत्री ने ईको पार्क में रुद्राक्ष का पौधा तथा केंद्रीय कार्यशाला परिसर में हरिशंकरी (पीपल, पाकड़ एवं बरगद) का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और पौधसरोपण भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।

संक्षेप

## करंट से महिला की मौत



प्रतापगढ़। करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बिना पुलिस को सूचना दिये परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाली के पूरे बहादुर ओझा का पुरवा खपराही निवासी सुनील गुप्ता उर्फ कल्लू की पत्नी सुनीता गुप्ता 28 गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे घर में कामकाज कर रही थी। इसी बीच वह फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आ गयी। आननफानन में परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज स्थित ट्रामा सेंटर ले आये। यहां चिकित्सकों ने सुनीता को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिवार के लोग रोने बिलखने लगे। मृतका के एक छः वर्षीय पुत्री व दो पुत्र हैं। परिजनों ने शुक्रवार को मानिकपुर गंगा घाट पर मृतका के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

## कूटरचित अभिलेखों से पासपोर्ट प्राप्त करने का आरोपी धराया

प्रतापगढ़। कूटरचित अभिलेखों के जरिए दो पासपोर्ट प्राप्त करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना के उपनिरीक्षक आदित्य पाण्डेय शुक्रवार को पुलिस बल के साथ चेकिंग पर थे। इसी बीच वाहन चेकिंग के दौरान गोवर्धनपुर निवासी मो0 अयूब पुत्र बदलू को गोवर्धनपुर स्थित मस्जिद के पास से गिरफ्तार किया। एसओ गौरव त्रिवेदी ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी कूटरचित अभिलेखों के जरिए दो अलग अलग पासपोर्ट प्राप्त करने का आरोपी है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी एवं पासपोर्ट अधिनियम उल्लंघन की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अपहरण का आरोपी भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना के दरोगा आकाश शुक्ल पुलिस बल के साथ शुक्रवार को गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मुकदमें में वांछित अमेठी जनपद के चुरावनपुर भावलपुर थाना संग्रामपुर निवासी रामहित गौतम पुत्र राम स्वरूप गौतम को गांधी नगर बाजार के पास से गिरफ्तार किया। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## सूरत में रह रहे युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। सूरत में रह रहे युवक की मौत की जानकारी होने पर यहां परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन परिजन सूरत के लिए रवाना हो गये। सांगीपुर थाना क्षेत्र के लखहरा निवासी बाइस वर्षीय वीरेन्द्र सिंह उर्फ वीरू पुत्र अजय कुमार सिंह सूरत में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। गुरूवार की रात संदिग्ध दशा में घर के कमरे मे उसका शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। शुक्रवार की सुबह दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोला तो वीरेन्द्र का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को फोन पर दी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक इकलौता पुत्र था। उसकी एक बड़ी बहन है। मौत की जानकारी होने के बाद परिजन सूरत के लिए रवाना हो गये।

# पर्यावरण की रक्षा हर नागरिक का दायित्व



### विधायक ने सीताद्वार में किया पौधरोपण

इकौना, श्रावस्ती। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग श्रावस्ती द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पर्यटक एवं धार्मिक स्थल सीताद्वार टंडवा महंत में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) श्रावस्ती के निर्देशन में किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

पौधारोपण कार्यक्रम में श्रावस्ती विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ उप प्रभागीय वनाधिकारी भिनगा वेद प्रकाश, उप रेंजर विकास वर्मा तथा वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए तथा उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन, छाया और प्राकृतिक संसाधनों का भी प्रमुख स्रोत हैं।

कार्यक्रम में सीताद्वार के मुख्य महंत पंडित संतोष कुमार तिवारी ने भी पौधारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। पौधारोपण कार्यक्रम में वन विभाग के विवेक कुमार (वन दरोगा), रमेश चंद्र (वन दरोगा), महेश सिंह (वन रक्षक), ज्वाला प्रसाद (न्यूनतम कर्मी) सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं सीताद्वार चौकी के दीवान हरित यादव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी पौधारोपण में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर विधायक ने की गौ सेवा



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर श्रावस्ती विधायक पंडित रामफेरन पाण्डेय ने शुक्रवार को सीताद्वार स्थित गौशाला पहुंचकर गौ माताओं की सेवा की। इस अवसर पर उन्होंने गौ माताओं को गुड़ एवं चना खिलाया तथा मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और निरंतर जनसेवा के लिए मंगलकामनाएं कीं। विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में गौ सेवा का विशेष महत्व है। गौ माता को समृद्धि, करुणा और लोककल्याण का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास और सुशासन की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उनके जन्मदिवस के अवसर पर गौ सेवा कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विकास, गरीबों के उत्थान, किसानों के हितों की रक्षा तथा कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में उनके जन्मदिवस पर गौ सेवा जैसे पुण्य कार्य के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया है। इस दौरान गौशाला परिसर में उपस्थित लोगों ने भी गौ सेवा में सहभागिता निभाई और मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा तथा उपस्थित लोगों ने प्रदेश की उन्नति एवं जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक जिम्मेदारी का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने सभी लोगों से गौ संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। अंत में सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु तथा प्रदेश की जनता की सेवा करने की निरंतर शक्ति प्रदान करें, जिससे उत्तर प्रदेश विकास और समृद्धि के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एसपी ने किया पौधरोपण



श्रावस्ती। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और प्लास्टिक के उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ पर्यावरण को स्वच्छ रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करते हैं। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह, क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान, क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पौधे लगाए। इस अवसर पर फलदार एवं विभिन्न प्रजातियों के कई पौधों का रोपण किया गया।

# वंदना बोली- ऑपरेशन प्रवीण और प्रमोद ने किया

## अस्पताल ने दूसरी डॉक्टर का नाम लिया, हुई थी नवजात की मौत

सिद्धार्थनगर- इटवा कस्बे के जनता सेवा हॉस्पिटल में नवजात शिशु की मौत के मामले की जांच अब तकनीकी और दस्तावेजी साक्ष्यों पर केंद्रित हो गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्धारित एक सप्ताह की समयसीमा बीतने के बाद, जांच अधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया है, जिससे अस्पताल की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रजत कुमार चौरसिया ने 26 मई को तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी थी। हालांकि, नौ दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जांच किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है। जांच टीम अभी भी संबंधित चिकित्सक के बयान का इंतजार कर रही है। जांच में देरी के कारण, एसीएमओ (आरसीएच) और जांच अधिकारी डॉ. आर.जी. सिंह ने अस्पताल प्रबंधन को यह अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया है।

इस मामले में ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक को लेकर विवाद गहरा गया है। पीड़िता वंदना ने एक वीडियो बयान में दावा किया है कि 23 मई की रात उसका ऑपरेशन डॉ. डाली शर्मा ने नहीं किया था। वंदना के अनुसार, ऑपरेशन के समय डॉ. प्रवीण कुमार यादव, प्रमोद कुमार यादव और एक नर्स मौजूद थे। इसके विपरीत, अस्पताल प्रबंधन ने जांच के दौरान डॉ. डाली शर्मा का बयान प्रस्तुत किया है। दोनों पक्षों के बयानों में यह विरोधाभास मामले को और गंभीर बना रहा है। पीड़ित परिवार ने अब केवल मौखिक बयानों को पर्याप्त मानने से इनकार कर दिया है। परिवार ने घटना के समय अस्पताल में मौजूद लोगों की मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर रिकॉर्ड की गहन जांच की मांग की है। परिवार का दावा है कि इन रिकॉर्ड्स की जांच से यह स्पष्ट हो जाएगा कि घटना के समय कौन अस्पताल में उपस्थित था और कौन नहीं था। इसी अस्पताल में ऑपपरेशन के बाद नवजात की जान गई थी। परिवार का कहना है कि यदि किसी चिकित्सक के अस्पताल में मौजूद होने का दावा किया जा रहा है तो उसकी मोबाइल लोकेशन और कॉल रिकॉर्ड से वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। इसी प्रकार अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर रिकॉर्ड भी यह स्पष्ट कर सकते हैं कि ऑपरेशन थिएटर में कौन-कौन गया, किसने मरीज को देखा और घटना के समय अस्पताल में किसकी सक्रिय भूमिका थी। हालांकि पुलिस पहले ही अस्पताल प्रबंधन और संबंधित स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चुकी है। पुलिस अस्पताल का डीवीआर अपने कब्जे में लेकर जांच कर रही है। जांच के दायरे में अस्पताल के अभिलेख भी हैं। गर्भावस्था के दौरान उपचार किसने किया, दवाइयां किस डॉक्टर ने लिखीं, पर्चों पर दर्ज हैंडराइटिंग किसकी है, अस्पताल में फुल टाइम चिकित्सक के रूप में कौन-कौन पंजीकृत हैं।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प





प्रतापगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता को लेकर विभिन्न आयोजन किये गये। तहसील में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने अधिवक्ताओं के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। वहीं नगर पंचायत कार्यदायी संस्था द्वारा नपं अध्यक्ष अनीता द्विवेदी एवं अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप के संयुक्त नेतृत्व में सांगीपुर वार्ड स्थित शिव धाम के समीप तालाब किनारे पौधारोपण किया गया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ने प्राथमिक विद्यालय सांगीपुर परिसर में भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन नगरपंचायत प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। इस मौके पर सभासद कैलाशनाथ त्रिपाठी, धर्मपाल गौतम, पन्नेलाल पाल, बिंदु शर्मा, छोटेलाल सरोज, अवनीश शुक्ल, शेरू खां, आशीष कौशल आदि मौजूद रहे। वहीं शीतलमऊ वन ब्लाक परिसर में वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्रा के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ के ग्राम पंचायत लकुरी में बीडीओ विजयशंकर मणि की अगुवाई में पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर भुवनेश्वर शुक्ल, सदाशिव द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी, धीरेन्द्र गौतम आदि रहे।

# 6.23 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित



सिद्धार्थनगर। जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में गत शुक्रवार को व्यापक वृक्षारोपण महाअभियान चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में 6.23 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त मुख्य कार्यक्रम नौगढ़ विकास खंड के ग्राम पंचायत पलिया टेकधर में आयोजित किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों व ग्रामीणों ने पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत किया। कार्यक्रम में डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी. एन., पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह तथा प्रभारी निदेशक सामाजिक वानिकी नीला एम मौजूद रहीं। अतिथियों का स्वागत बुके भेंट कर किया गया। सांसद जगदंबिका पाल ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान और केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है। सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेशभर में एक साथ पांच करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में सिद्धार्थनगर में 6.23 लाख पौधों का रोपण किया जा रहा है।

## एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने किया पौधरोपण



सिद्धार्थनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर/सहायक पुलिस अधीक्षक विश्वजीत सौरयान, क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह तथा प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। एसएसपी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना समय की आवश्यकता है। पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता का संदेश देते हुए सभी ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण सुनिश्चित करना है।

## रेंजर शिव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में हुआ वृहद पौधरोपण



बांसी सिद्धार्थनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बांसी रेंज वन विभाग द्वारा ह्यएक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत जमलाजोत एवं मोती सागर मंदिर चेतिया परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बांसी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी शिव कुमार गुप्ता का विशेष योगदान रहा, जिनके नेतृत्व में सैकड़ों पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि पूजा पाल एवं विधायक प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नीम, पीपल, बरगद, शीशम, अर्जुन, आम एवं अमरूद सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। वन क्षेत्राधिकारी शिव कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा ह्यएक पेड़ माँ के नामह्न अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। यह आयोजन पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज को प्रकृति से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## 2 शातिर गिरफ्तार, 5 आईफोन बरामद



सिद्धार्थनगर। जनपदीय एंटी थेफ्ट टीम एवं बांसी थाना पुलिस ने बस में हुई आईफोन चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के पांच आईफोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी बांसी सुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में जनपदीय एंटी थेफ्ट टीम और थाना बांसी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को बांसी रोडवेज के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गब्बर चौहान पुत्र रामकृपाल तथा विजय गौड़ पुत्र राजकपुर गौड़ निवासी ग्राम मिठौवा, थाना मिश्रौलिया, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से चोरी के पांच आईफोन बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया। बस चालक निकला मास्टरमाइंड पुलिस पूछताछ में आरोपी गब्बर चौहान ने बताया कि वह सोनिया बस सर्विस में चालक है, जबकि विजय गौड़ उसका सहयोगी है। दोनों ने मोबाइल फोन के लालच में बस में रखे एक गत्ते के पार्सल को चोरी कर लिया था। पार्सल में कुल 10 आईफोन थे।

## तालाब में डूबने से दो लड़कियों की मौत

कौशांबी। जिले में शुक्रवार को तालाब में नहाने गई दो नाबालिग लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों ने शवों को तालाब से बाहर निकाला, जिसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शरीफपुर पठान गांव के बाहर एक तालाब में संजना (10) और रागिनी (12) नहाने गई थी तथा नहाते वक्त गहरे पानी में जाने की वजह से दोनों पानी में डूब गई। तालाब के पास मौजूद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। मंझनपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवांक सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और राजस्व कर्मियों को सूचना दे दी गई है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

हरदोई। जिले की पुलिस ने एक शिक्षिका साथ हुई चेन लूट की वारदात में शामिल दो शातिर बदमाशों को शुक्रवार तड़के एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के दोनों पैरों में गोली लगी है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन, नगदी, दो तमंचे, कारतूस, एक अपाचे बाइक और चोरी की स्कूटी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी लंबे समय से लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे और कई जिलों में इनके खिलाफ संगीन मुकदमे दर्ज हैं। दोनों घायल बदमश कानपुर और उन्नाव जिले के रहने वाले हैं।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पारित कराये जाने की उठायी आवाज



लखनऊ। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने यहां जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम व लखनऊ में बीती सत्रह मई को चेंबर तोड़े जाने की घटना को लेकर हुए लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कराए जाने सम्बन्धी मांग पत्र अपर जिलाधिकारी संगीता पाण्डेय को सौंपा। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक पारित कराए जाने के समर्थन में नारेबाजी करते अधिवक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रदेश के राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल को संबोधित एसोसिएसन की ओर से अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर प्राण घातक हमलो, कई जिलो मे हुई साथियों की हत्याओं और अधिवक्ताओं के पुलिसिया उत्पीड़न की घटनाओं को देखते हुए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक सरकार से अविलम्ब पारित कराए जाने की मांग उठाई गयी। वहीं ज्ञापन में बीती सत्रह मई को लखनऊ कचहरी के समीप बिना पूर्व नोटिस के अधिवक्ताओं के चेंबर तोडे जाने तथा पुलिस लाठीचार्ज को लेकर नगर निगम, जिला पुलिस प्रशासन, सरकार के उच्चस्थ अधिकारियों की भूमिका एवं घायल अधिवक्ताओं को उपचार के लिए वित्तीय सहायता को लेकर इस घटना की हाईकोर्ट के कार्यरत न्यायाधीश से जांच कराये जाने की भी आवाज उठायी गयी है। इसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कचेहरी परिसर में एसोसिएसन की आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में गोण्डा, फतेहपुर, प्रतापगढ़ समेत कई जिलों में अधिवक्ताओं की हत्याएं हुई है। उन्होने कहा कि इन हत्याओं को लेकर सरकार एक भी आरोपियों के घर बुल्डोजर नही भेज पायी। उन्होने कहा कि प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में यदि सरकार ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक पारित नहीं कराया तो एसोसिएसन तीसरे चरण में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा के जरिए प्रदेशव्यापी आंदोलन का फिर बिगुल बजाएगा। सभा की अध्यक्षता लखनऊ मण्डल अध्यक्ष आनंद त्रिपाठी व संचालन जिलाध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने किया। सभा को वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीकांत तिवारी, अंकित, जितेन्द्र शर्मा, टीपी त्रिपाठी, कौशलेंद्र वर्मा, महेन्द्र शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डीपी सिंह, विकास शर्मा, आनन्द दीक्षित, गिरीश मिश्र, अनीता वर्मा, सिमरन परवीन, जेके शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट–www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व0 वीना अस्थाना | भूखण्ड सं0- सी-2/50-के1 | विराज खण्ड, गोमती नगर | 23.04.2025 | 1. श्री प्रभात अस्थाना 2. श्री कीर्ति अस्थाना | रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर | पुत्र पुत्र |
| 2 | स्व0 चन्द्रेश्वर उपाध्याय | भूखण्ड सं0- सी-2/62 | विशेष खण्ड, गोमती नगर | 09.02.2009 | श्रीमती मीरा पाण्डेय | रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर | पुत्री |
| 3 | स्व0 बलवन्त सिंह बिष्ट (आवंटी) | भूखण्ड सं0- 1/995 | सेक्टर-1, गोमती नगर विस्तार | 20.11.2025 | 1. श्री भूपेन्द्र सिंह बिष्ट 2. श्री उमेश सिंह बिष्ट 3. श्रीमती ममता बिष्ट 4. नैमिष सिंह बिष्ट (संरक्षिका श्रीमती ममता बिष्ट) | उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र के अनुसार | भाई भाई पत्नी पुत्र |
| 4 | स्व0 प्रमोद कुमार शुक्ला एवं स्व0 श्रृद्धा शुक्ला (मृतक) | भवन सं0- L-1/418 | सेक्टर-बी, प्रियदर्शिनी योजना, लखनऊ | 26.05.2016 07.10.2025 | श्री पुनीत शुक्ला | 1. श्री अनुराग शुक्ला 2. जया शुक्ला 3. शशी शुक्ला 4. गरिमा 5. प्रतीक कुमार | पुत्र पुत्री पुत्रवधू पौत्री पौत्र |
| 5 | श्री सोमनाथ | भवन सं0-एल-109, सेक्टर-डी (रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर) | कानपुर रोड योजना | 19.02.2017 | 1. श्रीमती मंजू बहल 2. श्री आदित्य बहल 3. श्री रोहित बहल | -- | मृतक की पुत्रवधु मृतक का पौत्र मृतक का पौत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## भाजपा मंडल गगहा की मासिक बैठक संपन्न



गगहा, गोरखपुर। भाजपा गगहा मंडल की संगठनात्मक मासिक बैठक आरपीडी एकेडमी, करवल मझगावा में संपन्न हुई। बैठक में गत माह आयोजित विभिन्न संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी अखंड शाही ने कहा कि संगठन की शक्ति कार्यकताओं की सक्रियता और समर्पण में निहित है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जिला कार्यसमिति सदस्य संतोष चंद ने संगठन की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया।

मंडल अध्यक्ष अजीत वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। संगठन की मजबूती बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण से ही संभव है। इस अवसर पर मंडल प्रभारी अखंड शाही, जिला कार्यसमिति सदस्य संतोष चंद, मंडल अध्यक्ष अजीत वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष पंकज सिंह, मनोज सिंह, सुरेंद्र सिंह एवं राकेश सिंह, मंडल महामंत्री विनय शुक्ला एवं शशि भूषण राय, मंडल मंत्री लल्ला गौड़ एवं निरंकार साहनी सहित शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किशोरी लापता, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मानीराम में अपने बहन के घर गयी सत्रह वर्षिय किशोरी लापता हो गयी जानकारी होने परिजन काफी खोजबीन किये मगर सफलता न मिलने पर लिखित तहरीर देकर चिलुआताल पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के मिजार्पुर पचपेड़वा निवासी दीपक कुमार पुत्र इन्द्रजीत ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरी सत्रह वर्षिय बहन चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानीराम बहन के घर गयी थी। 2 जून को शाम करीब पांच बजे के आस पास कह कही चली गयी। देर रात तक घर न पहुचने पर परिजन काफी ढूढ़ने का प्रयास किये मगर कुछ सफलता न मिलने पर लिखित तहरीर देकर घटना से पुलिस को अवगत कराया।

## मंदबुद्धि किशोरी को बहला फुसला कर ले कर चले गये मां- बेटे केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के जं० बहादुर अली की रहने वाली मंद बुद्धि किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है माँ के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है स्थानिय थाना क्षेत्र ग्राम सभा जं० बहादुर अली निवासी सीमा देबी पत्नी स्व० मोहन ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि मेरी बेटी मानसिक रूप से बीमार है जिसका डाक्टर के वहाँ इलाज चल रहा है उसे 3 / 6 / 26 को दिन में जब मैं घर पर नही थी उसे आकाश एवं उसकी माँ फूलमती बहला फुसला कर लेकर चले गये काफी खोजबीन करने के पश्चात कुछ पता नही चला पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है

## दंपती की मौत

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के भोपा बाजार चौराहे पर शुक्रवार को हुए ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में रहा दस वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार कुशीनगर जनपद के थाना चौरा खास के पुरैना गांव निवासी 32 वर्षीय संतराज अपनी पत्नी 30 वर्षीय शीला देवी और 10 वर्षीय पुत्र संगम के साथ बाइक से अमडीहा स्थित अपने मौसा के घर आए थे। शुक्रवार को दिन में लगभग 11 बजे तीनों तरकुलहा देवी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक भोपा बाजार चौराहे पर पहुंची, तभी एक ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



गोरखपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीएम कार्यालय परिसर में एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार व सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार द्वारा पौधा लगाकर की गई। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। तो वही पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर में हरियाली बढ़ाना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा पौधा लगाकर की गई। इसके बाद क्षेत्राधिकारी कोतवाली, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने भी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण संरक्षण एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। यदि सभी लोग मिलकर छोटे-छोटे प्रयास करें, तो बड़े स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस पहल के माध्यम से जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए जागरूकता के साथ-साथ सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है।

## पिपराइच विधायक ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



चरगांवा, गोरखपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड चरगावां अंतर्गत ग्रामसभा जंगल धूषण स्थित पंचायत भवन के पूर्वी दिशा में स्थित अमृत सरोवर परिसर में पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने पौधारोपण किया तथा उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन के लिए स्वच्छ वायु, संतुलित पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की निरंतर जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल संरक्षण करने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि प्रकृति का संरक्षण ही मानवता की सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, खण्ड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह, सचिव वकील कुमार, जयराम निषाद, बबलू निषाद, शम्भू निषाद, लव पाण्डेय, मोनू कुमार सहित अन्य कई वरिष्ठ जन एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों की देखभाल का संकल्प लेते हुए ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




उन्नाव। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला सेवा योजन कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सेवा योजन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रीति चन्द्रा एवं सहायक सेवा योजन अधिकारी आस्था सिन्हा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय कर्मचारियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पौधरोपण में सहभागिता की। अधिकारियों ने कहा कि हर व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर किया गौ पालकों का सम्मान



असोहा (वीओएल)। क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ का जन्म दिन बड़े हर्षो उल्लास से मनाया गया। असोहा में भाजपा नेता संजय शुक्ल ने मुख्यमंत्री के 54वे जन्मदिन पर 54 गौपालकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। योगी के जन्म दिन के अवसर पर क्षेत्र के नीमतीकर चैपई अजयपुर, असोहा, निमैचा, रैनापुर, कन्दरपुर, शाहपुर दरसवां सहित दर्जनों गांवों से आए रामशंकर विवेक अवस्थी रामस्वरूप सुशील शुक्ल त्रिभुवन त्रिपाठी रामभरोसे अशोक तिवारी अनुज शुक्ल रामभरोसे सहित 54 गौपालकों को भाजपा नेता संजय शुक्ल ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी ने मुख्यमंत्री आदित्य नाथ के दीघार्यु जीवन की मंगल कामना की।

## दिव्यांग जन फाउण्डेशन की मासिक बैठक संपन्न



पाटन, उन्नाव। दिव्यांग जन फाउंडेशन की मासिक बैठक सुमेरपुर ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को आयोजित हुई, जिसमे आधा सैकड़ा दिव्यांग जनों ने प्रतिभाग किया। साइट सेवर्स के जिला कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार पांडे दिव्यांग जनों को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वावलंबी बनाने के उपायों को समझाया और अन्य योजनाओं को दिव्यांग जनों तक पहुंचाने हेतु कार्ययोजना बनाया। सामाजिक समावेशन कार्यक्रम अधिकारी कौशलेंद्र मिश्रा ने दिव्यांग जनों की सामाजिक सुरक्षा और समय में बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। दिव्यांग जन फाउंडेशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने संगठन के उद्देश्यों को समझाया और संगठन के महत्व को समझाया। दिव्यांग जन फाउंडेशन के सुधीर कुमार द्विवेदी और ब्लॉक अध्यक्ष सुमेरपुर आशीष कुमार सिंह, हिलौली मनोज कुमार, निर्मला पुरवा, दिनेश पाल सिकंदर पुर कर्ण, दिलीप सिंह बीघापुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल के एक्स-रे टेक्नीशियन पर लगे आरोपों की उच्चस्तरीय जांच होगी

उन्नाव। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने स्थानीय उन्नाव स्थिति जिला अस्पताल में तैनात एक एक्स-रे टेक्नीशियन पर रिश्वतखोरी एवं मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर भेजने संबंधी लगाए गए आरोपों को गंभीर मानते हुए प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को मामले की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। याची राम आसरे द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि जिला अस्पताल के एक्स-रे विभाग में तैनात टेक्नीशियन बेहतर एक्स-रे रिपोर्ट देने के नाम पर धन उगाही करता है तथा मरीजों पर अस्पताल के समीप स्थित एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में जांच कराने का दबाव बनाता है। याचिकाकर्ता का दावा था कि उक्त सेंटर का संचालन टेक्नीशियन के करीबी रिश्तेदार द्वारा किया जाता है। सुनवाई के दौरान राज्य के स्थाई अधिवक्ता की ओर से न्यायालय को बताया गया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच समिति गठित की जा चुकी है, लेकिन याचिकाकर्ता समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।

## गगहा ब्लॉक में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगे पौधे



मझगांवा, गोरखपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खण्ड गगहा मुख्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लाक प्रमुख शिवाजी चंद एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में ‖एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार व छायादार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख व ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष गोरखपुर शिवाजी चंद ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील कुमार यादव ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप ब्लॉक क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में भी लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष गगहा अजीत वर्मा ने अपने संबोधन में कहा, ₹पर्यावरण की रक्षा हम सभी का नैतिक दायित्व है। ‖एक पेड़ मां के नाम‖ सिर्फ अभियान नहीं, बल्कि मातृभूमि और जननी के प्रति सम्मान का प्रतीक है। हर नागरिक को संकल्प लेना चाहिए कि वह कम से कम एक पौधा लगाकर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दे। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री विनय शुक्ला, एपीओ विजय यादव, खण्ड प्रेरक अनिल कुमार गुप्ता, बड़े बाबू राजेश साहनी के साथ ब्लाक कर्मचारी अमरजीत कुमार, सुनील शाही, सुरेश प्रसाद, रामसुमेर राना, रामप्रकाश मोनू सहित ब्लॉक के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक-एक पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में रोपित पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी भी तय की गई।

## पशु तस्करों से मुठभेड़: फायरिंग-पथराव के बीच एक गिरफ्तार

### पिकअप पलटने से गोवंश की मौत, पुलिस की घेराबंदी में तस्कर फरार



गोरखपुर। पिपराइच थाना क्षेत्र में बीती रात पशु तस्करों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। एसओजी/स्वाट टीम और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। मौके से एक पिकअप, दो मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 4/5 मई 2026 की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि पशु तस्कर गोवंश को पिकअप में लादकर गोरखपुर से ले जाने की फिराक में हैं। सूचना पर सक्रिय हुई एसओजी/स्वाट टीम और थाना पिपराइच पुलिस ने सर्विलांस के जरिए ग्राम इस्लामपुर के पास घेराबंदी कर दी। पुलिस को देख तस्करों ने भागने की कोशिश की और इस दौरान दो राउंड फायरिंग व पथराव किया, जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की। भागने के दौरान तस्करों की पिकअप पलट गई। पिकअप में चार गोवंश लदे थे, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो गोवंश सुरक्षित मिले। बताया जा रहा है कि पिकअप बिहार नंबर की है।

घटना के बाद चलाए गए कांबिंग ऑपरेशन में पुलिस ने जनार्दन कनौजिया (लगभग 40 वर्ष), निवासी ग्राम मोहनपुर, थाना पिपराइच को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में मु0अ0सं0 226/2026 के तहत धारा 109 बीएनएस, गोवध अधिनियम की धारा 3, 5(क), 8 तथा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 में मुकदमा दर्ज किया है। अभियुक्तों में साहब अंसारी, राजित अंसारी, जनार्दन समेत 5-6 अज्ञात लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि सर्विलांस, एसओजी, स्वाट और थाना पिपराइच की टीमें मिलकर फरार तस्करों की तलाश में जुटी हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नपा कार्यालय ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



हिलौली/मौरावा। विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण किया गया। नगर अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ के द्वारा मोतेशवर मंदिर मे वृक्षारोपण किया गया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का जन्मदिन वृक्षारोपण कर मनाया गया। मौरावा नगर अध्यक्ष ने बताया कि पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी प्रकृति बचेगी तो जीव भी बचेगा हर एक नागरिक का दायित्व बनता है की मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करें। पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर आयोजित एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हमारे जीवन का आधार है स्वस्थ पर्यावरण भविष्य में आने वाली पीढियां के सुरक्षित कल के लिए हम सभी का कर्तव्य है अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनका संरक्षण करें। एक पेड़ मां के नाम प्रकृति के सम्मान में एक संकल्प ले। मौरावा नगर पंचायत में पेड़ लगाए गये इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता मदन चौरसिया रानू दीक्षित संजय पाल विवेक सोनी विंदा प्रसाद लोधी सेक्टर संयोजक प्रदीप चैरसिया सेक्टर संयोजक, मधुकर बाबू अरुण सरवन अमित शुभम सिंह सुनील सिंह भारत राजीव सिंह प्रिंस पाठक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय की ओर से कैम्प का आयोजन

- लगभग एक सैकड़ा लोगों ने कैम्प में शिरकत की
- कैम्प में निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया



इटावा। जिला पंचायत आयुर्वेदिक चिकित्सालय की ओर से मुहल्ला शाहगंज व चैखरकुआं में आयुर्वेदिक टीम द्वारा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें एक सैकड़ा लगभग मरीजों ने डा. कमल कुमार कुशवाहा को अपनी अपनी बीमारी से अवगत कराया जिसे बखूबी डा. कमल कुमार कुशवाहा ने महिला, पुरूष व बच्चों को देखा जिसमें वृद्ध पुरूष व महिलाओं ने डाक्टरों से अपनी बीमारी साझा की सभी लोग निशुल्क दवा पर खुश नजर आए। जिला पंचायत आयुर्वेदिक चिकित्सालय की ओर से मुहल्लों में कैम्प का आयोजन लगातार किया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे से लगभग साढ़े 12 बजे तक मरीजों को देखना व निशुल्क दवा वितरण कार्यक्रम चलता रहा। डा. कमल कुमार कुशवाहा प्रभारी चिकित्सालय अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ने अपनी टीम के शैलेन्द्र कुमार, सुशील कुमार व अन्य लोगों के साथ मुहल्ला शाहगंज व चैखरकुआं में आकर कैंप लगाया जिसकी मुहल्ले के लोगों ने काफी सराहना की। कैम्प को सफल बनाने में वयोवृद्ध मुश्ताक मुल्ला जी, बन्ने खां, पूर्व सभासद वलीउल्ला खां की सरपरस्ती में सपा नेता शारिक खां सहित मु. शाहिद, इकबाल राईन, फैसल, साईमा, ब्रहमा, कन्हैया, मुखिया, पंक्षी, नूरे नजर, शब्बन खां, सतीक मंसूरी, आमिर खां, अजीम खां नफीस आदि का काफी सहयोग रहा।

## पुलिस परीक्षा 8, 9 व 10 मई को



इटावा। जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा 8, 9 व 10 मई को होगी। जिसके संबंध में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सभी स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका व एसडीएम सदर को निर्देश दिए कि जनपद में अभ्यर्थियों के साथ उनके अभिभावकों के आने जाने से जनपद में भीड़ भाड़ होने के कारण बैन बसरों की सफाई अवश्य करा दी जाए ताकि अभ्यर्थियों के अभिभावक वहां पर आराम से रूक सके रैन बसरों की सूची रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व शहर के प्रमुख चैराहों पर चस्पा कर दी जाए जिससे उन्हें रैन बसेरे तक जाने में कोई दिक्कत न हो। केन्द्रों के आसपास साइन बोर्ड अवश्य लगाए जाए जिससे परीक्षार्थियों को केन्द्र ढूंढने में आसानी हो सके। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि जनपद में कुल 11 सेन्टर है लगभग 25 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे परीक्षा 10 से 12 व 3 से 5 दूसरी पाली में होगी। परीक्षा केन्द्र के अंदर कोई भी डिवाइस नहीं होनी चाहिए एवं नकलविहीन परीक्षा कराई जाए।

## नगर वन में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन





इटावा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत नगर वन, लायन सफारी रोड पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सदर विधायका सरिता भदौरिया एवं जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। अपने संबोधन में सदर विधायका ने कहा कि पूर्व में राजनीति में मुख्य रूप से वोटों की चर्चा होती थी, लेकिन वर्ष 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तथा वर्ष 2017 में प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उन विषयों पर भी गंभीरता से कार्य हुआ जिनका वोटों से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा एक पेड़ माँ के नाम का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस धरती पर मानव के आगमन से पहले वृक्ष, वनस्पतियाँ और जंगल अस्तित्व में थे। यदि पर्यावरण सुरक्षित नहीं रहेगा तो जीवन भी सुरक्षित नहीं रह सकेगा। वृक्ष निरंतर ऑक्सीजन प्रदान करते हैं तथा मानव जीवन के पालन-पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पौधरोपण कर अभियान का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। जनपद में आज वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगभग 5.50 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी कोमल पुनिया ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी देखभाल एवं संरक्षण की जिम्मेदारी भी हम सभी को निभानी होगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, कृपानारायण तिवारी, संजीव भदौरिया, समस्त जनप्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपरजिलाधिकारी बिपिन कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सामाजिक निदेशक वानिकी विकास नायक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी व एनसीसी के छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## योगी आदित्यनाथ का 54 वां जन्मदिन मना




इटावा। सीएम योगी आदित्यनाथ महाराज के 54 वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों संग केक काटकर एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म 5 जून 1972 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के पंचूर गांव में गढ़वाली राजपूत परिवार में हुआ। इनके पिता का नाम स्वर्गीय आनन्द सिंह बिष्ट और माता का नाम सावित्री देवी है। सात भाई-बहनों में वे पांचवां स्थान रखते हैं। उन्होंने 22 साल की उम्र में सांसारिक मोह-माया छोड़ दी और योगी बन गए। 26 साल के उम्र में लोकसभा चुनाव जीतकर इनके राजनीतिक करियर की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश यादव, सभासद पूनम पांडेय, जिलामहामंत्री सतेंद्र राजपूत, जितेंद्र गौड़, हरनाथ कुशवाह, जिलाउपाध्यक्ष विरला शाक्य, कृपानारायण तिवारी, बासु चैधरी, अमित तिवारी, संजीव भदौरिया, जिलामंत्री सुरेश राजपूत, मधु तोमर, अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, समीर सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विमलेश शाक्य, मोनू चैहान, जफर अंसारी, शिवाकांत दुबे, प्रभात चैधरी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए करें पौधरोपण




इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर स्थित शाखा कार्यालय पर संगोष्ठी हुई जिसमें समाज के प्रत्येक नागरिक से पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन के प्रति सक्रिय दायित्वनिर्वहन करने की अपील की गई। संगोष्ठी का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्पार्पण कर वंदे मातरम्गीत के साथ हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शाखा के वरिष्ठ सदस्य विनोद त्रिपाठी ने कहा कि प्रकृति प्रत्येक जीव का समान रूप से पोषण करती है, तो हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य और संतुलन बनाकर पर्यावरण की रक्षा और उसके संवर्धन का दायित्व निभाएं। जिले के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी रहे डा. जेके तिवारी ने कहा कि केवल पेड़ लगाना ही काफी नहीं है, उन्हें पुष्पित पल्लवित होने तक उनका संरक्षण भी किया जाना जरूरी है। पूर्व प्रधानाचार्य कृष्णकुमार यादव ने कहा कि प्राइमरी शिक्षा स्तर पर ही बच्चों में पर्यावरण की रक्षा के संस्कार दिए जाने चाहिए ताकि वे आगे चलकर एक जिम्मेदार नागरिक बनें। शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित ने वृक्षारोपण आदि आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रांतीय दायित्वधारी केके त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया। संचालन आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने किया। गोष्ठी में शाखा के सचिव महेश कुमार बाथम, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, कौशल चंद्र चतुर्वेदी, सुधीर मिश्र, प्रशांत तिवारी ने भी विचार रखे। अंत में सभी ने राष्ट्रगान गाया।

संक्षेप

## विधायक ने कंदब का पेड़ लगाकर शुभारंभ किया



मोहम्मदी खीरी। विश्व पर्यावरण दिवस पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया उन्होंने निर्धारित लक्ष्य लगभग 9 हजार को हासिल करने के लिए सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही हैं। शुक्रवार को आयोजित दिवस का शुभारंभ कस्बा की छोटी देवी मंदिर पर विधायक,रेंजर निर्भय प्रताप शाही,डिप्टी रेंजर मोहम्मद उमर, वन दरोगा अखिलेश सिंह,मित्र पाल तोमर,पंकज कुमार,रोहित श्रीवास्तव समेत सभी स्टाफ कर्मियों ने संयुक्त रूप से जनप्रतिनिधि के साथ संयुक्त रूप से कदंम्ब का पौध रोप कर शुभारंभ किया ।इसके बाद उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त विद्यालय सरस्वती अस्तल मंदिर में नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया,अतुल रस्तोगी मनोज गुप्ता के साथ पौध रोप कर जनता से एक पेड़ मां के नाम रखने की अपील की है।

## बाइक चालक को अज्ञात वाहन चालक ने रौंदा मौत

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे के पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार को अज्ञात वाहन हन ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया था।पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पुलिस के अनुसार थाना सिधौली जिला शाहजहांपुर निवासी संदीप 19 वर्षीय अपनी बाइक से गुरुवार को गांव तेंदुआ ननिहाल में आया था जहां पीर बाबा की मजार पर आयोजित उर्स मेला को देखकर घर वापस जाते समय रात 1 0 बजे करीब उसकी बाइक हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर रौंद दिया जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए चालक गंभीर रूप से घायल हो गया डायल 112 की सूचना पर एस आई रामचंद्र टीम के साथ मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस से इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया उसके पास मिले दस्तावेज से परिजनों को सूचना दी गई उनके पहुंचने पर शुक्रवार को सुबह शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## टैंकर की टक्कर से युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अलीगंज रोड पर गुरुवार रात हुए सड़क हादसे में एक साइकिल सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। शहर से सटे मोहल्ला पुनर्भूग्रंट निवासी अर्जुन लाल का 32 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार साइकिल से कहीं जा रहा था। इसी दौरान अलीगंज रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट तेज रफ्तार टैंकर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में इलाज के दौरान नीरज कुमार ने दम तोड़ दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया।

## युवक को लाठी-डंडों से पीटा

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के मलिहाबाद चैराहे पर शुक्रवार को पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि आरोपियों ने उसकी बाइक और मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त कर दिए।कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के धापूपुर गांव निवासी सुरेश ने बताया कि पकरिया गांव का संदीप उसके घर दूध लेने आता था। आरोप है कि संदीप घर की महिलाओं पर गलत नजर रखता था। इसका विरोध करने पर बृहस्पतिवार को दोनों के बीच विवाद हुआ था।सुरेश ने इस संबंध में कोतवाली देहात थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

# सीडीओ ने गांव का किया निरीक्षण

## कमी मिलने पर वेतन रोकने के दिए निर्देश



लखीमपुर खीरी। ग्राम प्रधानों के कार्यकाल समाप्त होने से ठीक पहले हुए पंचायतों के भारी-भरकम भुगतान अब जांच के घेरे में हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने मई माह के भुगतान की समीक्षा के बाद कई ग्राम पंचायतों को रडार पर ले लिया है।इसी कड़ी में उन्होंने ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत मनिकापुर में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। निरीक्षण के दौरान गांव की हालत देखकर सीडीओ खुद सख्त नजर आए। जगह-जगह फैली गंदगी, बदहाल जल निकासी व्यवस्था और महीनों से निष्क्रिय पड़ी पाइपलाइन ने विकास कार्यों की हकीकत बयां कर दी। टंकी कनेक्शन न मिलने पर संबंधित विभाग को कड़ी फटकार भी लगाई गई।इसी बीच करीब पांच लाख रुपये की लागत से बने चबूतरे पर भी सवाल खड़े हो गए।कार्य की गुणवत्ता और वास्तविकता पर संदेह जताते हुए सीडीओ ने तकनीकी टीम से पुनः माप और जांच कराने के निर्देश दिए। दो दिन में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी हिमांशु वाजपेई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, साथ ही जांच पूरी होने तक उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।यदि अनियमितता सिद्ध होती है तो निलंबन तय माना जा रहा है।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि पंचायतों में हुए कार्यों और भुगतानों की जांच का अभियान लगातार जारी रहेगा। सरकारी धन के दुरुपयोग और गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी नियमों की दी जानकारी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।शहर के एक गेस्ट हाउस में राज्य कर विभाग की ओर से व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें व्यापारियों को जीएसटी से जुड़े विभिन्न प्रावधानों, नियमों और कर अनुपालन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों को नवीनतम कर व्यवस्थाओं से अवगत कराना तथा कर प्रणाली को अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाना था। कार्यक्रम में उपायुक्त कुंवर मृत्युंजय, सहायक आयुक्त चंद्रभानु सरोज, सहायक आयुक्त अरविंद कुमार तथा राज्य कर अधिकारी बैजनाथ ने व्यापारियों को संबोधित किया। अधिकारियों ने समय से जीएसटी रिटर्न दाखिल करने, ई-वे बिल, इनवॉइस व्यवस्था, कर भुगतान एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए व्यापारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। अधिकारियों ने कहा कि कर नियमों का पालन करने से न केवल व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रहती हैं, बल्कि अनावश्यक कानूनी परेशानियों से भी बचा जा सकता है।उन्होंने व्यापारियों से डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाने और समयबद्ध तरीके से कर संबंधी दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। कार्यक्रम में दौलत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, दिनेश गुप्ता (दिन्नू), देवराज भसीन, सुधीर कोहली, सुभाष मिश्रा, राजेश आनंद मिन्नी, विजय माहेश्वरी, पंकज कोहली, पंकज गुप्ता, राजेश गुप्ता, अहमद रशीद, नूर मोहम्मद, सौरभ टंडन, राजेंद्र यादव, नीरज माहेश्वरी, दिलीप जायसवाल, अवधेश जायसवाल, गौरव वर्मा, सत्येंद्र पुरवार, अनुज गुप्ता, अजय कुमार तिवारी, हरदीप सिंह मग्गू, सचिन रस्तोगी, पंकज राजपूत सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर दुधवा में कार्यक्रम



पलियाकलां खीरी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी में जनजागरुकता हेतु जगदीश, आर0 उपनिदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के निर्देशन में समस्त रेंजों के साथ-साथ दुधवा पर्यटन परिसर में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर पलिया क्षेत्रों के बल्देव वैदिक इण्टर कालेज, पलिया, गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल पलिया, कैमुना शिक्षण संस्थान, विशेनपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया।इस अवसर पर श्री महावीर सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा, दीपक कुमार पाण्डेय, उप प्रभागीय वनाधिकारी, बेलरायां की उपस्थिति में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में रुपरीत कौर को प्रथम, कु0 खुशी कुशवाहा, कैमुना शिक्षण संस्थान को द्वितीय एवं मो0 अयाज बल्देव वैदिक इण्टर कालेज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 3डी माडल प्रतियोगिता में अनन्य अग्रवाल एवं जय अग्रवाल गोल्डन फ्लावर स्कूल को प्रथम, रागिनी वर्मा एवं बजरंगी मौर्या कैमुना शिक्षण संस्थान को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।मिट्टी से पृथ्वी या पृथ्वी के परिदृष्य से सम्बन्धित कलाकृति निर्माण प्रतियोगिता में आदर्श श्रीवास्तव, गोल्डन फलावर स्कूल को प्रथम विराज मौर्य बल्देवी वैदिक इण्टर कालेज को द्वितीय एवं इशिका वर्मा, कैमुना शिक्षण संस्थान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वाद-वाद प्रतियोगिता में मो0 अयाज, बल्देव वैदिक इण्टर कालेज प्रथम, अनन्या अग्रवाल, गोल्डन फ्लावर स्कूल पलिया को द्वितीय एवं काजल कनौजिया, कैमुना शिक्षण संस्थान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## एक ही रात में दो घरों में चोरी, नकदी व जेवरात ले उड़े चोर



धौरहरा खीरी। कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के कफारा गांव में बुधवार देर रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर नकदी, जेवरात और घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना से गांव में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, कफारा गांव निवासी दुर्गेश पुत्र राजेश तथा सुधांशु पुत्र शिवपूजन के घरों में रात करीब दो से तीन बजे के बीच अज्ञात चोर घुस गए। चोरों ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, घरेलू सामान तथा करीब 20 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। सुबह परिवार के लोगों की नींद खुलने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। पीड़ितों ने कफारा चौकी पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने पीड़ितों को जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन दिया है। एक ही रात में दो घरों में हुई चोरी की वारदात से क्षेत्र में पुलिस गश्त पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाये पौधे



सीतापुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को जनपद भर में ह्यह्यएक पेड़ मां के नामह्यह्य अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।सामाजिक वानिकी वन प्रभाग एवं जिला गंगा समिति द्वारा नैपालापुर स्थित सैन्य भूमि पर आयोजित कार्यक्रम में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, एमएलसी पवन सिंह चैहान तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि अधिकाधिक वृक्षारोपण से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार ह्यह्यएक पेड़ मां के नामह्यह्य अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में आम, आंवला, बहेड़ा, कनकचंपा समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उधर सकरन ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता एवं ब्लॉक प्रमुख मिथलेश कुमारी वर्मा ने आम का पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। एसबीआई सांडा शाखा में भी अधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मेरा युवा भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सैक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने पौधरोपण के साथ चित्रकला, फोटोग्राफी और स्पेल बी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रमों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का आह्वान किया गया।

## मंत्री सुरेश राही ने कान्हा गौशाला में किया पौधरोपण



सीतापुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरगांव नगर पंचायत स्थित कान्हा गौशाला परिसर में ह्यएक पेड़ मां के नामह्य अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री एवं हरगांव विधायक सुरेश राही ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान मंत्री ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण में गौशाला की व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए उन्होंने अधिकारियों की सराहना की तथा सभी कार्य शासन की मंशा के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान, खंड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी, भाजपा नेता उदित बाजपेयी, मंडल अध्यक्ष पंकज शुक्ल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सभासद, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

# विवाद में चाचा ने ली भतीजे की जान

निघासन खीरी।कोतवाली क्षेत्र के तारा नगर गांव में गुरुवार देर रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। आबादी की महज तीन फीट जमीन के विवाद में दो चाचाओं ने अपने ही 8 वर्षीय भतीजे की मां के सामने गला रेतकर हत्या कर दी।

बेटे को बचाने की कोशिश करने पर मां पर भी चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई।जानकारी के अनुसार, तारा नगर निवासी ज्ञानवती का अपने देवरों सियाराम और हरेराम से करीब तीन फीट जमीन को लेकर पिछले 15 दिनों से विवाद चल रहा था। गुरुवार रात ज्ञानवती अपने पुत्र रवि (8) के साथ घर में सो रही थीं, जबकि उनकी सास जयश्री भी पास में मौजूद थीं।रात करीब दो बजे ज्ञानवती को घर में किसी की आहट सुनाई दी।टॉर्च की रोशनी में उन्होंने देखा कि उनके चचेरे देवर सियाराम और हरेराम बेटे के पास खड़े हैं। आरोप है कि इससे पहले कि वह कुछ समझ पातीं, सियाराम ने उन्हें पकड़ लिया और हरेराम ने सो रहे मासूम रवि के गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।गंभीर चोट लगने से बच्चे की मौके पर ही हालत बिगड़ गई।ज्ञानवती ने बेटे को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन पर भी चाकू से कई वार किए, जिससे उनकी गर्दन और दाहिना हाथ घायल हो गया।हमले के दौरान उनके कपड़े भी फट गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग जुटने लगे, जिसके बाद आरोपी मारपीट करते हुए मौके से फरार हो गए।परिजन आनन-फानन में घायल मां-बेटे को एंबुलेंस से अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में रवि ने दम तोड़ दिया।मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही निघासन पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## घर में घुसकर 8 वर्षीय मासूम की निर्मम हत्या

लखीमपुर खीरी।थाना निघासन क्षेत्र की झंडी चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग के मजरा तारानगर में गुरुवार की बीती रात एक मासूम की हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर सो रहे 8 वर्षीय मासूम की धारदार हथियार से हत्या कर दी।घटना के दौरान बच्चे को बचाने का प्रयास करने पर उसकी मां पर भी हमला किया गया।इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।मृतक बालक की पहचान रवि कुमार (8 वर्ष) पुत्र प्रसाद निवासी तारानगर के रूप में हुई है।बताया जाता है कि घटना के समय रवि अपनी मां के साथ घर में सो रहा था।देर रात करीब 1 बजे कुछ अज्ञात हमलावर घर में घुस आए और सो रहे मासूम के गले पर चाकू से वार कर दिया।अचानक हुए हमले से बच्चे की मां की आंख खुल गई।उन्होंने हमलावरों को पकड़ने और बेटे को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया।हमले में महिला घायल हो गई, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।घटना के बाद परिवार और आसपास के लोगों में चीख-पुकार मच गई।सूचना मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंच गए।परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।मृतक के ताऊ ने बताया कि परिवार का गांव के कुछ लोगों के साथ लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। उन्होंने आशंका जताई है कि इसी रंजिश के चलते इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया हो सकता है।हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# नैमिषारण्य को विश्वस्तरीय तीर्थ बनाने की कवायद तेज



सीतापुर।विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थस्थल नैमिषारण्य धाम को विश्वस्तरीय धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने कदम तेज कर दिए हैं।जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद की बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं, आधारभूत सुविधाओं और तीर्थयात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नैमिषारण्य देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए पहुंचते हैं।ऐसे में तीर्थयात्रियों को उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं विकास कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।बैठक में चक्रतीर्थ, ललिता देवी मंदिर, हनुमानगढ़ी, व्यास गद्दी और मनु-सतरूपा तपस्थली सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुविधाओं की समीक्षा की गई। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, यात्री सहायता केंद्र, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा प्रबंधों को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी और पर्यावरण संरक्षण संबंधी योजनाओं पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों के साथ नैमिषारण्य की धार्मिक एवं प्राकृतिक विरासत का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए।

## प्रधानमंत्री आवास के नाम पर ठगी का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के वार्ड संख्या 19 के सभासद राजेश अवस्थी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लोगों से कथित अवैध वसूली और ठगी किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सभासद द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि मरघट रोड निवासी एक व्यक्ति अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहा है। आरोप है कि पात्र लाभार्थियों से आवास स्वीकृत कराने, कॉलोनी निरस्त होने से बचाने तथा योजना से जुड़े अन्य कार्यों के नाम पर धन उगाही की जा रही है।

तहरीर में कहा गया है कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों का सत्यापन एवं फोटो अपलोड करने का कार्य नगर पालिका के अधिकृत जेई को सौंपा गया है। इसके बावजूद कुछ लोग किसी माध्यम से मोबाइल एप हासिल कर लाभार्थियों के घरों पर पहुंच रहे हैं और फोटो खींचने व प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर धन वसूल रहे हैं। सभासद राजेश अवस्थी का आरोप है कि उन्होंने संबंधित लोगों को कई बार इस प्रकार की गतिविधियां बंद करने के लिए समझाया, लेकिन इसके बावजूद वे नगर क्षेत्र में लोगों को भ्रमित कर आर्थिक लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों एवं उनके सहयोगियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## मिश्रिख में चंगाई सभा पर पुलिस का शिकंजा! धर्मांतरण के आरोप में संचालक समेत 20 हिरासत में



सीतापुर। मिश्रिख कस्बे में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कथित धर्मांतरण गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने वार्ड नंबर-3 स्थित एक मकान में चल रही प्रार्थना सभा पर छापा मार दिया। कार्रवाई के दौरान सभा संचालक समेत 15 से 20 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई। पुलिस को मौके पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए कई लोग भी मिले, जिसके बाद पूरे इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। पुलिस जांच में सामने आया कि सभा का संचालन करने वाला सुरेंद्र सिंह मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले का निवासी है। उसने वर्ष 2015 में ईसाई धर्म स्वीकार किया था और पिछले करीब तीन वर्षों से मिश्रिख में रह रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वह गरीब, बीमार और जरूरतमंद लोगों को चंगाई एवं राहत का भरोसा देकर अपने संपर्क में लाता था। मकान मालिक के परिवार का कहना है कि पहले यहां कम लोग आते थे, लेकिन पिछले कुछ महीनों से प्रार्थना सभा में शामिल होने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही थी। कई बार मकान खाली करने को कहा गया, लेकिन किरायेदार ने मकान नहीं छोड़ा। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह के मुताबिक मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर से गांव तक गूंजा हरियाली का संदेश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और उद्योगों द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जगह-जगह पौधे रोपे गए और लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा हरियाली बढ़ाने का संकल्प दिलाया गया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू एवं भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार के नेतृत्व में सीजीएन पीजी कॉलेज गेट पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद पालिका सभागार में पर्यावरण संरक्षण विषयक गोष्ठी हुई। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि कोरोना काल ने ऑक्सीजन और पर्यावरण के महत्व को पूरी दुनिया के सामने उजागर किया है। उन्होंने अधिक से अधिक छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का आह्वान किया। भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यएक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए पौधों की नियमित देखभाल पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उधर, पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम न्यायालय की न्यायाधीश प्रियंबदा लाल ने बार महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी एडवोकेट के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान मनोज कुमार शुक्ला, रजनी सिन्हा, खदीजा जमाल, सविता बाजपेयी, शिवांगनी शुक्ला, कुसुम सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, गोला चीनी मिल परिसर में ह्लएक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र ने पीपल का पौधा रोपकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख भूपेंद्र सिंह, पी.एस. चतुर्वेदी, जोनल हेड एचआर अजीत तिवारी, गन्ना विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैंपस कृषि महाविद्यालय, जमुनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-6 के तत्वावधान में संगोष्ठी, पोस्टर प्रदर्शन और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण, स्वच्छता और जल संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा।

## पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय साहबगंज रेहरिया में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सरिता वर्मा ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वृक्ष न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और हर वर्ष पौधारोपण करने का संकल्प लिया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## पंचायत भवन बना भ्रष्टाचार का स्मारक!

संदना/सीतापुर। विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत भाऊपुर में पंचायत भवन और बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण में भारी अनियमितताओं और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत भवन परिसर में बनाई गई बाउंड्री वॉल का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। दीवार के कई हिस्सों में प्लास्टर और पेंटिंग तक नहीं की गई है, जबकि पीछे की ओर ईंटें खुली दिखाई दे रही हैं। निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाउंड्री वॉल के ऊपर डाली गई कंक्रीट की परत बेहद कमजोर और असमान दिखाई दे रही है, जिससे निर्माण की मजबूती पर संदेह पैदा हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया और जिम्मेदार अधिकारियों ने भी निगरानी में गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी धन से कराए जा रहे कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित होनी चाहिए, लेकिन भाऊपुर में स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में यह निर्माण किसी बड़े नुकसान का कारण बन सकता है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में जगह-जगह रोपे गये पौधे

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प





**सुलतानपुर (वीओएल)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पूरे जनपद में पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, सरकारी विभागों तथा स्वयंसेवी संगठनों ने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान हजारों लोगों ने पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया।नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गोराबारिक स्थित नवीन वर्कशॉप परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ए.के. सिंह, संयुक्त सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधाकर सिंह सहित अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पौधरोपण किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पिछले वर्ष नगर क्षेत्र में लगभग 16 हजार पौधे लगाए गए थे, जिनमें से 90 प्रतिशत पौधों का संरक्षण सुनिश्चित किया गया है।इस वर्ष भी नगर क्षेत्र में 10 हजार से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे। इसी क्रम में संत तुलसीदास पीजी कॉलेज, कादीपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राम नयन सिंह ने छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा प्रकृति और जैव विविधता की रक्षा का संकल्प कराया। वहीं राणा प्रताप पीजी कॉलेज में भी एनएसएस की इकाइयों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पयागीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की पांचों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह ह्यराणाह्ल ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के दौर में वृक्ष मानव जीवन के सबसे बड़े संरक्षक हैं। कार्यक्रम के दौरान आम, पीपल, बरगद, जामुन और आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

**पुराने वृक्षों को बचाने पर दिया गया जोर :** विश्व हिन्दू महासंघ के जिला अध्यक्ष एवं गोमती मित्र मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने कहा कि केवल पौधरोपण ही नहीं, बल्कि पहले से लगे वृक्षों का संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार परिवार के सदस्य की देखभाल की जाती है, उसी प्रकार लगाए गए पौधों की भी देखरेख करनी चाहिए।उनके नेतृत्व में सीताकुंड धाम, अमहट और गनपत सहाय पीजी कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

**आरसेटी में पर्यावरण जागरूकता के साथ प्रशिक्षण का शुभारंभ**

बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, इटकौली में हमारी जमीन, हमारा भविष्य थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा और एनआरएलएम के अधिकारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही बकरी पालन प्रशिक्षण का भी शुभारंभ किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक की सतत जिम्मेदारी है।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं ने लिया संकल्प :** विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि यदि आज प्रकृति की रक्षा नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

## डीएम, एसपी व सीडीओ नें किया पौधरोपण

**रायबरेली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम सरनीत कौर ब्रोका, एसपी रवि कुमार एवं सीडीओ अंजुलता द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान सभी अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। डीएमने इस अवसर पर कहा कि पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को शुद्ध एवं संतुलित बनाए रखना है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक



व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। एसपीएवं सीडीओ ने भी पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और इनका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके पश्चात डीएम ने विकास खण्ड राही अंतर्गत ग्राम कटिहार ( भांव ) में भी पौधरोपण किया तथा पौधरोपण स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस अवसर पर एडीएम ( प्रशासन ) सिद्धार्थ, एडीएम ( न्यायिक ) विशाल यादव, एसडीएम सदर गौतम सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वर्ण सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## मंत्री मनोज कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ



**रायबरेली।** मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के विकास खण्ड राही अंतर्गत ग्राम कटिहार में 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के तहत वृक्षारोपण कर वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी माताजी के नाम एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री ने कहा कि देश में आज प्रधानमंत्री के आहवान पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारम्भ हुआ है, जिसका आज मुझे शुभ अवसर मिला है और मैने अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाकर जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मै लोगों से आहवान करता हूँ अपने जनपद के लोगों से अपने क्षेत्र के लोगों से कि इस दिन को यादगार बनाये और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। अपनी माँ के नाम पौध रोपण कर उनकी नियमित देखभाल करें यह हमारा अपनी माँ के प्रति सम्मान होगा। डीएफओ प्रखर मिश्र ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में वृहद वृक्षारोपण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके अन्तर्गत आज जनपद के विभिन्न स्थानों पर लगभग 8 लाख पौधे रोपित कराये जायेंगे। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी उबैर्दुरहमान, जिला युवा अधिकारी वर्तिका सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी व एनसीसी के छात्र/छात्राएं तथा क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सकुशल कराने को बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उ०प्र० पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को शुचितापूर्ण, नकलविहीन, निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा 08, 9 व 10 जून 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पाली में प्रथम पाली समय प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक व द्वितीय पाली समय अपरान्ह 3 से 5 बजे तक जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। जनपद में प्रत्येक पाली में कुल 3744 प्रत्येक दिवस दो पाली तीनों दिवस में अर्थात 06 पाली की कुल संख्या 22464 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। प्रश्नगत परीक्षा के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं परीक्षा को शुचिता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। परीक्षा केन्द्र पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केन्द्रों की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ससमय अवश्य कर लेंगे और परीक्षा दिवस पर परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व कम से कम 03 घंटा पहले अनिवार्य रूप से पहुंच जायेगें। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग, सी०सी० टी०वी० कन्ट्रोल रूम इत्यादि का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर यह सुनिश्चित कराया लिया जाये कि जहां पर अभ्यर्थियों की चेकिंग की जाएगी वहां पर छायादार स्थान हो, और पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था हो। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर का भ्रमण कर आवागमन के मार्गों तथा विशेष परिस्थितियों में प्रयुक्त होने वाले वैकल्पिक मार्गों की जानकारी ससमय अवश्य कर लें। सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा के दौरान केन्द्र व्यवस्थापक से समन्वय बनाते हुए परीक्षा केन्द्र पर समस्त व्यवस्थाएं एवं औपचारिकताएं पूर्ण करायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ) सिद्धार्थ, जिला प्रबंधन परीक्षा संचालन डॉ0 श्रीकांत उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## कशिश फातिमा का अंपायरिंग में चयन




**सुलतानपुर (वीओएल)।** 5 से 7 जून के मध्य एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च बरेली उत्तर प्रदेश में टेबल टेनिस टूनामेंट का आयोजन हो रहा है जिसमें जिले से आरिफ नियाज अंतरराष्ट्रीय अंपायर पूजा यादव, आर्यन पाण्डेय,कशिश फातिमा को सुल्तानपुर की तरफ से रेफरी के लिए चयनित किया गया है कशिश फातिमा को जिले से पहली बार अंपायरिंग के लिए नामित किए जाने पर अध्यक्ष कुमार विनीत श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉ रवि त्रिपाठी, क्रीडाधिकारी राजेश सोनकर टेबल टेनिस सचिव मो0 सईद मुनेन्द्र मिश्रा नेशनल खिलाड़ी रेशमा बानो आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**रायबरेली।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने रायबरेली के हरचंदपुर ब्लॉक के लोहानीपुर में आयोजित तकिया मैदान में ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा ऐसे टूर्नामेंट से खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा का निखारने का अवसर मिलता है और शरीर स्वस्थ रहता है। भाईचारे का संदेश ऐसे आयोजनों से मिलता है। पहला मैच अशानंदपुर टीम और वकार हैदर टीम के बीच खेला गया।जिसमें वकार हैदर टीम ने आशानंदपुर टीम को 10 रन से हराकर विजय हांसिल की। इससे पहले आयोजकों ने श्री सिंह का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मो. अल्लन, लवकुश मौर्य, मो. शहजादे, कप्तान सिंह, सिराज अहमद, मनोज मौर्य,रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## सूखते जल स्रोत और घटती छांव पर उठायी आवाज

**जौनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोशल फोरम के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर जनपद में बढ़ते पर्यावरणीय संकट, सूखते जल स्रोतों और घटती हरियाली पर चिंता व्यक्त की। संगठन ने जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों को देखते हुए प्रशासन से ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाने की मांग की।ज्ञापन में कहा गया है कि जौनपुर में पिछले कुछ वर्षों के दौरान भीषण गर्मी, अनियमित वर्षा, गिरते भूजल स्तर और सिकुड़ते पारंपरिक जल स्रोत पर्यावरणीय संकट का संकेत हैं। कभी जल संचयन और जैव विविधता के केंद्र रहे कई तालाब, पोखरे और जलाशय आज अतिक्रमण, प्रदूषण और उपेक्षा का शिकार हैं। नगर में छायादार वृक्षों की कमी का मुद्दा उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि शहर की अधिकांश प्रमुख सड़कों के किनारे ऐसे वृक्ष नहीं हैं जो राहगीरों को गर्मी से राहत दे सकें। भीषण गर्मी के दौरान पैदल चलने वाले नागरिकों, छात्रों, बुजुर्गों और श्रमिकों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। हाल के दिनों में जेसीज चैराहे के पास यूनियन बैंक के सामने स्थित एक पुराने छायादार वृक्ष को भी काट दिए जाने का उल्लेख करते हुए संगठन ने शहर में सुनियोजित वृक्षारोपण अभियान चलाने की आवश्यकता बताई।फोरम ने मांग की कि नगर क्षेत्र की प्रमुख सड़कों का सर्वे कर ऐसे स्थानों को चिह्नित किया जाए जहां छायादार वृक्ष लगाए जा सकें। साथ ही पीपल, बरगद, नीम, पाकड़ और अर्जुन जैसी स्थानीय प्रजातियों के वृक्षों के रोपण एवं संरक्षण के लिए विशेष योजना बनाई जाए।ज्ञापन में गोमती, सई तथा अन्य नदियों में बढ़ते प्रदूषण पर भी चिंता व्यक्त की गई। संगठन ने प्रमुख तालाबों और जलाशयों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी नियंत्रण, हरित क्षेत्रों को अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा जिला स्तरीय क्लाइमेट एक्शन प्लान तैयार करने की मांग उठाई।

## कटका क्लब ने जगायी हरित चेतना



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** कटका क्लब सामाजिक संस्था एवं वन विभाग सुलतानपुर के संयुक्त तत्वावधान में संस्था के स्थापना दिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री सुभाष इंटर कॉलेज, पलिया में शुक्रवार पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कटका क्लब के प्रदेश प्रभारी ऋषभदेव शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक राजबाबू उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कटका क्लब के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र शिवनम्रश ने कहा कि संस्था पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, पक्षी एवं जल संरक्षण के साथ सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश मंत्री शिव कुमार तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी पेंटिंग और निबंधों के जरिए प्रकृति संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया। प्रदेश प्रभारी ऋषभदेव शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी जयसिंहपुर, वन दरोगा बेचूलाल, शिक्षक साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा, वीर विक्रम सिंह, कथावाचक शनि मिश्र, अनमोल अग्रहरि सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## केक काटकर मनाया गया सीएम योगी का जन्मदिन, गरीबों में बांटी चाय-बिस्किट



**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला के नेतृत्व में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। लालगंज अटल चैक गांधी चैराहे पर कार्यकताओं ने केक काटा और राहगीरों व गरीबों में चाय-बिस्किट का वितरण किया।

प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश गुंडा मुक्त, भय मुक्त हुआ है। उन्होंने यूपी को विकास और सुशासन की नई पहचान दी है। उनका जीवन गरीबों और वंचितों की सेवा को समर्पित है। इसलिए हमने उनका जन्मदिन गरीबों की सेवा कर मनाया। ईश्वर से उनके दीघार्यु होने की कामना करते हैं।

कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर अविनाश सिंह और सैनिक प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक राजेश सिंह फौजी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जीवन संत और कुशल शासक का अद्भुत संगम हैं। उन्होंने माफिया राज खत्म कर प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया है। भाजपा नेता राम प्रताप सिंह ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा और युवाओं के रोजगार के लिए योगीजी ने ऐतिहासिक काम किए हैं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ,कैलाश बजपेई ने कहा कि योगी जी हर भाजपा कार्यकर्ता के प्रेरणास्रोत हैं। उनकी कार्यशैली से हम सभी को सीखना चाहिए। इसअवसर पर प्रोफेसर अरुण कुमारसिंह,मंडल महामंत्री सतेंद्र बहादुर सिंह, शिवम गुप्ता,सुरेंद्र गुप्ता, भाजपा पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन,अखिलेश बाजपेई, ब्रम्हेंद्र विक्रमसिंह, श्याम प्रसाद दीक्षित, शीतला सविता, डॉ अवधेश , वीरेंद्र यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय दूतावास फ्रांस में तैनात पवन मिश्रा को एयर चीफ मार्शल ने किया सम्मानित

**नसीराबाद, रायबरेली।** विकास खण्ड छतोह के ग्राम कनकपुर गांव निवासी पवन कुमार मिश्रा को उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, लगन और निष्ठा के लिए भारतीय वायु सेना द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान भारतीय वायु सेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह ( एयर चीफ मार्शल ) द्वारा प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार पवन कुमार मिश्रा वर्तमान में फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास में एडजुटेंट के पद पर कार्यरत हैं। हाल ही में एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह के तीन



दिवसीय फ्रांस दौरे के दौरान पवन मिश्रा की कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को देखते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पवन मिश्रा की इस उपलब्धि से उनके पैतृक गांव कनकपुर सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके चाचा अरविंद कुमार मिश्रा ने इस सम्मान पर भारतीय वायु सेना तथा सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके परिवार के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि पवन की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।इस अवसर पर परिवार के वरिष्ठ सदस्य बाबा देवशरण मिश्र, राजाराम मिश्र, कपिलदेव मिश्र तथा मोहित मिश्रा सहित अन्य परिजनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पवन कुमार मिश्रा को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पवन मिश्रा की इस उपलब्धि से क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित हुआ है।

## भाजपा विधायक अशोक कुमार ने जनता को समर्पित किये वाटर कूलर



**नसीराबाद, रायबरेली।** विकास खंड छतोह के परैया नमकसार चैराहा पर भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी ने शुक्रवार को विधायक निधि से संस्थापित तीन लाख रुपए लागत के वाटर कूलर का लोकार्पण किया।इस चैराहे पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता नहीं थी,इस मूलभूत कमी का स्वतरूसंज्ञान लेकर उन्होंने एक बड़ी स्थानीय आवश्यकता की पूर्ति कर दी। उन्होंने कुढ़ा बाजार में भी तीन लाख रुपए की लागत का वाटर कूलर जनता को समर्पित किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष विष्णु कुमार मौर्य,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्रकुमार, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय सदस्य विवेक त्रिपाठी, आर एस एस के विवेक सिं,कुलदीप मौर्य, अगमचंद मौर्य, दुर्गेश कुमार मौर्य, मनीष कुमार श्रीवास्तव, राज कुमार सिंह, सतीश सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## सेवा भारती की बैठक में संगठन विस्तार और महिला सशक्तीकरण पर जोर

जिला संवाददाता (vol)

सुलतानपुर ।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से संबद्ध सेवा भारती की जिला कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को नगर पालिका परिषद स्थित वीर अब्दुल हमीद हॉस्पिटल परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री शेर बहादुर ने की। इस दौरान संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

- **मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र और किशोरी जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय**

जिला महामंत्री शेर बहादुर ने बताया कि संघ के वर्ग में प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार सेवा कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को नियमित जिला बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इसके तहत हिंदू बालिकाओं एवं युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। साथ ही किशोरी विकास आयाम के अंतर्गत विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर छात्राओं को सामाजिक, शैक्षिक एवं व्यक्तिगत विकास से जुड़े विषयों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में डॉ. तुलिका, डॉ. अनुराधा, संगीता, कामिनी, भूपेश सिंह, अरुण कुमार, मनोज कुमार, विनय चैरसिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेपर लीक के विरोध में छात्र-युवा संगठनों का प्रदर्शन

- राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन
- एनटीए को भंग करने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की उठायी मांग

**सुलतानपुर (वीओएल)।।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और भारत की जनवादी नौजवान सभा ने शुक्रवार को लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों के विरोध में प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट शिव प्रसाद को ज्ञापन देकर परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

एसएफआई के राज्य अध्यक्ष पार्थ सारथी द्विवेदी ने कहा कि पिछले वर्षों में बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से करोड़ों छात्र प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया




कि सरकार इस गंभीर समस्या पर प्रभावी कदम उठाने में विफल रही है। जिला सचिव दुर्गेश यादव ने परीक्षा व्यवस्था को निजी एजेंसियों के हवाले किए जाने पर सवाल उठाते हुए जवाबदेही तय करने की मांग की। भारत की जनवादी नौजवान सभा के जिला सचिव विवेक विक्रम सिंह ने प्रतियोगी छात्रों और कोचिंग संस्थानों पर हुई कार्रवाई की आलोचना की। वहीं जिला अध्यक्ष बालकृष्ण मिश्रा ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तथा एनटीए को भंग करने की मांग उठाई। इस दौरान रवि प्रसाद, सुनील पाल, मो. अरशद, ऋषभ यादव, शिल्पी, काजल, अमीर हमजा, अंकिता, स्वाति, रोशनी सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## व्यापारियों के समर्थन में उतरे कांग्रेस नेता

**सुलतानपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर की सब्जी मंडी के व्यापारियों के कथित उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस नेता वरुण मिश्र शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका के कुछ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से वर्षों से सब्जी मंडी में व्यापार कर रहे लोगों को हटाने की कोशिश की जा रही है। वरुण मिश्र ने कहा कि मंडी में लंबे समय से कारोबार कर रहे व्यापारी अपने परिवार का भरण-पोषण इसी व्यवसाय से करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी क्षेत्र की भूमि पर व्यावसायिक निर्माण की योजना बनाकर व्यापारियों के हितों की अनदेखी की जा रही है।

## ताइक्वांडो विजेताओं को डीएम ने किया सम्मानित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 13वीं ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले अमीना ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों को जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और समर्पण का माध्यम हैं। सुलतानपुर के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद को गौरवान्वित किया है। उन्होंने खिलाड़ियों से भविष्य में भी निरंतर मेहनत कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। डीएम ने अमीना ताइक्वांडो अकादमी और प्रशिक्षिका अमीना बानो की विशेष सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में भी बच्चों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना सराहनीय उपलब्धि है। उनके मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि खिलाड़ी लगातार पदक जीत रहे हैं। प्रतियोगिता में मान्यता और प्रज्ज्वल ने स्वर्ण पदक, जबकि प्रियांशु तिवारी, सत्यांश आर. श्रीवास्तव, साक्षी एवं यथार्थ मौर्या ने कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों की सफलता पर खेल प्रेमियों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने इसे जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।



संक्षेप

## तहसील स्तर पर आयोजित किया जायेगा शिविर

**देवरिया।** सभी तहसीलों में ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ इस मूल भावना के साथ कल्याणकारी शिविर के माह जून में आयोजन की तिथियां निर्धारित कर दी गई है।इस शिविर में सोशल सेक्टर से जुड़े विभागों यथा समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, प्रोबेशन, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा इस शिविर में प्रतिभाग किया जाएगा तथा अपने विभाग से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों को जोड़ने व उनकी समस्याओं का समाधान मौके पर किया जाएगा।यह जानकारी जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने देते हुए बताया है कि 08 जून तहसील सदर देवरिया में, 11 को भाटपाररानी,15 को तहसील सलेमपुर,17 को तहसील बरहज, 19 जून को तहसील रुद्रपुर परिसर में यह शिविर प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी। आम जन से उन्होंने अपील की है कि वे अपने संबंधित तहसील शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ उठाएं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद में पौधरोपण अभियान शुरू

**देवरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में 5 लाख 27 हजार पौधे रोपित करने के लक्ष्य के साथ वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य कार्यक्रम राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), परिवहन विभाग, दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में एसएसबीएल इंटर कॉलेज परिसर में

**● 5.27 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य, प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ**



आयोजित हुआ। इस दौरान प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पौधारोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जलवायु संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिक से अधिक वृक्षारोपण से ही पर्यावरण सुरक्षित एवं संरक्षित रह सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों एवं नदियों को पूज्यनीय माना गया है, जिसका उद्देश्य प्रकृति एवं पर्यावरण का संरक्षण करना है।उन्होंने सभी लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने एवं उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।प्रकृति के साथ अनावश्यक हस्तक्षेप पर्यावरणीय असंतुलन का कारण बनता है। भारत की संस्कृति सदियों से पर्यावरण संरक्षण की रही है और हमें इस परंपरा को और मजबूत बनाना होगा। सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी और स्थायी उपाय है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें संरक्षित रखने की अपील की।उन्होंने कहा कि जनपद मुख्यालय में लंबे समय से पार्किंग की समस्या बनी हुई थी, जिसका समाधान राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), परिवहन विभाग, दयाशंकर सिंह के प्रयासों से संभव हो सका।उनकी पहल पर पुराने बस अड्डे की भूमि पार्किंग एवं अन्य जनसुविधाओं के विकास हेतु उपलब्ध कराई गई, जहां वर्तमान में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं पार्किंग स्थल का निर्माण कराया गया है।विधायक ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना समय की आवश्यकता है प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी कासरला राजू ने वृक्षारोपण अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण देने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए जनसहभागिता पर बल दिया। एसएसबीएल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय मणि त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम को संबोधित किया इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश सह-संयोजक प्रवासी प्रकोष्ठ डॉ. जितेंद्र प्रताप राव, अंबिकेश पांडेय, अंकुर राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, एनसीसी कैडेट, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भटनी, देवरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे के जय प्रकाश नारायण स्काउट दल तथा पर्यावरण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन विभाग (ईएनएचएम) के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान प्लेटफार्म संख्या एक से सकुर्लेटिंग क्षेत्र तक जागरूकता रैली निकाली गई तथा यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी ज्ञान चंद्र मिश्र ₹काकाजी₹ ने रेलवे स्टेशन परिसर में पौधरोपण कर किया।उन्होंने उपस्थित लोगों को एकल उपयोग वाली प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई।इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अमित कुमार एवं सीताराम प्रसाद ने उनका स्वागत किया।मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अमित कुमार ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं मिशन लाइफ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भारत के नेतृत्व में चलाया जा रहा वैश्विक जन आंदोलन है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## रहस्यमय ढंग से लापता हुए किशोर की तलाश में जुटी पुलिस,केस दर्ज

**भटनी, देवरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हतवा गांव निवासी एक नाबालिग किशोर के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार हतवा गांव निवासी राजकुमार मद्देशिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र सागर मद्देशिया (17 वर्ष) 29 मई की रात करीब नौ बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह अयोध्या जा रहा है।इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा।परिजनों ने अपने स्तर से उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।परिजनों के अनुसार किशोर के मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका मोबाइल लगातार बंद बता रहा है।काफी खोजबीन के बावजूद जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस का कहना है कि किशोर की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

## दंपती ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**भटनी, देवरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेहराडाबर गांव में शराब के नशे में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद व एक अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, बेहराडाबर निवासी रामआशीष तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 1 जून की रात करीब 10 बजे गांव के ही रामप्रवेश गोंड शराब के नशे में उन्हें गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर रामप्रवेश गोंड अपनी पत्नी के साथ उनके दरवाजे पर पहुंच गया और लाठी-डंडे से हमला कर दिया।पीड़ित का आरोप है कि मारपीट में उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि जाते समय रामप्रवेश गोंड ने जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रामप्रवेश गोंड तथा उसकी अज्ञात पत्नी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नायब तहसीलदार ने फाँर्मर रजिस्ट्री की जाँच किया

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम साहोपार में फाँरमर रजिस्ट्री की जाँच नायब तहसीलदार भटनी हरि जी ने किया और बताया कि सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा कृषको को खेती करने के लिए आधुनिक उपकरण उन्नतशील बीज आसानी से उपलब्ध कराने के लिए हल्का लेखपाल को सभी किसानों को फाँरमर रजिस्ट्री करने का आदेश दिया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को हल्का लेखपाल मनोज कुमार के साथ नायब तहसीलदार के साथ आकर फाँरमर रजिस्ट्री का स्थलीय निरीक्षण किया ।

# स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर डीएम ने दिया जोर



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक कर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री एवं एएनएम अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करें तथा होम विजिट सुनिश्चित करें।उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए उन्होंने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) के अंतर्गत आयोजित सत्रों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा उनमें सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को अपने क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी करने तथा आशा, आंगनबाड़ी एवं एएनएम के कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की हनुमान शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा हनुमान विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया।

वृक्षारोपण के दौरान स्वयंसेवकों के बीच पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व तथा बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर विस्तृत चर्चा हुई।वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। वृक्ष हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वातावरण को संतुलित बनाए रखते हैं, प्रदूषण को कम करते हैं तथा भीषण गर्मी के दौरान छाया और ठंडक देकर जीवन को सुखद बनाते हैं।यदि धरती को हरा-भरा और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है, तो अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और उनका संरक्षण करना आवश्यक है।इस दौरान स्वयंसेवकों ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर भी चर्चा की।बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

इसकी शुरूआत वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से की गई थी।तब से यह दिवस पूरी दुनिया में पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों ने कहा कि केवल एक दिन पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। सभी ने मिलकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण को स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने समाज के सभी लोगों से अपील किया कि सभी अपने घर, विद्यालय, कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में सहभागी बनें। इस अवसर पर विभाग कार्यकारिणी सदस्य नीरज गोयल, जिला कुटुंब प्रबोधन प्रमुख योगेंद्र जायसवाल, सह जिला संपर्क प्रमुख डॉ धनंजय कुमार मिश्र, मुख्य शिक्षक बालकृष्ण, सानिध्य मिश्र, विकाश गुप्ता पत्रकार, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, सुनील मद्धेशिया, हरि गोविंद जायसवाल, उमेश, अशोक भारतद्वाज, कौशल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## स्टाफ नर्स को ट्रक ने रौंदा, मौके पर मौत



**कुशीनगर।** फाजिलनगर कस्बे के जैन मंदिर चौराहे के समीप शुक्रवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ड्यूटी पर जा रही 24 वर्षीय स्टाफ नर्स की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।मिली जानकारी के अनुसार फाजिलनगर कस्बे के ब्लॉक रोड निवासी अंकिता सिंह (24) पुत्री दिनेश सिंह कसया स्थित एक निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत थीं। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे वह अपने घर से अस्पताल में ड्यूटी के लिए निकली थीं।प्रतिदिन की तरह वह पैदल जैन मंदिर चौराहे पर सवारी पकड़ने जा रही थीं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि युवती का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए।जवान बेटी की असमय मौत से माता-पिता सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।चौकी प्रभारी मधुरिया चंदन प्रजापति ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 24 साल बाद भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं डॉ. ब्रजेश चंद्र श्रीवास्तव



**कुशीनगर।** इंसान की पहचान उसके पद, प्रतिष्ठा या संपत्ति से नहीं, बल्कि उसके द्वारा किए गए सेवा और सद्कार्यों से होती है।यही कारण है कि समाजसेवी चिकित्सक डॉ. ब्रजेश चंद्र श्रीवास्तव के निधन के 24 वर्ष बाद भी लोग उन्हें उसी सम्मान और

**● विधायक सअसीम राय बोले: सेवा, समर्पण और सादगी के प्रतीक थे डॉ. ब्रजेश चंद्र**

आत्मीयता के साथ याद कर रहे हैं। उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, पत्रकारों और क्षेत्रीय लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तमकुहीराज के भाजपा विधायक डॉ. असीम कुमार राय ने कहा कि डॉ. ब्रजेश चंद्र श्रीवास्तव का पूरा जीवन सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल रहा। उन्होंने कहा कि एक चिकित्सक तभी लोगों के दिलों में जगह बना पाता है जब उसके भीतर सेवा का भाव हो। डॉ. श्रीवास्तव ने अपने जीवन में इसी भावना को सर्वोपरि रखा, जिसका परिणाम है कि आज उनके निधन के 24 वर्ष बाद भी लोग उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ याद कर रहे हैं।भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्रा ने कहा कि डॉ. ब्रजेश चंद्र श्रीवास्तव बेहद सरल, सौम्य और सुलझे हुए व्यक्तित्व के धनी थे। किसी भी जरूरतमंद की मदद के लिए वह हमेशा तत्पर रहते थे।समाज के प्रति उनका समर्पण और लोगों के प्रति आत्मीय व्यवहार ही उनकी सबसे बड़ी पहचान थी। डुमरिया मठ के महंत एवं पूर्व प्रधान रूद्रानंद गिरी ने डॉ. श्रीवास्तव के साथ बिताए अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर लोगों के दुख-दर्द को अपना समझा और बिना किसी भेदभाव के समाज की सेवा की। उनके व्यक्तित्व की यही विशेषता उन्हें आज भी लोगों के दिलों में जीवित रखे हुए है।

इस अवसर पर भाजपा नेता उमेश चंद्र श्रीवास्तव (मुन्ना लाल), बृज बिहारी श्रीवास्तव, बिपिन बिहारी श्रीवास्तव, समाजसेवी विजय राय, पं. मित्र राकेश श्रीवास्तव, राजेश गौड़, अंजुम श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अशोक तिवारी, राजेश यादव, संजुम श्रीवास्तव, अनूप, ऋषि श्रीवास्तव, यशराज, ओम, मयंक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. ब्रजेश चंद्र श्रीवास्तव के छोटे पुत्र राकेश श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता एवं पत्रकार संयोग श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, गणमान्य लोगों और क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पिता द्वारा दिखाए गए सेवा और मानवीय मूल्यों के मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# उद्योग, व्यापार और श्रमिक हितों से जुड़े मामलों की डीएम ने की समीक्षा

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग, व्यापार एवं श्रम बंधु की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।बैठक में औद्योगिक विकास, व्यापारिक गतिविधियों, श्रमिक कल्याण योजनाओं तथा संबंधित विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों, व्यापारियों एवं श्रमिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने उद्योगों की स्थापना से संबंधित भूमि, विद्युत कनेक्शन, एनओसी एवं अन्य अनुमतियों के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

व्यापार बंधु की बैठक समीक्षा में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए तथा बाजार क्षेत्रों में सुगम यातायात एवं बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।श्रम बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने तथा उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा सहायता एवं अन्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने श्रम विभाग के संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार किया जाने पर बल देते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर निकायों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं का पंपलेट अपने परिसर में प्रदर्शित करें ।

## 90 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री व अंश निर्धारण हर हाल में पूरा करें लेखपाल : एसडीएम

**भटनी(देवरिया)।** शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयोजित ऑनलाइन बैठक में उप जिलाधिकारी सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव एवं तहसीलदार अलका सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को अपने-अपने क्षेत्र में 90 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री तथा अंश निर्धारण का कार्य हर हाल में पूर्ण करना अनिवार्य होगा।बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री और अंश निर्धारण शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से जुड़े कार्य हैं, इसलिए इनमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र के सभी नायब तहसीलदारों द्वारा लगातार लेखपालों की मॉनिटरिंग की जा रही है तथा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि लेखपाल अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उपस्थित रहकर निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करें।

# भारतीय ज्ञान परम्परा राष्ट्र निर्माण का आधार : डॉ. सौरभ मालवीय

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध जन शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत द्वारा कसया नगर स्थित महर्षि अरविंद विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रांतीय नव चयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ दिवस के मौके पर विशेष सत्र में भारतीय ज्ञान परम्परा, भारतीय जीवन-दृष्टि, शिक्षा की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में आचार्य के दायित्वों पर विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रख्यात शिक्षाविद्, चिंतक एवं पत्रकारिता विशेषज्ञ डॉ. सौरभ मालवीय ने प्रशिक्षणार्थी आचार्यों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का परिचय आजमगढ़ संभाग के संभाग निरीक्षक श्री दिवाकर राम त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री धर्मेन्द्र कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लुचुई सहजनवां, गोरखपुर एवं प्रांत प्रचार संयोजक, जन शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत आदरणीय श्री जियालाल जी ने की। डॉ. सौरभ मालवीय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा केवल शिक्षा की पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र दृष्टि है। ₹भारतीय ज्ञान परम्परा₹ में भारतीयता, ज्ञान और परम्परा तीनों का अद्भुत समन्वय है। भारत केवल एक भूभाग नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति, कर्तव्य, करुणा और लोकमंगल की चेतना से युक्त एक जीवन-दर्शन है। भारतीय चिंतन में माता को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। मनुष्य के जीवन का पहला शब्द ₹माँ₹ होता है और यही मातृभाव आगे चलकर मातृभूमि के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण का आधार बनता है। इसी कारण भारतभूमि को ₹भारत माता₹ कहा जाता है।उन्होंने कहा कि ज्ञान का अर्थ केवल सूचना या जानकारी प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह विवेक विकसित करना है कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। जो मानवता, धर्म और लोककल्याण के अनुकूल हो, वही वास्तविक ज्ञान है। भारतीय ज्ञान परम्परा व्यक्ति को कर्तव्यबोध, आत्मानुशासन, सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा का मार्ग दिखाती है। डॉ. मालवीय ने भगवान श्रीराम के जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में कर्तव्य और मयार्दा सर्वोपरि हैं। कहा कि भारत की मूल प्रकृति आध्यात्मिक है। यहाँ व्यक्ति केवल स्वयं के सुख के लिए नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के कल्याण के लिए जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त करता है। भारतीय संस्कृति पशु-पक्षियों, वृक्षों, नदियों और सम्पूर्ण प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और करुणा का भाव विकसित करती है। विश्व पर्यावरण दिवस के संदर्भ में उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भारतीय जीवन-पद्धति का अभिन्न अंग है। वृक्षारोपण, जल संरक्षण, पशु-पक्षियों के प्रति दया तथा प्रकृति के साथ सामंजस्य भारतीय संस्कृति की प्राचीन परम्परा रही है। परोपकार की भावना को भारतीय संस्कृति का मूल तत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष स्वयं धूप सहकर दूसरों को छाया देते हैं, नदियाँ निरंतर बहकर जीवन का पोषण करती हैं और प्रकृति का प्रत्येक तत्व लोकमंगल के लिए कार्य करता है।

मनुष्य को भी अपने जीवन को परोपकार और सेवा के लिए समर्पित करना चाहिए। उन्होंने राजा शिबि के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि भारतीय न्याय-दृष्टि करुणा, संवेदना और धर्म पर आधारित रही है। डॉ. मालवीय ने कहा कि किसी भी राष्ट्र, समाज अथवा राज्य को उसकी मूल पहचान, संस्कृति और जीवन मूल्यों के साथ सुरक्षित एवं सशक्त बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम शिक्षा है। शिक्षा ही समाज को स्थायित्व प्रदान करती है तथा नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, महापुरुषों और ज्ञान परम्परा से जोड़ती है। जब युवा पीढ़ी अपने पूर्वजों और सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करती है, तब राष्ट्र का विकास मजबूत आधार पर खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि चरित्रवान, संस्कारित, उत्तरदायी और राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों का निर्माण करना है। इसी उद्देश्य को लेकर विद्या भारती देशभर में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। विद्या भारती की शिक्षा व्यवस्था भारतीयता, संस्कार, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना पर आधारित है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन में आदरणीय जियालाल जी ने कहा कि आचार्य समाज निर्माण की आधारशिला हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा के मूल तत्वों को आत्मसात कर ही शिक्षक भावी पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति, संस्कार और चरित्र निर्माण की दिशा प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थी आचार्यों से भारतीय शिक्षा-दर्शन को अपने जीवन एवं शिक्षण कार्य में उतारने का आह्वान किया।

# एसडीएम से शिकायत के बाद लेखपाल राधेश्याम की बदले की कार्रवाई, डीएम के दरबार मे पहुंचे ग्रामीण

**कुशीनगर।** जनपद के कसया तहसील के लेखपाल राधेश्याम सिंह अपने कारगुजारियों को लेकर एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। ग्राम सभा रहसु जनूबी पट्टी के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि लेखपाल की कार्यप्रणाली के खिलाफ आवाज उठाने और एसडीएम से शिकायत

**● कसया में लेखपाल का जलवा शिकायत करने वालों को ही बना दिया मुल्जिम**

करने का खामियाजा उन्हें फर्जी मुकदमे के रूप में भुगतना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से एक ही जगह जमे लेखपाल के खिलाफ शिकायत करना उन्हें महंगा पड़ गया। उनकी शिकायत की जांच होने से पहले ही लेखपाल ने शिकायतकताओं पर मुकदमा दर्ज करा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि चौरा खास थाने में 14 मई 2026 को दर्ज मुकदमा संख्या 89/26 पूरी तरह मनगढ़ंत, द्वेषपूर्ण और प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है। शिकायतकताओं का कहना है कि लेखपाल राधेश्याम सिंह ने दबंगो के साथ मिलकर गरीब परिवारों को निशाना बनाया और गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया।

### स्थानांतरण आदेश बना कागज का टुकड़ा

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिये गये पत्र में कहा है कि लेखपाल राधेश्याम सिंह का स्थानांतरण 25 जून 2025 को हो चुका था, लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी वह अपने रसूख के दम पर कसया तहसील में ही जमे हुए हैं। इतना ही नहीं, उनकी बेटी व दमाद भी लंबे समय से कसया तहसील क्षेत्र में तैनात है जो उनके ऊची पहुंच का एक उदाहरण है। ग्रामीणो का आरोप है कि लेखपाल की बेटी लेखपाल है किन्तु कभी भी क्षेत्र मे नही जाती है।इतना ही नही आईजीआरएस का रिपोर्ट खुद लेखपाल राधेश्याम सिंह लगाकर बेटी का हस्ताक्षर बनाते है जिसकी निष्पक्ष जांच करा दी जाये तो दूध का दूध, पानी का पानी साफ हो जायेगा।

### जांच टीम से बाहर थे, फिर भी मौके पर क्यों पहुंचे

शिकायत में यह भी कहा गया है कि 6 अप्रैल 2026 को एसडीएम कसया द्वारा गठित जांच टीम में राधेश्याम सिंह का नाम शामिल नहीं था।इसके बावजूद वह मौके पर पहुंचे और कथित कब्जाधारियों के साथ मिलकर जांच को प्रभावित करने का प्रयास करते रहे।ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल राधेश्याम सिंह द्वारा विपक्षी के पक्ष मे हस्तक्षेप करने के कारण विरोध होने लगा जिसके वजह से जांच टीम बिना समुचित जांच किए लौट गई और बाद में अधूरी व संदिग्ध रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को सौप दी। ग्रामवासियों का कहना है कि सरकारी कर्मचारी के खिलाफ शिकायत करना उनका संवैधानिक अधिकार है, लेकिन यदि शिकायतकताओं पर ही मुकदमे लाद दिए जाएं यह कहा का न्याय है? आम जनता न्याय की उम्मीद किससे करे?

# मानसून की अनिश्चितता

इस साल मानसून को लेकर जो भविष्यवाणी आईएमडी और अन्य एजेंसी ने की है उससे किसानों के साथ ही देश की चिंता भी बढ़ गयी है। अलनीनो का प्रभाव वर्षा की मात्रा पर पड़ने की संभावना है और इस कारण औसत वर्षा 95 फीसद या इससे भी कुछ होने की आशंका है। अगर 95 फीसद वर्षा भी हो जाती है, तो भी किसान कुछ हद तक खरीफ सीजन में कृषि उत्पादन को सामान्य बनाये रखेंगे। लेकिन अगर वर्षा 95 फीसद से भी कम हुई तो उत्पादन में भी दिक्कत आयेगी और किसान की लागत भी बढ़ेगी क्योंकि सिंचाई पर उन्हें अधिक खर्च करना पड़ेगा। फिलहाल उत्तर भारत में मानसून का इंतजार है। यह इंतजार कृषि कार्य के लिए भी है और गर्मी से राहत पाने के लिए भी है। क्योंकि जैसे ही तापमान 40-42 डिग्री से ऊपर निकलता है, तो भीषण गर्मी, बिजली कटौती में जीना मुहाल हो जाता है। अग्निकांड की घटनाएं भी बहुत बढ़ जाती है जिससे बड़ी संख्या में मौतें होती हैं। उत्तर प्रदेश में पारा 44-45 डिग्री तक पहुंचग या है। दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब में हालत और खराब है। राजस्थान में तो 47 डिग्री के ऊपर तक पहुंच गया है। जून का महीना उत्तर भारत में सबसे परेशानी वाला होता है। भीषण गर्मी, बिजली कटौती और उमस में उबलते लोगों का एक-एक दिन बीतना कठिन हो जाता है। गर्मी का सितम हर साल बढ़ रहा है। इसके पीछे ग्लोबल वार्मिंग है। ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा होती रहती है लेकिन इससे बचने के लिए कोई ठोस उपाय वैश्विक स्तर पर देखने को नहीं मिलते हैं। ऊपर से ट्रंप जैसे नेताओं के कारण ग्लोबल वार्मिंग का संकट और जटिल हो गया है। ट्रंप का प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण, कॉर्बन उत्सर्जन जैसी चीजों से कोई सरोकार नहीं है। वे जैसे-तैसे दुनिया भर की विलासिता और संसाधन अमरीका के लिए खींच लेना चाहते हैं। ऐसी छोटी सोच के नेताओं के कारण फिलहाल निकट भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती



से निपटने के लिए कोई वैश्विक प्रोटोकॉल विकसित होगा ऐसी संभावना कम ही है। प्रचंड गर्मी के कहर से बचने के लिए सभी देशों विशेषकर भारत को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा। इसके लिए जीवाश्म ईंधन के उपयोग को सीमित करने के साथ ही धरती को हरियाली से भरना होगा। बहरहाल यह सब तो दीर्घकालीन उपाय हैं और इनको कब आगे बढ़ाया जायेगा यह सरकार और समाज के जिम्मे है। लेकिन प्रचंड गर्मी जो सिर पर है और हर दिन लोगों को झुलसने-उबलने के लिए विवश कर रही है, उससे बचाव मानसून आने पर ही होगा। प्रचंड गर्मी में ऊर्जा की मांग बहुत बढ़ जाती है जिसके कारण आपूर्ति को सामान्य बनाये रखना कठिन हो जाता है। संभवतः यही कारण है कि ऊर्जा मंत्रालय ने एयरकंडीशनर के नये मानक तय करने को विवश हुआ है। जब नये मानक बनाकर लागू किए जाएंगे, तब एसी 20-28 तापमान के बीच ही चला सकेंगे। बहरहाल पूरे उत्तर भारत में आग बरस रही है और लू चलने की चेतावनियां दी जा रही हैं। पहाड़ी इलाकों में भी तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है। लू और हीट स्ट्रोक जानलेवा बन गये हैं। बीते साल 18 जून तक लू (हीट स्ट्रोक) के 40,000 से अधिक मामले सामने आए थे और बड़ी संख्या में लोगों की मौतें हुई थीं। शायद यही कारण है कि मौसम विभाग लगातार रेड, येलो, ऑरेंज अलर्ट जारी कर रहा है। इस धधकते, तपते मौसम में सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले कामगारों के लिए है। भारत में 65-70 फीसदी कामगार इस भीषण गर्मी में भी काम करने को विवश हैं, क्योंकि उनका घर-परिवार दिहाड़ी पर ही चलता है। इस संदर्भ में पिछले साल राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए थे कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। राज्य सरकारों एवं स्थानीय निकायों को इसका पालन करना चाहिए और गर्मी से बचाव के लिए मानसून आने तक अपने स्तर पर जरूरी प्रबंध करना चाहिए। मानसून आमतौर पर जून में आ जाता है, लेकिन इस साल मानसून को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

---

**विचार**

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

-स्वामी विवेकानन्द.

# समग्र और संतुलित जनसंख्या नीति जरूरी



संजय श्रीवास्तव

> देश के दक्षिणी राज्य के नेता, लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने का आह्वान कर रहे हैं, तो बाकी लोग जनसंख्या को देश की सभी असुविधा, विसंगतियों का मूल मानते हैं और कम बच्चे पैदा करने के हिमायती हैं। अफ्रीकी देशों के अलावा भारत सहित दुनिया में प्रजनन दर घट रही है। ज्यादातर देश इसे लेकर चिंतित हैं तो अपने देश में इस मामले में प्रसन्नता और चिंता की मिश्रित प्रतिक्रिया है।

कई साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की थी, देश की बड़ी आबादी देश के विकास में बाधा बन रही है। राज्य सरकारें इस समस्या से निजात के लिए जनसंख्या नियंत्रण की राष्ट्रीय नीति का कठोरता से पालन करवाएं। वर्तमान का सत्य यह है कि सरकार को समर्थन देने वाले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्यवासियों से अपील की है कि वे ज्यादा बच्चे पैदा कर जनसंख्या बढाएं। यह अप्रत्याशित लगता है क्योंकि दशकों जनसंख्या वृद्धि बड़ी चुनौती मानकर केंद्र और राज्य सरकारें इसके नियंत्रण पर जोर देती रही हैं परंतु आज आंध्र ही नहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी चंद्रबाबू की तरह लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील कर रहे हैं। संभव है कल ऐसी ही अपीलें केरल, कर्नाटक तथा तेलंगाना में भी सुनी जाएं और सिक्किम, गोवा, अंडमान, लद्दाख जैसे कई दूसरे प्रदेश भी इनके साथ सुर मिलाएं और जनसंख्या नीति के प्रति अपनी दिशा बदल लें।

वे ऐसे कानून प्रस्तावित करें जिसके अनुसार दो या उससे ज्यादा बच्चे वाले लोगों को ही सरकारी लाभ मिल सकें। सच तो यह है कि दक्षिण के तमाम राज्य जो ऐसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं वे आधे दशक पहले छोटे परिवार को बढ़ावा देने की बात कर रहे थे, लोगों को परिवार नियोजन के प्रति प्रोत्साहित कर रहे थे लेकिन सहसा उनके सुर बदल गए हैं। उनकी दलील है कि प्रजनन दर में गिरावट से राज्य और देश का नुकसान है सो इसे बढ़ाने की कोशिश अभी से करनी होगी। बेशक इन राज्यों में प्रजनन दर में गिरावट सत्य है और फलतः जनसंख्या में कमी से उनके राज्य और उनकी राजनीति को नुकसान भी है। पर देश की अधिकांश जनता मानती है कि तकरीबन सारी राष्ट्रीय, स्थानीय समस्याओं की जड़ बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या ही है। आज हम चीन से बड़ी आबादी हैं और इसके चलते विकास के कैसे भी सरकारी प्रयास हों, हमको पूरे नहीं पड़ते। अनेक बड़े नेताओं का भी यही मानना है कि दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाले यानी 145 करोड़ के देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कठोर प्रयास लाजिमी है। ऐसे में कुछ राज्यों द्वारा जनसंख्या नीति की दिशा बदलना देश और देशवासियों को भ्रमित कर सकता है। देशवासियों के समक्ष यह स्पष्ट होना चाहिये कि जनसंख्या के मामले में कुछ राज्यों की अपनी डफली अपना राग क्यों है? क्या उनका यह रवैय्या राष्ट्र स्तर पर उचित है अथवा इसमें महज संबंधित राज्यों का सामयिक स्वार्थ है? कुछ राज्यों का जनसंख्या नियंत्रण के प्रति मौजूदा रवैय्या यदि देश हित के विरुद्ध है तो सरकार उनको ऐसे संदेश देने, अपील करने से रोकती क्यों नहीं? यदि घटती प्रजनन दर से वाकई दूरगामी दुष्परिणाम सामने आने वाले हैं और उनका असर राष्ट्रव्यापी हो सकता है, तो इसके लिये सरकार समय रहते जनता को सचेत करने वाले कार्यक्रम क्यों नहीं चलाती, जिससे जनमानस हर प्रकार की असुविधा और अभाव के लिए जनसंख्या को दोषी न माने। वह यह प्रचारित प्रसारित क्यों नहीं करती कि इससे होने वाले दूरगामी दुष्परिणामों की काट के लिये वह अभी से प्रयासरत है और उसके पास इस स्तर की कई योजनाएं हैं।



## भारत की जनसंख्या नीति

उत्तर के राजनेता लोगों को जनसंख्या नियंत्रण करने के लिए कहें और दक्षिण की आबादी बढ़ाने के लिए, उसमें एनडीए के समर्थक दल के मुख्यमंत्री भी शामिल हों तो इस विरोधाभास के बीच यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि है कि जब भारत समेत वैश्विक स्तर पर जनसंख्या दर में गिरावट की बात लैंसेट रिपोर्ट और कुछ देशी शोध अध्ययन में सालभर पहले सामने आ चुकी है तब वाकई देश की तात्कालिक जनसंख्या नीति में क्या कोई बदलाव लाया गया है या उस ओर सोचा जा रहा है? नीति आयोग अथवा संबंधित विभागों की भविष्य में इसके प्रति क्या कोई रणनीति निर्धारित की है? भविष्य में जनसंख्या नियंत्रण की नीति क्या होना चाहिये? क्या जनसंख्या नियंत्रण की एक समेकित नीति देश पर लागू होगी अथवा इसके लिये राज्यवार कार्यक्रम और उसके लक्ष्य बनाना उचित होगा।

यह नीति 13 साल से लंबित जनगणना के अगले साल निबटाने और उसके अगले बरस आंकड़े आने, तथा उसके विश्लेषण के बाद बनेंगे अथवा इस मुद्दे की गंभीरता तथा इस पर आम जनता के भ्रम को समझते हुए इसके पहले ही? देश में 1950 के दौरान यह प्रजनन दर 6.18 प्रतिशत थी अर्थात प्रत्येक महिला के औसतन 6 से अधिक बच्चे थे। घटती प्रजनन दर की जो रफ्तार है, उसके चलते यह 2050 तक 1.29 रह पर और सदी बीतते बीतते 1.04 तक पहुंच सकती है। फिलहाल 2021 के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय प्रजनन दर 1.91 है। ऐसी प्रजनन दर तक पहुंचने में फ्रांस, ब्रिटेन जैसे यूरोपीय देशों को 200 और अमेरिका को 145 साल लगे। हमने यह बदलाव भीषण गति से महज 45 साल में हासिल की। निःसंदेह घटती जन्मदर पर कुछ वर्ग प्रसन्नता प्रदर्शित कर रहे हों पर अनेक कारणों से आगे चलकर यह राष्ट्रीय चिंता का विषय बनेगा। जहां तक दक्षिण भारत के राज्यों की बात है तो पांच राज्य और तकरीबन तीस करोड़ आबादी वाले इस हिस्से में प्रजनन दर राष्ट्रीय औसत से कम हो चुकी है और तेज गिरावट जारी है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में जन्म दर 2.01 से भी नीचे है। प्रजनन दर 2.1 से नीचे का मतलब जनसंख्या सिकुड़ना शुरू गई है। उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश, बिहार झारखंड वगैरह की 2.5 से 3.01 की दर से दक्षिण भारत में कम जन्म दर के चलते भविष्य में जनगणना के बाद जनसंख्या के आधार पर तय की जाने वाली संसद में सीटें और केंद्र सरकार से मिलने वाली निधि का घाटा हो सकता है। केंद्र सरकार के द्वारा वसूले गए आयकर, कॉर्पोरेट टैक्स का जो हिस्सा जनसंख्या, आर्थिक जरूरतों और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर मिलता है, उसमें कमी आ सकती है। कम आबादी, देश की आर्थिकी में बड़े योगदान और प्रति व्यक्ति अधिक आय की बावजूद दक्षिण के राज्य नुकसान में रहेंगे। आगत की आहट भांपकर कुछ राज्य परिवार नियोजन की दिशा में बदलाव कर रहे हैं और ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए कह रहे हैं। लेकिन जहां तक देश का प्रश्न है, इस ट्रेंड पर जश्न मनाने वालों को यह जानना चाहिये कि घटती प्रजनन दर से देश की आबादी का संतुलन गड़बड़ा जाएगा। दुनिया का कोई भी देश बरसों बरस कोशिश करके, खरबों खर्च करके भी जन्मदर वापस हासिल नहीं कर पाया।

आबादी में बच्चों, जवानों और बुजुर्गों का संतुलन बना रहे, इसके लिए प्रजनन दर का 2.1 के आसपास होना चाहिये। पर्याप्त बच्चे न होंगे जो बुजुर्गों की जगह ले सकें तो बुजुर्ग बढेंगे, जो उत्पादक न होकर भोक्ता होंगे। अभी 60 साल से ज्यादा की उम्र के चालीस प्रतिशत बुजुर्ग बेरोजगार और बुरी दशा में हैं, भविष्य में इनकी और दुर्गति आशंकित है। बुजुर्ग कम जोखिम उठाने वाले, कम रचनात्मक होंगे, नए पेटेंट कम हो जाएंगे। यह सब देश की आर्थिकी के लिए घातक होगा। आसपास बच्चों से ज्यादा दादा-दादी, नाना-नानी नजर आने लगेंगे। बुआ, मामा, चाचा, ताऊ, मौसी जैसे रिश्तों का लोप सा हो जाएगा। देश के सामने ऐसी बहुतेरी चुनौतियां कुछ दशक बाद आएंगे पर हमें उनका इंतजार करने की बजाय अभी से काम करने की जरूरत है। फिलहाल इतना तय है कि इस समस्या का समाधान बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना कतई नहीं है।

---

**सोशल मीडिया**




प्रकृति का संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों का भी अभिन्न हिस्सा है। मधु वाताऋतायतेमधुक्षरन्ति सिन्धवः, माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः। - पीएम मोदी

# व्यक्तित्व का निर्माण

**अंतर्दृष्टि**

व्यक्ति का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है। हमेशा वह कुछ सीखता है, समझता है और अपने व्यक्तित्व का पारिष्कार करता रहता है। ईश्वर ने मनुष्यको विशिष्ट जीव बनाया है। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधार रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# देश में सामाजिक सुरक्षा का बढ़ता दायरा



चिंतन ● अरविन्द जयतिलक

इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (आईएलओ) के आंकडों से उद्घाटित हुआ है कि भारत में 94 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में आ गये हैं। ये आंकड़े. रेखांकित करते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में अब भारत चीन के बाद दूसरे नंबर है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में भारत में सोशल सिक्योरिटी कवरेज महज 19 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ का कहना है कि दुनिया भर में सबसे तेज सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार भारत में हुआ है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद उत्साहजनक और गौरवान्वित करने वाली है। सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैये के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है।



यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा है। अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 41 में कार्य के अधिकार शिक्षा और कुछ मामलों में सार्वजनिक सहायता की व्यवस्था की गयी है। अनुच्छेद 42 में कार्य की उचित और मानवीय परिस्थिति और मातृत्व राहत की व्यवस्था की गयी है।

भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कर्मगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है। भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। भारत में ढेरां सामाजिक सुरक्षा कानून लागू है मसलन कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (ईएसआई एक्ट), कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 (डब्लयूसी एक्ट), कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम 1952 (ईपीडीएंडएमपी एक्ट), प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961 (एमबी एक्ट), ग्रैच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 (पीजी एक्ट), वैयक्ति क्षति (आपात उपलब्ध) अधिनियम 1962, वैयक्तिक क्षति (प्रतिकर बीमा) अधिनियम 1963 और नियोजक दायित्व अधिनियम 1938 इत्यादि। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलायी जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। 11 से 18 वर्ष तक की उम्र की लड़कियों के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी विकास के लिए सरकार ने किशोरी शक्ति विकास योजना को हर जगह लागू कर दिया है। एक अरसे से श्रम आंदोलन के तहत सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम लागू करने की मांग की जाती रही जिसे सरकार ने 2005 के मध्य में लागू कर दिया। इस अधिनियम के तहत कोई भी वयस्क व्यक्ति जो न्यूनतम मजदूरी पर आकस्मिक श्रम करने के लिए इच्छुक है वह 15 दिनों के अंदर स्थानीय जनकार्य में रोजगार पाने के लिए पात्र होगा।

इसके अंतर्गत लोगों को वर्ष में उसके निवास से एक किमी के भीतर 100 दिनों का काम दिए जाने का प्रावधान लागू किया गया है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है। राज्यों के अंतरगत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। इन परिवारों को गेहूं और चावल दिया जाता है। सामाजिक सुरक्षा के तहत रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन रणनीति के तहत सरकार द्वारा स्वरोजगार योजना और दिहाड़ी रोजगार योजना चलाया जा रहा है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रुप में की गयी है। सामाजिक सुरक्षा के तहत भारत सरकार ने राष्ट्रीय आवास नीति 1992 संसद में प्रस्तुत की। अगस्त 1994 में संसद ने इसका अनुमोदन कर दिया। राष्ट्रीय आवास नीति का प्रमुख लक्ष्य आवासहीन व्यक्तियों, विस्थापितों, निराश्रित महिलाओं, अनुसूचित जनजातियों और आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए वातावरण निर्मित करना तथा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में 3 करोड़ और आवास निर्मित करने का लक्ष्य सुनिश्चिति किया गया है।

सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा असंगठित ग्रुप बीमा योजना, वन बंधु कल्याण योजना, अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास योजना, विकलांगों के लिए योजना, जनश्री बीमा योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना और राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजन चलायी जा रही हैं। सामाजिक सुरक्षा के तहत ही समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। यह प्राधिकरण देश भर में कानूनी सहायता कार्यक्रम और स्कीमें लागू करने के लिए राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण पर दिशा निर्देश जारी करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना शुभारंभ की है जिसका उद्देश्य लाभकारी योजनाओं तक निर्धनों और सीमांत लोगों को पहुंचने में सक्षम बनाना है। लोगों का स्वास्थ्य रहे इसके लिए सरकार आयुष्मान योजना को लागू की है जो गरीबों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है। लेकिन इस दिशा में अभी बहुत काम करना होगा ताकि दिहाड़ी श्रमिकों, गिग वर्कर्स से लेकर सभी तरह के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाकर उनके जीवन को खुशहाल बनाया जा सके।

---

## आप की बात

### युवाओं को प्रशिक्षित करें

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### बढ़ता अवैध निर्माण

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में बीते साल बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी थी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आती रहीं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी थी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है, जब हादसा हो जाता है, तभी प्रशासन जागता है, यह चिंता की बात है।

**धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## नाबालिग लड़की को भगा ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** कालिंजर थाना के ग्राम गुढ़ाकला अंश बरछा निवासी इसरारून पत्नी भूरा नट ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका लड़का अनिल पूना में रहकर मजदूरी करता है। वह अपनी बेटियों के साथ घर पर रहती है। एक जून को सुबह छोटी लड़की शबनम उससे यह कहकर घर से निकली थी कि अम्मी मैं मोबाइल फोन बनवाने बरछा जा रही हूं। जब लड़की शाम तक नहीं लौटी तो पता लगाया जानकारी हुई कि लड़की अंतिम बड़गइयां पुत्र महेष प्रसाद निवासी गुढ़ाकला थाना कालिंजर बात करती थी। इस पर वह महेश के घर जाकर पूछतांछ की तो महेश ने बताया कि उसका लड़का आज ही दिल्ली चला गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि अंतिम बड़गइयां उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को दिल्ली ले गया है। अंतिम का मोबाइल भी बंद है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## कोटेदार से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बांदा।** थाना गिरवां के ग्राम मलेहरानेवादा निवासी पूर्व सैनिक शिवबरन वर्मा पुत्र रामधनी ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि वह कोटा में खाद्यान्न का वितरण कर रहा था। तभी गांव के शुभम तिवारी, शिवम तिवारी पुत्रगण संतोष कुमार, अंबिका प्रसाद पुत्र रामआसरे दुबे आए गल्ला लेने के संबंध में विवाद करने लगे। गाली-गलौज कर मारपीट की। पड़ोसी बचाने आए तब तक वह जानमाल की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने शुभम तिवारी, शिवम तिवारी, अंबिका प्रसाद सहित एक अज्ञात के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## मारपीट में पति की दर्ज करायी रिपोर्ट

**बांदा।** कोतवाली नगर के मोहल्ला फूटा कुआं निवासी रोशनी विश्वकर्मा पत्नी दीपक ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस को बताया कि 23 मई की शाम पति शराब पीकर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर लोहे की राड, बेल्ट, डंडे से पिटाई की। जान से मारने की नीयत से गला दबाकर मारने का प्रयास किया। जब जेठ सर्वेंद्र कुमार पुत्र रामकृपाल बचाने आए तो उन्हें भी मारापीटा। उसका फोन तोड़ दिया। थाने गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता की तहरीर पर रोशनी के पति दीपक विवकर्मा के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक जगदीश तिवारी को सौंपी गई है।

## जेल भेजने की धमकी देकर महिला से 50 हजार की साइबर ठगी

ललितपुर। जिले में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें अज्ञात ठगों ने एक महिला को फोन पर जेल भेजने की धमकी देकर 50 हजार रुपये ठग लिए। पीड़िता ने डर के कारण अपने जेवर गिरवी रखकर रकम की व्यवस्था की और ठगों के बताए खातों में पैसे जमा करा दिए। बाद में खुद को ठगी का शिकार समझने पर उसने साइबर हेल्पलाइन और पुलिस से शिकायत की। न्यायालय के आदेश के बाद अब कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुआतला निवासी अंजली (25 वर्ष), पत्नी राजकुमार को 10 अप्रैल 2026 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन किया गया। फोन करने वालों ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए महिला को धमकाया कि यदि वह तत्काल 50 हजार रुपये नहीं भेजेगी तो उसे और उसके परिवार को जेल भिजवा दिया जाएगा। पीड़िता के अनुसार वह धमकियों से घबरा गई और रुपये जुटाने के लिए अपने सोने-चांदी के जेवर गिरवी रख दिए। इसके बाद ललितपुर शहर स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से उसने ठगों द्वारा बताए गए बैंक खातों में कुल 50 हजार रुपये ट्रांसफर करा दिए।

कुछ समय बाद जब महिला ने दोबारा संपर्क करने का प्रयास किया तो उसे ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर संबंधित बैंक खाते को फ्रीज कर रकम को होल्ड किए जाने की कार्रवाई की गई। पीड़िता ने पुलिस और साइबर सेल से भी शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-डी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सीएम ने किया मेधावी छात्रा माही राजा को पुरस्कृत




**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून, 2026) के विशेष अवसर पर आयोजित एक भव्य संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को

**● विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएम के हाथों सम्मानित हुई मेधावी छात्राएं**

बढ़ावा देने के लिए मेधावी स्कूली छात्राओं को सम्मानित किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में यूपी कैम्प के लोगो डिजाइन प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र सौंपे गए।

### तीन मेधावी छात्राओं को मिला नकद पुरस्कार

मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कार पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की बेटियों ने बाजी मारी। जिसमें प्रथम पुरस्कार जनपद के महिपाल मेमोरियल इंटर कॉलेज मडावरा ललितपुर की माही राजा (कक्षा 11जी) को कलात्मक प्रतिभा के लिए ?50,000 की नकद धनराशि का चेक प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार कन्नौज की कुमारी सुम्बुल फातिमा को ?25,000 का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तृतीय पुरस्कार मिजार्पुर की कुमारी श्रद्धा कुमारी को ?10,000 की पुरस्कार राशि भेंट की गई। जन-भागीदारी से तैयार हुआ यूपी कैम्प का लोगोमंच से कार्यक्रम का संचालन कर रही अधिकारी ने जानकारी दी कि यूपी कैम्प के आधिकारिक लोगो को तैयार करने के लिए एक व्यापक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें 100 से अधिक स्कूलों के 2,000 से ज्यादा विद्यार्थियों के साथ-साथ कई पेशेवर डिजाइनर्स ने भी भाग लिया। सभी की रचनात्मक प्रविष्टियों के मूल्यांकन के बाद ही इस विशिष्ट लोगो को अंतिम रूप दिया गया है।

# वृक्ष मानव जीवन के आधार: जिला जज



**ललितपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अशोक कुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय परिसर,

**● विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित**

ललितपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा जनसामान्य को प्रकृति के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी बनाना रहा। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं तथा वर्तमान समय में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने सभी उपस्थित व्यक्तियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुश्री सरिता वाधवानी, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, ललितपुर एवं देवप्रिय सारस्वत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

उक्त अवसर पर देवेश अग्रवाल, सम्बद्ध लिपिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनिल यादव, केन्द्रीय नाजिर, विनोद जैन, कैशियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

# एसपी ने छह यूपी 112 वाहन रवाना किए

**फतेहपुर।** कानून-व्यवस्था और त्वरित आपातकालीन सेवा की क्षमता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से जनपद फतेहपुर को आज छह नए चार पहिया स्कॉर्पियो वाहन यूपी-112 प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने इन वाहनों को मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हरी झंडी दिखाने के अवसर पर क्षेत्राधिकारी लैन प्रगति यादव प्रभारी यूपी-112 राम केवल पटेल सहित यूपी-112 से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि प्राप्त छह नई स्कॉर्पियो गाड़ियाँ विशेष रूप से थाना कोतवाली, मलवां, हुसैनगंज, खागा, चांदपुर तथा जाफरगंज थाना क्षेत्रों में तैनात की जाएँगी। इन वाहनों का उद्देश्य ग्रामीण और सघन आबादी वाले दोनों क्षेत्रों में यूपी-112 की त्वरित प्रतिकृति क्षमता बढ़ाना और आपात स्थितियों में रिस्पॉन्स टाइम को कम करना है। उन्होंने कहा नगरीय व ग्रामीण इलाकों में तत्काल पुलिस पहुँच सुनिश्चित करने के लिए इन चार पहिया वाहन अत्यंत उपयोगी साबित होंगे। इससे गंभीर घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही संभव होगी और आमजन में सुरक्षा की भावना और दृढ़ होगी। उपस्थित अधिकारियों को दिए निर्देश और ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वाहन संचालन, बेहतर रखरखाव तथा प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसमें वाहन गति, सतर्कता रेडियो संचार व्यवस्था प्राथमिक चिकित्सा किट और आपातकालीन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश शामिल थे। साथ ही वाहन चलाने वाले सिपाहियों को मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करने तथा किसी भी आपात स्थिति में समय पर उच्चाधिकारियों को सूचित करने का भी निर्देश दिया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर साढ़े आठ लाख पौधों का हुआ रोपण



**बांदा।** पौधारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत संचालित किया गया। पर्यावरण दिवस पर वन एवं वन्यजीव विभाग ने 64 हजार पौधे, ग्राम्य विकास विभाग ने 5 लाख 32 हजार पौधे, पंचायती राज विभाग ने 35 हजार, कृषि विभाग ने 1 लाख 33 हजार, उद्यान विभाग ने 88 हजार, नगर विकास विभाग ने 6 हजार पौधे रोपित किए। अन्य विभागों ने भी व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज रानी दुर्गावती राजकीय मेडिकल कॉलेज, नवाब टैंक अतिथिगृह में जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने रोपण कर जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। आयुक्त अजीत कुमार ने कमिश्नरी परिसर में अशोक का पौधा रोपित कर अभियान में सहभागिता की। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने पौधरोपण करते हुए जनपदवासियों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार ने भी महाअभियान में सहभागिता की।

## भागवत कथा का हुआ भव्य समापन

**फतेहपुर।** खागा क्षेत्र के ग्राम बुदवन में अष्टादश भुजा धारिणी मां दुर्गा मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 27 में से 4 जून तक रहा आज समापन अवसर पर वृंदावन धाम से पधारे व्यास पीठ कथाकार योगेश रामानुज दास ने भागवत कथा का रसपान कराते हुए अपने आध्यात्मिक अनुभवों को साझा किया और कहा कि यह मेरी 349 वीं भागवत कथा बुदवन की यह अष्टदश भुजा धारिणी मां जागृत है ऐसी दिव्य अष्टभुजा धारिणी वाली मां दुर्गा के पहली बार मैंने दर्शन किया जो भी सच्चे मन से इनके समझ माता देखा है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है उन्होंने मंदिर प्रांगण में लखनऊ से आए केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर हरिशंकर सिंह के साथ रुद्राक्ष का पवित्र पौधा भी आरोपित किया तथा व्यास पीठ से आवाहन किया कि मैं मां अष्टा भुजा धारिणी मंदिर प्रांगण में हर वर्ष निशुल्क कथा करने आऊंगा और 7 दिन मां की शरण में रहकर उनके दिव्य दर्शन करूंगा विदित हो कि पिछले शारदीय नवरात्रि महोत्सव में प्रदेश की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम के साथ खागा विधानसभा की विधायक कृष्णा पासवान भी आई थी मां अष्टादश भुजा धारिणी के दरबार में माथा टेक कर अपने मंत्री बनने का आशीर्वाद मांगा था वह पिछले मांह पूर्ण हुआ है वही ग्राम वासियों एवं क्षेत्र वासियों में बड़ा उत्साह है की मंत्री कृष्णा पासवान जल्द ही पुनः मां से आशीर्वाद लेने आएंगी। आज हवन एवं भंडारे के साथ कन्या भोज एवं कथा का समापन हुआ इस भागवत कथा के यजमान रहे बिंदेश्वरी अग्रहरि व समस्त परिवार मौजूद रहा इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर हरिशंकर सिंह राजेश्वर गुप्ता रामेश्वर दिनेश बोधन लाल पप्पू मुन्ना लाल छंगू राजू शुभम अग्रहरी अमन अग्रहरि दशरथ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सदर विधायक ने गुलाबबाग में सुनी समस्याएं, रोपे पौधे



**बांदा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने शहर के गुलाबबाग, अलीगंज, अतर्रा चुंगीचैकी क्षेत्र का भ्रमण किया। कार्यक्रम आयोजक वार्ड सभासद रामप्रसाद सोनी एडवोकेट ने बताया कि विधायक व मोहल्लेवासियों ने गुलाबबाग, अलीगंज रामलीला मैदान में पौधरोपण कर सभी गलियों में भ्रमण करते हुए मोहल्लेवासियों की समस्याओं को सुना। नगर पालिका के संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## नाकाम साबित हो रहे गांवों में लगे हैंडपंप



**बांदा।** नरैनी ब्लाक के फतेहगंज क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक गांवो में पानी का संकट खत्म होने का नाम नही ले रहा। गांवो में लगाए गए ज्यादातर हैंडपंप बेमकसद साबित हो रहे है। जलस्तर नीचे चले जाने से पानी की जगह हैंडपंप सू-सू की आवाज के साथ बामुश्किल एक दो बाल्टी पानी ही निकाल पाते है। लोग अपनी प्यास मिटाने को किसी तरह इंतजाम कर ही लेते है। किसानों का कहना है कि घर मे बंधे दुधारू पशुओं की प्यास कैसे मिटाएं। पानी की प्यास से व्याकुल दुधारू पशु दूर दराज निकल जाते है। नरैनी ब्लाक क्षेत्र के गांव कुलसारी, परसितपुर, महुई, जरकढा, आलमगंज, महुई, पथरा, भदैया, संग्रामपुर, बरछाडंडिया, गोबरी, गोडरामपुर सहित तमाम गांवो में लगे हैंडपंप बेमकसद साबित हो रहे है। इस क्षेत्र के गांवो में बनाये गए तालाब, बागै की सहायक छोटी नदियां, सूखी पड़ी है। किसान रामबरन, खेलावन, शिवपूजन, संजय उपाध्याय रामचन्द्र आदि ने बताया कि 10-15 फुट भूजल स्तर नीचे चले जाने से ज्यादातर हैंडपम्प पानी नही दे रहे। कुलसारी गांव में लगे सभी हैंडपंप गांववासियों का मुंह चिढ़ा रहे है। यहां के लोग बगल से लगे महुई गांव से पानी लेकर अपनी प्यास बुझाते है। हालांकि ग्राम प्रधान टैंकर से पानी देते है जो लोगो के लिए नाकाफी साबित होता है। गांवो में बनाये गए तालाबो में पानी की जगह धूल उड़ रही है। किसान रामहित, सुशील द्विवेदी, प्रमोद आदि ने बताया कि इंसान तो अपनी प्यास बुझाने को किसी तरह पानी का इंतजाम कर लेता है, प्यास से व्याकुल दुधारू पशु दूरदराज जलस्त्रोतों की तलाश में भटक जाते है। कुरुहू गांव निवासी सूरजभान, मुन्ना मिश्रा, कैलाश सोनी बताते है कि इस क्षेत्र के लोगो को बड़ी उम्मीद थी कि दो साल पहले गांवो में डाली गई पाइप लाइन बनाई गई टंकियो से पानी मिलेगा लेकिन अब तक गांववासियों को इन पाइप लाइनों से एक बूंद पानी नही मिल सका। पानी की प्यास से व्याकुल जंगली जानवर भी जंगल किनारे बसे गांवो में घुस जाते है। किसानों का कहना है कि प्रशासन अगर गांवो में बने कुओं की सफाई करवा दें तो शायद पानी की समस्या को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। जंगल क्षेत्र से बहने वाली छोटी नदियों की सफाई करवाई जाय तो जानवरो की प्यास मिटाई जा सकती है।

# भाजपा सहित कांग्रेसियों व सामाजिक संस्थाओं ने किया पौधरोपण



**बांदा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा सहित जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सामाजिक संस्थाओं ने पौधारोपण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कनवारा मार्ग स्थित कार्यालय परिसर में अशोक का वृक्ष लगाते हुए कहा कि प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन एक दायित्व मात्र नहीं हैं बल्कि हमारी संस्कृति एवं संस्कारों का भी अभिन्न हिस्सा हैं। जिला उपाध्यक्ष अमित सेठ भोलू, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष देशराज सिंह, जिला महामंत्री निखिल सक्सेना, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह धीरू, दीपक शुक्ला, कार्यालय मंत्री दिलीप तिवारी, राममोहन गुप्ता, आनंद गौतम आदि मौजूद रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाने वाला एक प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना और लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पर्यावरण के संरक्षण के लिए शुरू किया गया सबसे बड़ा वार्षिक अभियान है। इस दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1972 में स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर सम्मेलन में की थी। 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। हर साल पर्यावरण से जुड़ी एक विशेष और ज्वलंत समस्या जैसे प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण, या इकोसिस्टम बहाली को थीम के रूप में चुना जाता है ताकि पूरी दुनिया उसी दिशा में ठोस कदम उठाए, इस दिन को केवल एक आयोजन तक सीमित न रखकर, आम जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करके पर्यावरण को बचाया जा सकता है, नदियों से बालू का खनन पर पूरी तरह रोक लगाना चाहिए, पहाड़ों एवं पेड़ों की कटान पर रोक लगनी चाहिए, अधिक से अधिक पौधरोपण-प्लास्टिक का प्रयोग बंद करना, पानी को व्यर्थ न बहाएं और बिजली बचाने के लिए सौर ऊर्जा जैसे विकल्पों को अपनाए, कचरे को रिसायकल करना और जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए। पौधरोपण में पीसीसी सदस्य आदिशक्ति दीक्षित, महिला जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बीलाल भाई, संतोष कुमार द्विवेदी, ईशू फैज खान, आरिफ निजामी, लालबाबू राजपूत, सेवालाल वर्मा रहे। इसी तरह जिला युवा अधिकारी सुशील करोलिया के निर्देशन में अतर्रा रोड स्थित जमुनादास महावीरन की बगिया प्रांगण बड़ोखर खुर्द में पौधरोपण किया गया।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश पौधे लगायें

**फतेहपुर।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर आज जिले में ₹एक पेड़ माँ के नाम पहल की शुरूआत की गई। कार्यक्रम जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान मुंशी प्रेमचन्द परिसर में घटित हुआ, जिसमें प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री, खाद्य एवं औषधि प्रशासन स्वतंत्र प्रभार उ.प्र. सरकार अजीत सिंह पाल, राज्यमंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास कृष्णा पासवान भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा पौधरोपण कर किया गया। प्रभारी मंत्री ने कपूर के पौधे, राज्यमंत्री पशुधन ने कपूर तथा भाजपा जिलाध्यक्ष व प्रशासनिक अधिकारियों ने कचनार के पौधे रोपकर समारंभ में भाग लिया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के आह्वान पर प्रत्येक नागरिक एक पेड़ माँ के नाम₹ अवश्य लगाए और दूसरों को भी प्रेरित करें। सभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और वृक्षारोपण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण आगामी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है तथा पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने परंपरागत प्रजातियों तथा फलदार पौधों के रोपण पर विशेष बल दिया और कहा कि प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए तथा पेड़ों को काटने की अनुमति न दें। राज्यमंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक की सराहना की और कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि पेड़ हमारे जीवन में कितने आवश्यक हैं।

उन्होंने गंगा यमुना तथा अन्य नदियों में कूड़ा प्रवाहित न करने और स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह भी किया। साथ ही उन्होंने विश्व दुग्ध दिवस के अवसर और मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गौशालाओं से एक-एक गाय लेने का भी प्रोत्साहन दिया, जिसमें प्रति गौवंश 1500 रुपए प्रति माह सहायता दी जाती है।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की आवश्यकता ने हमें पेड़ों के महत्व का एहसास कराया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें पेड़-पौधे विरासत में दिए हैं।

# लो रैंकिंग वाले विभाग अपनी रैंकिंग सुधारें: प्रभारी मंत्री



**महोबा।** राज्यमंत्री श्रम एवं सेवयोजन विभाग व प्रभारी मंत्री महोबा मनोहर लाल कोरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मंत्री जी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर गौशाला में वृक्षारोपण करवाया जाए और सभी गौशालाओं में हरा चारा, पानी, भूसा एवं टीन शेड की व्यवस्था की जाए तथा दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को तत्काल राहत दी जाए। जल निगम को निर्देशित किया कि जिन गांवो में पानी नहीं पहुंच रहा हैं वहां पानी पहुंचाये।

उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द जर्जर तारों एवं पोलों की मरम्मत की जाये। उन्होंने उद्यान विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ दिए जाये। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषि विभाग की योंजनाओं का लाभ सभी कृषकों को दिए जाये। उन्होंने जिला पंचायती राज अधिकारी को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांवो में निरंतर सफाई कराने के निर्देश दिए। मंत्री जी ने सी, डी व ई रैंकिंग वाले विभागों के आधिकारिओं को रैंकिंग में सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की कटी हुयी पुलियों की मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त पुलियों का नया निर्माण कराया जाये तथा सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सप्ताह में एक बार एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे योजना अंतर्गत पाइप लाइन डालने में जो भी सड़क खराब हुईं है उन्हें तत्काल बनवाया जाये। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाये जाए और मिड डे मील की गुणवत्ता भी जांच करते रहें। उन्होंने कानून व्यवस्था पर निर्देशित करते हुए कहा कि शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर सदर विधायक राकेश गोस्वामी, विधायक चरखारी ब्रजभूषण राजपूत, सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज मौजूद रहे।

### खड़े ट्रक से टकराई निगम की बस चालक की मौत

फतेहपुर में हुआ एक बड़ा सड़क हादशा, सीमेंट लदे खड़े ट्रक से टकराई लीडर रोड डिपो की रोडवेज बस, बस चालक की हुई दर्दनाक मौत। फतेहपुर के मलवां थाना क्षेत्र के नशेमन होटल के पास शुक्रवार को सुबह लगभग 5 बजे बड़ा हादसा हो गया। कानपुर से प्रयागराज जा रही तेज रफ्तार रोडवेज बस खड़े ट्रक से टकरा गई। ट्रक और बस की टक्कर इतनीजबरदस्त थी कि बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई और कई यात्री घायल हो गए। सड़क किनारे बने होटल और रेस्टोरेंट संचालित होने से चालक अपने वाहन सड़क में ही खड़ा कर देते है जिससे आय दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। जानकारी के मुताबिक चालक को झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर सड़क के ऊपर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे के बाद मौके परचीखपुकार मच गई।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बजाज पावर प्लांट का हरित संकल्प, पौधरोपण अभियान आयोजित

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिकारियों, कर्मचारियों और परिवारजनों ने किया पौधरोपण

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बजाज पावर प्लांट, चिगलौआ परिसर में पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस वर्ष की थीम प्रकृति से प्रेरित, जलवायु संरक्षण के लिए समर्पित और सुरक्षित भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध को केन्द्र में रखते हुए प्लांट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ यूनिट हेड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ए.एन. सार ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान कार्यकारी निदेशक ए.के. पांडेय, महिला मैत्री क्लब अध्यक्ष अलका सार, क्लब की सदस्याओं, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा कामगारों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी प्रदीप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और कामगार उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.एन. सार ने कहा कि सतत विकास और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व किसी भी जिम्मेदार उद्योग की कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा कि बजाज पावर प्लांट स्वच्छ पर्यावरण, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और हरित विकास के प्रति पूर्णतरू प्रतिबद्ध है। उनका कहना था कि आज किया गया पर्यावरणीय निवेश आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की मजबूत आधारशिला बनेगा। कार्यकारी निदेशक ए.के. पांडेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण तभी प्रभावी हो सकता है जब उद्योग, प्रशासन और समाज मिलकर साझा उद्देश्य के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण



केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सतत विकास के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने और जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने पर भी विशेष बल दिया। कार्यक्रम के दौरान मनोज मेहता एवं आलोक श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा भावी पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अविनाश कुमार, राजेश वर्मा, मनोज वर्मा, अखिलेश खुरसवार, राजीव श्रीवास्तव, सुभ्रांशु महापात्रा, प्रवीण त्रिपाठी, अभिनव भारद्वाज, अभिमन्यु उपाध्याय, मिलिंद कर्माकर, अनुराग चैबे, उदय प्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अलावा ईएचएस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। संचालन दीपक आनंद ने किया।

संक्षेप

## टोयोटा ने पेश किया न्यू इनोवा क्रिस्टा

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारत की सबसे पसंदीदा एमपीवी न्यू इनोवा क्रिस्टा लॉन्च करने की घोषणा की है। इसमें नए बोल्ड डिजाइन एलिमेंट्स और अतिरिक्त सुविधाएँ शामिल हैं। टोयोटा की एवर बेटर कार्स फिलॉसफी और मजबूत कस्टमर-फर्स्ट अप्रोच के अनुरूप, यह नवीनतम अपग्रेड बदलती ग्राहक अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। इससे लाखों भारतीय परिवारों के लिए भरोसेमंद मोबिलिटी पार्टनर के रूप में इसकी विरासत और मजबूत होगी।दो दशकों से अधिक की अनमैच्ड और अनराइवल्ड यात्रा से आकार पाई इनोवा क्रिस्टा भारत की सबसे पसंदीदा एमपीवी बनी हुई है, जो अपनी भरोसेमंद परफॉर्मेंस, आराम, सुरक्षा, लक्जरी और पावर के लिए जानी जाती है। इस मजबूत नींव पर आधारित न्यू इनोवा क्रिस्टा टोयोटा की निरंतर सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसमें चुनिंदा ग्रेड्स में अतिरिक्त फीचर्स दिए गए हैं, जो फंक्शनल और एस्थेटिक एन्हांसमेंट्स का सोच-समझकर किया गया मेल हैं।

## सेमाग्लूटाइड की सिंगल-शॉट प्री-फिल्ड सिरिंज लॉन्च

मुंबई। अल्केम लेबॉरेट्रीज लिमिटेड ने सिंगल-शॉट प्री-फिल्ड सिरिंज फॉर्मेट में सेमाग्लूटाइड के लॉन्च की घोषणा की। यह उत्पाद विभिन्न डोज के विकल्प में उपलब्ध होगा और इसकी शुरूआती कीमत रुपये 350 रखी गई है।अल्केम भारत में सेमाग्लूटाइड को सिंगल-शॉट प्री-फिल्ड सिरिंज फॉर्मेट में पेश करने वाली पहली कंपनी है। यह लॉन्च मरीजों के लिए उपचार के विकल्पों का विस्तार करता है और किफायती मूल्य निर्धारण के माध्यम से उपचार शुरू करने की बाधाओं को कम करता है। कंपनी को टाइप-2 डायबिटीज मेलिटस और मोटापे के प्रबंधन हेतु, आहार और व्यायाम के साथ सहायक उपचार के रूप में सेमाग्लूटाइड प्री-फिल्ड सिरिंज के निर्माण और विपणन की मंजूरी प्राप्त हुई है।

## एबीडी ने ओडिशा के बाजार में रखा कदम

भुवनेश्वर। एबीडी ने आज ओडिशा बाजार में कदम रखने की घोषणा की है। कंपनी ने भुवनेश्वर में अपनी चार प्रीमियम उत्पादों की शुरूआत की है। यह लॉन्च एबीडी माएस्ट्रो के लिए एक बड़ा कदम है। कंपनी अब उच्च संभावना वाले बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। यह कदम कंपनी के उस दृष्टिकोण को दर्शाता है जिसमें वो भारतीय उपभोक्ताओं के बदलते स्वाद के हिसाब से सांस्कृतिक रूप से जुड़ाव वाली आधुनिक लग्जरी अल्कोहल बनाना चाहती है। ओडिशा में एबीडी माएस्ट्रो का संग्रह चार अलग-अलग ब्रांड्स को एक साथ लाता है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी एक अनूठी पहचान है। ओडिशा ने हमेशा हुनर और कला की कद्र की है। इसने पूरी दुनिया को पट्टचित्र, पिपली का पैचवर्क, चांदी की तारकशी, कोटपाड़ और इकत जैसी खूबसूरत कलाकृतियाँ दी हैं। ओडिशा के लोगों में नई और अनोखी चीजों को समझने की बहुत अच्छी समझ है। हमारी ड्रिंक्स और अनुभवों की दुनिया में, ओडिशा हमारे लिए सबसे खास है।

## आरएसपीएल ग्रुप ने पूरे किये 50 वर्ष

नई दिल्ली। आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह यात्रा आज एक वैश्विक पहचान में बदल चुकी है। आरएसपीएल की स्थापना एक छोटे से उद्यम के रूप में की थी।पिछले पांच दशकों में कंपनी ने भारत में बना, भारतीयों के लिए बना के अपने मूल दर्शन को केंद्र में रखते हुए उपभोक्ताओं का भरोसा जीता और देश के प्रमुख एफएमसीजी समूहों में अपनी पहचान बनाई।50 वर्षों की यह उपलब्धि गुणवत्ता, नवाचार और उपभोक्ताओं के विश्वास का परिणाम है।

## समुद्री खाद्य क्षेत्र में भारत के पास बहुत मौके

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक समुद्री खाद्य कारोबार में भारत की हिस्सेदारी सिर्फ पांच प्रतिशत है, जबकि इस क्षेत्र में देश के पास बहुत ज्यादा मौके हैं। विशाखापत्तनम में समुद्री खाद्य निर्यात पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश की ब्लूइकॉनमी का विकास देश की तरक्की में अहम योगदान देगा।

# सेंसेक्स में 117 अंकों की गिरावट




मुंबई। मौद्रिक नीति घोषणाओं के बीच शेयर बाजारों में शुक्रवार को मुनाफावसूली होने से गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 117 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी 49.85 अंक नुकसान में रहा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाने और महंगाई के अनुमान को बढ़ाने के बीच मुनाफावसूली होने से बाजार नुकसान में रहा। साथ ही विदेशी पूंजी की निकासी और एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 116.67 अंक यानी 0.16 प्रतिशत टूटकर 74,243.34 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान उंचे में 74,717.57 गया और नीचे में 73,988.75 तक आया। इस तरह सेंसेक्स में कुल 728.82 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 49.85 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,366.70 पर बंद हुआ। आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के अनुरूप प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। इसके साथ पश्चिम एशिया संघर्ष, ऊर्जा की उंची कीमतों और वैश्विक आपूर्ति शृंखला में समस्या के कारण वृद्धि और मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों के बीच विदेशी पूंजी आकर्षित करने और रुपये को समर्थन देने के लिए कई उपायों की घोषणा की गई। आरबीआई ने मौजूदा परिस्थितियों पर गौर करते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत जबकि खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया। मौद्रिक नीति उम्मीद के अनुरूप रहने से घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद हुए। आरबीआई के उपायों से रुपये को मजबूत करने में मदद मिली। हालांकि, वृद्धि अनुमान में कमी और मुद्रास्फीति के संतुलित दृष्टिकोण के बीच निवेशकों ने मुनाफावसूली को तरजीह दी। सरकार ने घोषणा की है कि वह एक अप्रैल, 2026 से सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले पात्र विदेशी निवेशकों के लिए ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर कर छूट देगी। वहीं आरबीआई ने बिना पाबंदी वाले विदेशी निवेश मार्ग के तहत उपलब्ध सरकारी बॉन्ड के दायरे को बढ़ाया है। नीतिगत निर्णय के साथ, आरबीआई और सरकार ने विदेशी पूंजी को आकर्षित करने और लगातार विदेशी पोर्टफोलियो निवेश निकासी के बीच भारतीय रुपये को समर्थन देने के लिए उपायों के एक व्यापक पैकेज की घोषणा की है। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.11 प्रतिशत कमजोर होकर 94.93 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजारों के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 4,447.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# रुपया 81 पैसे के उछाल से 94.93 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया शुक्रवार को 81 पैसे के उछाल के साथ 94.93 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने और विदेशी मुद्रा प्रवाह मजबूत करने के लिए कदम उठाने के बाद घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 94.89 के उच्च स्तर तक पहुंचा और अंततः 94.93 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद स्तर से 81 पैसे की मजबूती है। रुपया बृहस्पतिवार को दो पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.74 पर बंद हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखने और तटस्थ रुख बनाए रखने का निर्णय लिया है। रेपो दर को तटस्थ रुख के साथ 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने और चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत करने से आरबीआई ने स्पष्ट कर दिया है कि दर नीति का उपयोग महंगाई नियंत्रण के लिए होगा और रुपये की रक्षा पूंजी खाते के माध्यम से की जाएगी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.22 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 116.67 अंक टूटकर 74,243.34 अंक पर जबकि निफ्टी 49.85 अंक फिसलकर 23,366.70 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 94.75 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने 4,447.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 682 अरब डॉलर पर

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 682.3 अरब डॉलर के मजबूत स्तर पर है जो लगभग 11 महीनों के आयात के लिए पर्याप्त है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न नीतिगत पहल भुगतान संतुलन को मजबूत करने में मदद करेंगी। उन्होंने बताया कि इन उपायों में प्रमुख व्यापार साझेदारों के साथ हाल के समझौते, बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति, एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम, ऊर्जा बदलाव को बढ़ावा, सीमावर्ती देशों के लिए एफडीआई नियमों में ढील, बाह्य यानी विदेशों से वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) ढांचे का उदारीकरण और अन्य कदम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 मई 2026 तक 682.3 अरब डॉलर के मजबूत स्तर पर था, जो लगभग 11 महीने के आयात और विदेशी ऋण (89.1 प्रतिशत) जैसे भंडार पर्याप्तता के मानकों के हिसाब से पर्याप्त है। हमारा विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से सुरक्षा प्रदान करता है। हमारे पास नियामकीय तथा बाजार-आधारित कई साधन हैं जिनसे आवश्यकता पड़ने पर प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं।

# वैश्विक जीडीपी हिस्सेदारी में चीन को पछाड़ देगा भारत

नयी दिल्ली। भारत वर्ष 2060 के आसपास क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सेदारी के मामले में चीन को पीछे छोड़ सकता है जबकि सदी के उत्तरार्द्ध में चीन की हिस्सेदारी घटने की संभावना है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया।

क्रय शक्ति समता (पीपीपी) उन कुल वस्तुओं एवं सेवाओं की मात्रा को मापती है, जिसे किसी देश की मुद्रा की एक इकाई दूसरे देश में खरीद सकती है। इस रिपोर्ट को शोध संस्थान वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब (डब्ल्यूआईएल) से जुड़े शोधकर्ताओं ने तैयार किया है। पेरिस स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स (पीएसई) में स्थित डब्ल्यूआईएल वैश्विक असमानताओं के अध्ययन पर काम करता है। रिपोर्ट कहती है कि वर्तमान में चीन की पीपीपी के संदर्भ में वैश्विक जीडीपी में लगभग 20 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो अमेरिका की तुलना में लगभग एक-तिहाई अधिक है। इसमें वर्ष 2035 तक चीन की अर्थव्यवस्था के अमेरिका से लगभग दोगुनी होने का अनुमान भी जताया गया है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की जनसंख्या हिस्सेदारी तेजी से घट रही है। वर्ष 1945 में जहां यह दुनिया की जनसंख्या का लगभग 23 प्रतिशत थी, वहीं 2025 में यह घटकर करीब 17 प्रतिशत रह गई है और वर्ष 2100 तक इसके आठ प्रतिशत से भी कम रह जाने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है, इसी वजह से 21वीं सदी के दूसरे हिस्से में चीन की वैश्विक जीडीपी में हिस्सेदारी स्थिर होने के बाद घटने का अनुमान है। लगभग वर्ष 2060 तक भारत के चीन को पीछे छोड़ देने की संभावना है। इसके मुताबिक, इस बात की संभावना बहुत कम है कि चीन कभी उस तरह का वैश्विक प्रभुत्व हासिल कर सकता है जैसा अमेरिका ने लगभग 1950 के आसपास या यूरोप ने 19001910 के बीच हासिल किया था। इसके चलते भविष्य में वैश्विक अर्थव्यवस्था के बहुध्रुवीय बने रहने की संभावना जताई गई है। मौजूदा समय में भारत में असमानता चीन की तुलना में कहीं अधिक है, लेकिन उत्पादकता वृद्धि अपेक्षाकृत कम है। मानव पूंजी में चीन के अधिक और बेहतर निवेश को इसका कारण बताया गया है।

# भारत के साथ व्यापार वार्ता में प्रगति को लेकर आशान्वित है अमेरिका

एजेंसी

न्यूयॉर्क। भारत के साथ व्यापार वार्ता की प्रगति को लेकर अमेरिका काफी आशान्वित है और दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकता बना हुआ है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टोमी पिगोट ने यह जानकारी दी। पिगोट ने बृहस्पतिवार को न्यूयॉर्क फॉरेन प्रेस सेंटर में चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों के साथ आयोजित एक गोलमेज बातचीत के दौरान पीटीआई-भाषा के एक सवाल के जवाब में यह बात कही।उन्होंने कहा, व्यापार के मुद्दे पर हम व्यापार वार्ताओं में हो रही प्रगति को लेकर बहुत उम्मीदें रखते हैं। पिगोट ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) के अधिकारियों की हालिया भारत यात्रा का ज़िक्र करते हुए दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के रिश्तों को आगे बढ़ाने में भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर की भूमिका पर भी ज़ोर दिया। पिगोट ने कहा, उन्होंने इस व्यापार के मुद्दे को वाकई बहुत अहम बना दिया है ,जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय निवेश के माध्यम से भी और अधिक खास बन गए।

# रेपो दर स्थिर रखने का आरबीआई का फैसला संतुलित कदम




नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय संतुलित कदम है और यह कारोबार धारणा को मजबूत बनाने के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देगा। रेपो दर को यथावत रखने का यह संतुलित एवं सोच-समझकर उठाया गया कदम कारोबारी धारणा को मजबूती देगा और आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेगा।

मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि मजबूत बने रहने की उम्मीद है। यह निर्णय मुद्रास्फीति को लक्षित दायरे में रखते हुए आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के बीच संतुलन को दर्शाता है। सान्याल ने कहा कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं, विशेषकर ऊर्जा कीमतों, व्यापार प्रवाह और मुद्रास्फीति पर संभावित प्रभावों के बीच आरबीआई ने नीतिगत लचीलापन बनाए रखा है। यह कदम घरेलू अर्थव्यवस्था में विश्वास को दर्शाता है और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप समय के हिसाब से कदम उठाने की गुंजाइश भी बनाए रखता है। आरबीआई ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए शुक्रवार को नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसके साथ ही तटस्थ रुख को भी कायम रखा गया है। आरबीआई का यह फैसला मजबूत आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ कच्चे तेल की कीमतों, खाद्य मुद्रास्फीति, रुपये में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति शृंखला बाधाओं और वैश्विक अनिश्चितताओं से जुड़े जोखिमों के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। प्रमुख ब्याज दर में स्थिरता से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को पहले से अनुमान लगाने की सुविधा मिलती है, जिससे उन्हें नकदी प्रवाह की बेहतर योजना बनाने, भंडार प्रबंधन, ऋण भुगतान और मूल्य निर्धारण में आसानी होती है। स्थिर कर्ज लागत से उद्यमियों को विस्तार, नियुक्ति और प्रौद्योगिकी निवेश जैसे निर्णय अधिक आत्मविश्वास के साथ लेने में मदद मिलती है। साथ ही, एमएसएमई क्षेत्र के लिए यह स्थिरता दीर्घकालिक अनुबंधों और कार्यशील पूंजी प्रबंधन में भी सहायक है। मुद्रास्फीति अनुमान में बढ़ोतरी यह संकेत देती है कि आने वाले समय में एक से दो बार ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि मानसून और वैश्विक परिस्थितियों का प्रभाव भी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। विदेशी पूंजी प्रवाह, बाह्य वाणिज्यिक उधारी और एनआरआई जमा पर उठाए कदम रुपये को मजबूत करने के लिए एक सकारात्मक पहल हैं।

# बीसीएमएल व लखनऊ कैंटोनमेन्ट बोर्ड ने लॉन्च की नयी पहल



लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सस्टेनेबिलिटी एवं जिम्मेदाराना उपभोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने लखनऊ छावनी बोर्ड के सहयोग से आज बायोगुग ग्रीन कमांड 2026 का औपचारिक लॉन्च किया। अपनी तरह का पहला यह प्लेटफॉर्म भारत के बायोप्लास्टिक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

इस पहल का उद्घाटन भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हुआ। उनकी उपस्थिति पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार इनोवेशन, स्वदेशी निर्माण और पारंपरिक प्लास्टिक के सस्टेनेबल विकल्पों पर देश के बढ़ते फोकस को दर्शाती है। कार्यक्रम के दौरान बलरामपुर बायोयुग और लखनऊ छावनी बोर्ड के बीच एक औपचारिक साझेदारी की शुरूआत हुई। इससे पहले इसी साल एक ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे तथा बीसीएमएल ने कम्पोस्टेबल पीएलए-आधारित उत्पादों के लिए अपना पहला संस्थागत ऑर्डर दिया था। इस अवसर पर बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर विवेक सराओगी ने कहा कि भारत अपनी सस्टेनेबिलिटी यात्रा के एक अहम मोड़ पर है, जहाँ आर्थिक विकास और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को साथ-साथ आगे बढ़ना होगा।

## पेज एक का शेष

### तीन लाख

समर्थन मिलेगा और नवोन्मेष आधारित विकास में तेजी आएगी। उन्होंने कहा यह स्पष्ट है कि विश्व की डिजिटल अर्थव्यवस्था का भविष्य तेजी से भारत में आकार ले रहा है। एयरट्रंक एक हाइपरस्केल डेटा सेंटर विशेषज्ञ है जो एशिया-प्रशांत और पश्चिम एशिया (एपीएमई) क्षेत्र में क्लाउड, सामग्री और बड़े उद्यमों के लिए एक मंच तैयार करती है। एयरट्रंक के सीईओ खुदा ने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने प्रौद्योगिकी निवेश के लिए इसे दुनिया के सबसे आकर्षक स्थलों में से एक बनने में मदद की है। कंपनी के बयान में उनके हवाले से कहा गया है, भारत के पास वैश्विक एआई पावरहाउस बनने के लिए आवश्यक क्षमता, प्रतिभा और महत्वाकांक्षा है। एयरट्रंक इस दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए उत्साहित है। भारत में सबसे बड़े विदेशी निवेशकों में से एक, ब्लैकस्टोन और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपीआईबी) समर्थित, एयरट्रंक का प्रस्तावित निवेश कार्यक्रम देश में वर्तमान में विचाराधीन सबसे बड़ी डिजिटल अवसंरचना पहल में से एक होगा और क्लाउड और कृत्रिम मेधा में वृद्धि के अगले चरण को सक्षम बनाने में मदद करेगा।

### कच्चे तेल

प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। हालांकि, सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति आरबीआई के दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे के साथ चार प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। एमपीसी ने आगाह किया है कि वैश्विक ऊर्जा की उंची कीमतें और आपूर्ति में अचानक आए झटके मजदूरी और मुद्रास्फीति अनुमान पर आगे और प्रभाव डाल सकते हैं। मल्होत्रा ने कहा, एमपीसी ने अधिक स्पष्टता आने तक इंतजार करना उचित समझा...। केंद्रीय बैंक आंकड़ों और मुद्रास्फीति के जोखिमों पर बारीकी से नजर रखेगा। आरबीआई ने कहा कि उपभोग, निवेश और विनिर्माण और सेवाओं में निरंतर विस्तार के कारण घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है। हालांकि, ऊर्जा की उंची लागत, कमजोर वैश्विक मांग और सामान्य से कम मानसूनी बारिश का अनुमान वृद्धि के लिए जोखिम पैदा करते हैं। सरकार ने घोषणा की है कि वह एक अप्रैल, 2026 से सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले पात्र विदेशी निवेशकों के लिए ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर कर समाप्त कर देगी। आरबीआई ने बिना पाबंदी वाले विदेशी निवेश मार्ग के तहत उपलब्ध सरकारी बॉन्ड के दायरे को बढ़ाया है।

### यूपी ने

मित्र के रूप में मान्यता दी गई है। यह जीवन चक्र आपस में जुड़ा है। सीएम ने कुकरैल वन क्षेत्र के शानदार प्राकृतिक वातावरण का जिक्र करते हुए कहा कि वहां और लखनऊ के तापमान में अंतर होता है। लखनऊ में 45 तो कुकरैल में तापमान 40 या उससे कम होगा। प्रकृति की गोद में जो भी आगे बढ़ेगा, वह आरोग्यता के लिए महत्वपूर्ण होगा। हमने कुकरैल से अवैध कब्जे हटाए। आज कुकरैल के किनारे लखनऊ का सबसे शानदार प्राकृतिक दृश्य सौमित्र वन भी दिख रहा है। सीएम ने विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम इंस्पायर्ड बाई नेचर फॉर क्लाईमेट फॉर अवर फ्यूचर का जिक्र किया और कहा कि स्वच्छ वायु, निर्मल जल, उपजाऊ भूमि व हरित वन मानव सभ्यता की जीवन रेखा हैं। जब प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी मानवता सुरक्षित रह पाएगी। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में जल व सबमर्सिबल की व्यवस्था हो गई है, लेकिन पहले कुआं खोदना पवित्र कार्य माना जाता था। दस कुओं के बराबर एक बावड़ी, दस बावड़ी के बराबर एक तालाब, दस तालाब के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है यानी वृक्ष का महत्व सर्वाधिक है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने तीन वर्ष पहले ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान का आह्वान किया था। उन्हीं की प्रेरणा से 9 वर्ष में प्रदेश में पौधरोपण के वृहद कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। संकटों का सामना करने के लिए पीएम ने वसुधैव कुटुम्बकम के अनुरूप ह्यएक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्यह्न का संदेश भी दुनिया को दिया है। उनके आहवान पर हम सब भारतवासी पौधरोपण महाभियान के तहत जननी व जन्मभूमि के प्रति पर्यावरण की चुनौतियों का सामना करते हुए प्रकृति के साथ खड़े हैं। सीएम ने कहा कि मार्च 2017 में पौधरोपण के लिए वन विभाग की नर्सरी में बमुश्किल 5 लाख पौधे मिल पाए थे, लेकिन आज सरकारी व निजी नर्सरी में 55 करोड़ पौधे तैयार हैं। आज प्रदेश भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पांच करोड़ पौधे लग रहे हैं। अब जुलाई में महाभियान चलाएंगे और एक दिन में नागरिकों के साथ मिलकर 35 करोड़ पौधे लगाएंगे। सीएम ने ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण, बायो डायवर्सिटी के क्षरण व जल संकट को चैलेंज बताया। उन्होंने कहा कि इसके कारण पर्यावरण में ग्रीन हाउस गैस तथा ऐसे पार्टिकल आ रहे हैं तो लंग्स को प्रभावित कर रहे हैं। वातावरण में ऐसी चीजें घुल रही हैं, जो पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हैं। इससे वर्षा का चक्र ही बदल गया है। कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी जल संसाधन की दृष्टि से समृद्धतम राज्यों में से एक है। हमारे पास अनेक साइट्स हैं, उन्हें चिह्नित करना होगा। अवैध कब्जों से मुक्त कराना होगा। 9 वर्ष पहले प्रदेश में केवल एक रामसर साइट थी, आज 13 हो गई हैं। इमरजेंसी के खिलाफ शंखनाद करने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जयप्रकाश की पावन जन्मभूमि बलिया के अंदर सुरहा ताल का 13वें रामसर साइट्स के रूप में चयन हुआ है। 2021 में पीएम मोदी ने गोरखपुर में फर्टिलाइजर प्लांट का शुभारंभ किया। मैंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि कारखाने से सटा चिलुआताल है, यदि इसका संरक्षण करेंगे तो अच्छा जल मिल सकता है।

### मजबूत और

आह्वान किया। सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा दुनिया अब भारत को एक कमजोर देश के रूप में नहीं देखती, बल्कि एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्वीकार करती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और वैश्विक स्तर पर इसकी सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत की विश्वसनीयता बढ़ी है और यही इसकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। सिंह ने पश्चिम एशिया में जारी संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत में महंगाई नियंत्रण में है और अन्य देशों की तुलना में स्थिति बेहतर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित अधिकांश लक्ष्यों को समय पर पूरा किया गया है और पौधारोपण जैसे पर्यावरणीय लक्ष्यों को भी पूरा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ छावनी क्षेत्र में एक पौधा लगाया।

### प्रकृति व प्रगति

संसाधनों के संरक्षण और उनके विवेकपूर्ण उपयोग की सीख देती हैं। यही कारण है कि पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा भारतीय जीवन दर्शन का अभिन्न अंग रही है। उन्होंने कहा कि आज विश्व जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का सामना कर रहा है। अनियमित मौसम, जल स्रोतों में कमी, हिमनदों का तेजी से बदलता स्वरूप और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाएं गंभीर चेतावनी हैं। इन परिस्थितियों में सामूहिक प्रयास ही प्रभावी समाधान बन सकते हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित पर्यावरणीय जागरूकता अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से ही पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक पौधारोपण करने और लगाए गए पौधों की देखभाल को भी अपनी जिम्मेदारी मानने का आग्रह किया। उन्होंने उत्तराखंड के ऐतिहासिक चिपको आंदोलन का स्मरण करते हुए कहा कि प्रदेश की महिलाओं ने प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में जो प्रेरणादायी भूमिका निभाई, वह आज भी पूरे देश के लिए मार्गदर्शक है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति वही जागरूकता और प्रतिबद्धता वर्तमान समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम से पूर्व, मुख्यमंत्री ने भीमताल स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने नैनीताल जिले के लिए विभिन्न आधारभूत और जनकल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कुल 96 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से तैयार और प्रस्तावित 13 परियोजनाओं में 6 पूर्ण विकास कार्यों का उद्घाटन तथा 7 नई योजनाओं की आधारशिला रखी गई।

### नीट पेपर में

न ही उनके जब्त किए गए दो मोबाइल फोन में कोई आपत्तिजनक सामग्री मिली, और वह चक्कर आने जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं।वाघमारे को 14 मई को गिरफ्तार किया गया था और वह न्यायिक हिरासत में हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पेपर लीक के आरोपों के बीच चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीन मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातक) (नीट) को रद्द कर दिया। पुनः परीक्षा 21 जून को निर्धारित की गई है।

### देश का

घोषणा की गई। बलिया स्थित सुरहा ताल देश का 100वां व उत्तर प्रदेश का 13वां रामसर साइट्स बना। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने मंच पर इसका प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश के रामसर स्थलों के डॉकेट व बुकलेट का भी विमोचन किया। यूपी कैंप के लोगो के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 100 स्कूलों के 2000 विद्यार्थियों समेत प्रोफेशनल व डिजाइनर्स ने भी हिस्सा लिया। सीएम ने मंच पर इसके विजेताओं को भी पुरस्कृत किया।

### प्रदेश में

पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा जोखिमों और उससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसी भी आपात स्थिति में जन-धन की हानि को न्यूनतम करना है, जिसके लिए बचाव एवं शमन के उपायों को लगातार मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग ने बताया कि इस अत्याधुनिक प्रणाली के माध्यम से मौसम की सटीक और रियल-टाइम जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे आपदा की पूर्व चेतावनी समय पर दी जा सकेगी।

### केरल में

(मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड) में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं रविवार के लिए मलप्पुरम, कोझिकोड और वायनाड में रेड अलर्ट जारी किया गया है। रेड अलर्ट को देखते हुए, वायनाड, कोझिकोड और कासरगोड जिलों में पर्यटक ट्रेकिंग स्थलों में प्रवेश और पहाड़ी सड़कों पर रात्रि यात्रा के साथ-साथ पत्थर खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वायनाड और कासरगोड जिलों में छह जून को शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया था। शुक्रवार के लिए, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।इसके अलावा, राज्य के शेष छह जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।




# भारतीय को कड़ी चुनौती देगी अफगानिस्तान टीम

## डब्ल्यूटीसी मैचों से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ उचित संयोजन तैयार करने उतरेगा भारत

मुल्लांपुर। भारत का पिछले कुछ समय में घरेलू टेस्ट मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन रहा है, लेकिन उसकी टीम अब भी बेहद मजबूत है और वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के महत्वपूर्ण मैचों से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में उचित संयोजन तैयार करने की कोशिश करेगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाला यह मैच डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं है लेकिन टीम की दिशा तय करने के लिहाज से यह काफी महत्वपूर्ण है। इन दोनों टीम के बीच इससे पहले 2018 में टेस्ट मैच खेला गया था जिसमें अफगानिस्तान ने लंच और चाय के सत्र के बीच 10 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद तीसरे सत्र में उसकी दूसरी पारी भी सिमट गई थी और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा था। अब2026 में हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान की टीम भारतीय टीम को कड़ी चुनौती देने की कोशिश करेगी जो बदलाव के दौर से गुजर रही है और अभी तक उचित संयोजन तैयार करने के लिए संघर्ष कर रही है। इसके बावजूद भारत का पलड़ा काफी भारी नजर आ रहा है। लेकिन भारतीय खिलाड़ी पिछले साल बेहतरीन तैयारी के साथ मैदान में उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम से 0-2 से मिली करारी हार को नहीं भूले होंगे और वह अनुभव के अंतर के बावजूद विपक्षी टीम को हल्के में न लें तो बेहतर होगा। तीसरे नंबर का बल्लेबाज और लाल गेंद की क्रिकेट में रवींद्र जडेजा के संभावित उत्तराधिकारी दो ऐसे पहलू हैं जिन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले इस मैच में दौरान सुलझाना चाहेंगे। इस मैच के दौरान भारतीय टीम प्रबंधन के लिए यह भी एक



बड़ा निर्णय होगा कि क्या साई सुदर्शन को टीम में बरकरार रखा जाएगा या फिर स्टाइलिश देवदत्त पडिक्कल को मौका दिया जाएगा जिन्होंने अभी तक दो टेस्ट मैच खेले हैं। इन दोनों खिलाड़ियों की खेल की शैली में ज्यादा अंतर नहीं है लेकिन इस मैच में इनमें से जो भी खिलाड़ी खेलेगा, टीम प्रबंधन उसे लंबी अवधि तक मौका देने पर विचार कर सकता है। इस मैच में रवींद्र जडेजा को आराम दिया गया है, लेकिन यह एक सच्चाई है कि भारतीय चयनकर्ता और टीम प्रबंधन राजकोट के इस ऑलराउंडर के बिना भी टीम को तैयार करने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण जडेजा का गेंदबाजी में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाना रहा है। जडेजा की सबसे बड़ी खूबी विदेशी परिस्थितियों में टेस्ट मैच में उनकी बल्लेबाजी है, जो अभी भी बेहतरीन है और इसलिए उनके पास अभी कुछ समय है।लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने उनके विकल्प की तलाश शुरू कर दी है और इसलिए उसने मानव सुथार और हर्ष दुबे को टीम में रखा है। अगर पिछले कुछ दिन के नेट अभ्यास पर गौर करें तो सुथार बेहतर खिलाड़ी नजर आते हैं लेकिन दुबे का पलड़ा भी कम भारी नहीं है। मानव आक्रामक गेंदबाज नजर आते हैं जबकि दुबे का रवैया थोड़ा रक्षात्मक है लेकिन उनकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत है।जहां तक भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबले की बात है तो आंकड़ों पर नजर डालने से भी अंतर स्पष्ट हो जाता है। अफगानिस्तान ने 2018 में बेंगलुरु में भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था, जिसे मेजबान टीम ने दो दिनों के भीतर ही जीत लिया था। इसके बाद से जून 2026 तक अफगानिस्तान ने 11 और मैच खेले हैं। इसी अवधि में भारत ने 67 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से ऋषभ पंत अकेले 49 मैचों का हिस्सा रहे हैं। संयोगवश, जब अफगानिस्तान आखिरी बार भारत के खिलाफ खेला था, तब पंत ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण भी नहीं किया था। 2018 की टीम से केवल केएल राहुल ही वर्तमान भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं, जबकि अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी और बल्लेबाज रहमत शाह भी उस मैच में खेले थे। अफगानिस्तान की पूरी बल्लेबाजी लाइन-अप के पास कुल मिलाकर नौ टेस्ट शतक हैं, जबकि भारतीय टेस्ट टीम में शामिल बल्लेबाजों ने 39 शतक बनाए हैं। शाहिदी की टीम ने अफगानिस्तान के जलालाबाद में एक शिविर लगाया था, लेकिन केवल अभ्यास सत्रों से ही किसी टीम को टेस्ट मैच के लिए तैयार नहीं किया जा सकता। यह मैच जून के महीने में उत्तर भारत में भीषण गर्मी में खेला जाएगा और इसमें दोनों टीम की शारीरिक फिटनेस की भी कड़ी परीक्षा होगी। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों को आईपीएल समाप्त होने के एक सप्ताह के अंदर सबसे छोटे प्रारूप से सबसे बड़े प्रारूप में खेलना है और यह भी एक चुनौती होगी।

टीम किस प्रकार हैंः

भारतः शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, मानव सुथार, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल।

अफगानिस्तानः हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, रहमानुल्लाह गुरबाज़, रहमानुल्लाह, अफ़सर ज़ज़ई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, अज़मतुल्लाह उमरज़ई, शराफुद्दीन अशरफ, नांगेयालिया खारोटे, बिलाल सामी, कैस अहमद, मोहम्मद सलीम, जियाउर रहमान। मैच शुरू होने का समयः सुबह 9:30 बजे से।

# गंभीर ने दिन के टेस्ट में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल के प्रस्ताव का किया समर्थन



मुल्लांपुर। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में खराब रोशनी की स्थिति में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल की अनुमति देने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे मैच का परिणाम हासिल करने का मौका मिलेगा। आईसीसी बोर्ड की हालिया बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों टीमों की सहमति होने पर सामान्य टेस्ट मैचों में गुलाबी गेंद के उपयोग का परीक्षण किया जा सकेगा, ताकि खराब रोशनी की आशंका होने पर अधिक से अधिक खेल संभव हो सके।

यह पता चला है कि मैच की शुरुआत पारंपरिक लाल गेंद से होगी, लेकिन अगर रोशनी की समस्या उत्पन्न होती है तो फ्लडलाइट (दुधिया रोशनी) में गुलाबी गेंद का उपयोग किया जाएगा, जिससे उन ओवरों की भरपाई की जा सके। गंभीर ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच से पहले कहा, मुझे यह फैसला पसंद है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर मैच का परिणाम निकालने का अवसर मौजूद है तो उसे हर हाल में किया जाना चाहिए। यह नया नियम एक अक्टूबर से लागू होगा। गंभीर के समर्थन के पीछे एक व्यवहारिक कारण भी है। भारत को फरवरी-मार्च में घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलनी है। श्रृंखला का तीसरा टेस्ट गुवाहाटी और अंतिम टेस्ट रांची में प्रस्तावित है। देश के पूर्वी क्षेत्र के इन शहरों में सूर्यास्त अपेक्षाकृत जल्दी होने के कारण खेल के ओवर प्रभावित हो सकते हैं। गंभीर ने कहा, कल्पना कीजिए कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले आप आखिरी टेस्ट खेल रहे हों और जीत के साथ फाइनल में जगह बनाने की संभावना हो लेकिन खराब रोशनी के कारण मैच का परिणाम ही न निकल पाए। अगर दोनों टीमें सहमत हों और परिणाम निकालने का अवसर मिले, तो मैं इसके पूरी तरह पक्ष में हूं। उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि एक ही मैच के दौरान लाल गेंद से गुलाबी गेंद में बदलाव खिलाड़ियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह दांव पर होने की स्थिति में खिलाड़ियों को परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा।

उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि खिलाड़ियों के लिए यह बदलाव कुछ कठिन और अनिश्चित हो सकता है, लेकिन सोचिए कि आपने दो वर्षों तक कड़ी मेहनत की हो और फाइनल से पहले आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे हों। गंभीर ने कहा, अगर खराब किस्मत के कारण पांच दिनों तक पर्याप्त खेल ही न हो पाए तो उससे बड़ी अनिश्चितता और क्या होगी? मुझे लगता है कि यह एक सकारात्मक कदम है। उम्मीद है कि टीमें भी इसे सकारात्मक दृष्टिकोण से अपनाएंगी।

संक्षेप

### रोम डायमंड लीग में आठवें स्थान पर रहे सचिन

रोम। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव डायमंड लीग में पदार्पण करते हुए अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और आठवें स्थान पर रहे, जबकि श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने अपने करियर में पहली बार 90 मीटर का प्रतिष्ठित आंकड़ा पार करते हुए खिताब जीता। 26 वर्षीय यादव केवल 79.18 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो ही कर सके, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 86.27 मीटर से काफी कम था। उन्होंने अपना यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में किया था जहां वह चौथे स्थान पर रहे थे। उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 81.95 मीटर है। यादव ने फाउल थ्रो से शुरुआत की तथा फिर अगले चार प्रयासों में 79.18 मीटर, 77.02 मीटर, 76.62 मीटर और 75.54 मीटर थ्रो किया। पांच थ्रो के बाद वह आठवें स्थान पर रहे। पांचवें राउंड के बाद केवल शीर्ष तीन खिलाड़ी ही अपना छठा और अंतिम थ्रो कर सकते हैं। इस बीच 23 वर्षीय पथिराज ने अपने दूसरे प्रयास में 92.62 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर खिताब अपने नाम किया। ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन और 2024 पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स 83.91 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे जबकि अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन 83.89 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### म्युनिख से लौटते समय उड़ान में बीमार पड़ने के बाद राणा को डला स्टेंट

नयी दिल्ली। मशहूर निशानेबाजी कोच जसपाल राणा जर्मनी के म्युनिख में हुए आईएसएसएफ विश्व कप से भारतीय दल के साथ लौटते हुए उड़ान में बीमार हो गए जिसके बाद उन्हें चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। राणा भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई परफार्मेंस कोच हैं। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के एक सूत्र ने बताया , जसपाल को विमान में अच्छा महसूस नहीं हो रहा था और दिल्ली पहुंचने के बाद वह सीधे अस्पताल गए जहां टेस्ट के बाद उन्हें एक स्टेंट डाला गया। एक खिलाड़ी के तौर पर शानदार कैरियर के बाद जूनियर टीम के कोच और हाई परफार्मेंस ट्रेनर के रूप में भी राणा का कैरियर उपलब्धियों से भरा रहा है। उनके मार्गदर्शन में मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीते। वह फरवरी 2025 से 25 मीटर पिस्टल में भारत के हाई परफार्मेंस कोच हैं।

# प्रज्ञाननंदा ने गुकेश को हराकर खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाये



ओस्लो। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन डी गुकेश पर क्लासिकल बाजी में शानदार जीत हासिल करके नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। प्रज्ञाननंदा इस जीत के बाद शीर्ष पर काबिज अमेरिका के वेस्ली सो से सिर्फ आधा अंक पीछे रह गए हैं, जिससे यहां अंतिम दौर में रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। प्रज्ञाननंदा ने काले मोहरों से खेलने के बावजूद विश्व चैंपियन गुकेश को क्लासिकल बाजी में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किये। इससे वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने की दौड़ में शामिल हो गए हैं। नौवें दौर के बाद प्रज्ञाननंदा 15 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो (15.5) से ठीक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोजा भी 14.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। इस तरह से अंतिम दौर में तीन खिलाड़ियों के पास खिताब जीतने का मौका है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो भी खिलाड़ी खिताब जीतेगा, वह पहली बार नॉर्वे शतरंज चैंपियन बनेगा। प्रज्ञाननंदा निर्णायक अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर का सामना करेंगे जबकि वेस्ली सो का मुकाबला अलीरेज़ा से होगा। वेस्ली सो ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में मैग्नस कार्लसन को हराया। इस तरह से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी का खराब प्रदर्शन जारी रहा। महिला वर्ग में मौजूदा विश्व ब्लिट्ज चैंपियन बिबिसारा असाउबायेवा ने एक राउंड शेष रहते हुए खिताब अपने नाम कर लिया, जबकि वह यूक्रेन की अन्ना मुज़चिुक से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हार गई थी। उनके 16.5 अंक हो गए हैं। झू जिनेर ने काले मोहरों से खेलते हुए दिव्या देशमुख को हराया और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। इससे वह दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। कोनेरू हम्पी को महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हार मिली।

# तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे साईं सुदर्शन चार स्पिनरों को तैयार करेगा भारतः गंभीर



मुल्लांपुर। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने शुक्रवार को कहा कि साई सुदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का उचित मौका नहीं मिला है और संकेत दिया कि अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से यहां होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले देवदत्त पडिक्कल के बजाय बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को प्राथमिकता दी जाएगी।

गंभीर ने यह भी कहा कि टीम अगस्त में श्रीलंका दौरे के लिए चार स्पिनरों को तैयार करेगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच यह टेस्ट मैच मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है लेकिन यह आगामी श्रृंखलाओं को देखते हुए टीम संयोजन तैयार करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गंभीर ने पत्रकारों से कहा, साई सुदर्शन को उचित मौका नहीं मिला है। उन्होंने अधिकतर मैच इंग्लैंड में खेले और मुझे लगता है कि उन्हें उचित मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, हम (केवल) 11 (खिलाड़ियों) का चयन कर सकते हैं और साईं खराब फॉर्म में नहीं हैं। उन्होंने आईपीएल में 700 से अधिक रन बनाए हैं। अगर हम साईं का आकलन चार पांच मैचों के आधार पर करेंगे तो फिर कोई ठोस राय नहीं बना पाएंगे। मानव सुथार और हर्ष दुबे के बीच बाएं हाथ के स्पिनर के एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा हैं और गंभीर ने कहा कि भारत को श्रीलंका में अगस्त में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए स्पिन गेंदबाजी के कई विकल्प तैयार करने होंगे।

उन्होंने कहा, मानव और हर्ष कुछ हद तक एक जैसे खिलाड़ी हैं, लेकिन उनके गेंद फेंकने के तरीके में कुछ अंतर भी हैं। इस मैच से हमें अपना चौथा स्पिनर तैयार करने में मदद मिलेगी क्योंकि हम श्रीलंका में चार स्पिनर लेकर जाएंगे। गंभीर ने कहा कि न्यूजीलैंड का दौरा करने पर हमें अलग तरह से तैयारी करनी होगी। हमारा मानना है कि हमें टेस्ट मैचों के लिए बेहतर तैयारी करने की जरूरत है। टेस्ट उप-कप्तान के पद से ऋषभ पंत को हटाए जाने के संदर्भ में गंभीर ने कहा कि इस बल्लेबाज को उनका समर्थन हासिल है, लेकिन उन्हें खेल की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने की जरूरत है।

भारतीय कोच ने कहा कि हम ऋषभ पंत की खेल की शैली में बदलाव नहीं चाहते, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खिलाड़ियों के लिए मैच की परिस्थितियों का सम्मान करना जरूरी होता है।

# स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की फॉर्म भारत के लिए अहमः डायना



मुंबई। भारत की पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी का मानना है कि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की फॉर्म महिला टी20 विश्व कप में टीम की संभावनाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी।

भारत ने विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच की श्रृंखला खेली थी, जिसमें मंधाना और शेफाली अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। भारत यह श्रृंखला।-2 से हार गया था। एडुल्जी ने पीटीआई वीडियो से कहा, इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमें केवल सलामी जोड़ी के प्रदर्शन पर ही गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, स्मृति और शेफाली को जल्द से जल्द फॉर्म में वापसी करनी होगी। उनकी फॉर्म भारत की विश्व कप में संभावनाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। एडुल्जी ने इस बात को खारिज कर दिया कि भारत को मुश्किल ड्रॉ मिला है जिसमें उसका सामना छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों से होगा। विश्व कप में भाग लेने वाली सभी टीमें मजबूत हैं। आप किसी भी ग्रुप में हो सकते हैं। टी20 एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैच वाले दिन अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम के जीतने की संभावना अधिक होती है। अगर कोई कमजोर टीम है और वह उस दिन अच्छा प्रदर्शन करती है तो वह मजबूत टीम को भी हरा सकती है।

भारत विश्व कप में अपना पहला मैच 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

# छठा सैफ महिला खिताब जीतने की पूरी कोशिश करेगा भारत




मडगांव। अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम शनिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत क्षेत्रीय टूर्नामेंट में अपना रिकॉर्ड छठा खिताब जीतने की कोशिश करेगा। उसे फाइनल में बांग्लादेश की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा लेकिन वह अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप चरण में 3-0 की जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम लगातार पांच खिताब जीतने के बाद पिछले दो अवसरों पर फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई थी। बांग्लादेश ने 2022 और 2024 में दोनों मौकों पर नेपाल को हराकर ट्रॉफी जीती थी। क्रिसपिन छेत्री की कोचिंग वाली भारतीय टीम अब पिछले दो अवसरों पर मिली हार का बदला लेने और 2019 के बाद पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेगी। भारत ने अभी तक 15 गोल किए हैं जबकि उसने एक भी गोल नहीं खाया है। गोलकीपर पैंथोई चानू ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम उनसे इसे जारी रखने की उम्मीद करेगी। सेमीफाइनल में स्टार स्ट्राइकर मनीषा कल्याण की वापसी से टीम के आक्रमण को भी मजबूती मिली है। बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप मैच में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी मंगलवार को ही टीम में शामिल हुईं। वह इससे पहले पेरू क्लब अलियांजा लीमा की तरफ से खेल रही थी। भारत ने मालदीव पर 11-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर बांग्लादेश को 3-0 से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत फीफा रैंकिंग में 69वें स्थान पर जबकि बांग्लादेश 107वें स्थान पर है। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अभी तक खेले गए 13 मैच में से 10 जीते हैं, एक मैच ड्रॉ रहा और दो में उसे हार मिली।

## बढ़ती लागत और वीजा चिंताओं ने फुटबॉल विश्व कप में फीका किया प्रशंसकों का उत्साह

न्यूयॉर्क। दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसक जल्द ही अपनी पसंदीदा टीमों को खेल के सबसे बड़े मंच, फुटबॉल विश्व कप, में खेलते देखने के लिए लंबी यात्राएं करेंगे। वे बार, फैन जोन (प्रशंसकों के लिए विशेष स्थल) और सार्वजनिक स्थानों पर इकट्ठा होकर अपनी टीमों के समर्थन में गीत गाएंगे तथा संभावित विजेता को लेकर बहस करेंगे। इस बार हालांकि उत्साही प्रशंसकों के लिए हालात अलग हैं। उनके मुताबिक इस वर्ष का विश्व कप उनके अनुभव का सबसे कम अनुकूल टूर्नामेंट साबित हो रहा है। महंगे टिकट, अमेरिका के विभिन्न शहरों के बीच यात्रा का अत्यधिक खर्च और अमेरिका में प्रवेश को लेकर चिंताओं ने कई प्रशंसकों को घर पर ही रहने के लिए मजबूर कर दिया है। लंदन के आईटी पेशेवर माइक विल्सन पिछले 20 वर्षों में चार विश्व कप देख चुके हैं। इस बार वे यूरोप में ही रहेंगे और टूर्नामेंट के कुछ मुकाबलों का आनंद पुर्तगाल के समुद्र तट से उठाएंगे। अर्जेंटीना के डॉक्टर एमिलियानो बेसेरा आमतौर पर अपनी टीम का नॉकआउट चरण तक हर मैच देखने जाते हैं, लेकिन इस बार वे केवल शुरुआती दो मुकाबले देखने के बाद स्वदेश लौट जाएंगे। नीदरलैंड मूल के वित्त प्रबंधक पीटर बर्गाकर 2010 विश्व कप फाइनल में अपनी टीम का समर्थन करने के लिए दक्षिण अफ्रीका तक गए थे, लेकिन इस बार उनकी अमेरिका यात्रा की कोई योजना नहीं है। यह स्पष्ट नहीं है कि कितने प्रशंसक इस बार विश्व कप से दूरी बना रहे हैं, लेकिन इसके संकेत लगातार सामने आ रहे हैं। विश्व कप के दौरान अपनी टीम का समर्थन करने के लिए लंबी छुट्टियां लेकर विदेश यात्रा करने वाले प्रशंसक आमतौर पर संपन्न वर्ग से आते हैं लेकिन पिछले टूर्नामेंटों में सीमित साधनों वाले प्रशंसक भी वर्षों तक बचत कर चार साल में एक बार होने वाले इस खेल के महाकुंभ में पहुंच जाते थे। चार वर्ष पहले ग्रुप चरण के निचले श्रेणी के टिकट 69 डॉलर में उपलब्ध थे। इस बार फीफा इन्हीं टिकटों को 265 डॉलर तक में बेच रहा है। रूस (2018) और कतर (2022) विश्व कप में मैच देखने वाले दर्शकों को मेजबान शहरों के बीच निःशुल्क परिवहन सुविधा दी गई थी। इसके विपरीत अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में फैले 16 स्टेडियमों के बीच यात्रा करना कहीं अधिक महंगा साबित हो रहा है। पहले फीफा के आधिकारिक पुनर्विक्रय (रीसेल) मंच पर टिकट मूल कीमत से अधिक पर नहीं बेचे जा सकते थे, लेकिन इस बार संस्था ने प्रशंसकों को अपनी इच्छानुसार उंची कीमत पर टिकट बेचने की अनुमति दे दी है और हर लेनदेन पर 30 प्रतिशत शुल्क भी वसूल रही है। फीफा का तर्क है कि टिकटों की कीमतें अभूतपूर्व मांग को दर्शाती हैं।

# स्मार्ट बॉर्डर परियोजना अंतिम चरण में

## बंगाल, त्रिपुरा, बिहार में जनसांख्यिकीय बदलाव बर्दाश्त नहीं करेंगे : अमित शाह



अगरतला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और बिहार में जनसांख्यिकीय बदलाव को बर्दाश्त नहीं करेगी और वह देश की सीमाओं की सुरक्षा में मौजूद खामियों को दूर करने के लिए कदम उठा रही है।

शाह ने त्रिपुरा में लंकामुरा सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सरकार की स्मार्ट बॉर्डर परियोजना अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और बिहार में जनसांख्यिकीय बदलाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा... अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की निगरानी और सुरक्षा में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए केंद्र हरसंभव प्रयास कर रहा है। स्मार्ट बॉर्डर की अवधारणा को प्रायोगिक परियोजना के रूप में देश के सात से आठ स्थानों पर लागू किया जाएगा। मैं केंद्रीय गृह सचिव और बीएसएफ के महानिदेशक से सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करने और वार्ता करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने बताया कि नयी सीमा सुरक्षा व्यवस्था में अत्याधुनिक तकनीक, स्थानीय प्रशासन और सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की संयुक्त भागीदारी शामिल होगी। उन्होंने कहा, हर सीमा की अपनी चुनौतियां होती हैं, चाहे वह मानव तस्करी हो, हथियारों की तस्करी हो या मादक पदार्थों की तस्करी। लेकिन बीएसएफ के जवान इन चुनौतियों का सामना करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें सीमा पार से आने वाले नकली नोटों, मानव तस्करी और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगानी होगी। शाह ने मई में कहा था कि सरकार अगले वर्ष तक प्रौद्योगिकी आधारित स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेगी, ताकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ लगभग 6,000 किलोमीटर लंबी सीमाओं को अभेद्य बनाया जा सके और देश की जनसांख्यिकी बदलने की किसी भी साजिश को विफल किया जा सके। गृह मंत्री ने कहा था, भारत सरकार ने फैसला किया है कि हम न केवल घुसपैठ रोकेंगे, बल्कि हर एक घुसपैठिए की पहचान कर उसे देश से बाहर भी भेजेंगे। उन्होंने यह भी कहा था, मैं बीएसएफ के जवानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सुरक्षा बल के गठन के 60वें वर्ष के भीतर हम स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेंगे और व्यापक तकनीकी सहायता के जरिए बांग्लादेश और पाकिस्तान की सीमाओं को अभेद्य बना देंगे। शाह ने यह बात 22 मई को नयी दिल्ली में बीएसएफ द्वारा आयोजित वार्षिक रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए कही थी।

# असम मंत्रिपरिषद का विस्तार, भाजपा के 11 और अगप के एक विधायक ने मंत्री पद की शपथ ली



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रनोज पेगू, अशोक सिंघल, बिस्वजीत दैमारी और असम गण परिषद (अगप) के केशव महंत सहित 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इस विस्तार के साथ ही राज्य मंत्रिपरिषद में सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 17 हो गई। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने यहां ज्योति-बिष्णु अंतरराष्ट्रीय कला मंदिर में आयोजित एक समारोह में विधायकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पबित्रा मार्गेरिटा, असम विधानसभा अध्यक्ष रंजीत कुमार दास, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया और राजग के कई विधायक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पिछली मंत्रिपरिषद में शामिल अगप नेता महंत को इस बार भी मंत्रिपरिषद में जगह दी गई है। शपथ लेने वालों में भाजपा के विधायक बिमल बोरा, जयंत मल्ला बरुआ, कौशिक राय, कृष्णेंदु पॉल और पीजूष हजारिका शामिल हैं। ये सभी नेता शर्मा की पिछली सरकार में मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं। राय ने हिंदी में शपथ ली, जबकि शेष अन्य ने असमी भाषा में शपथ ली। अब असम मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित कुल 17 सदस्य हैं। इससे पहले चार अन्य मंत्रियों ने 12 मई को शपथ ली थी, जिनमें अगप के अतुल बोरा, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के चरण बोरो तथा भाजपा की तरफ से अंजता नियोग और रामेश्वर तेली शामिल थे। नयी मंत्रिपरिषद में भाजपा के 13, अगप के दो और बीपीएफ से एक मंत्री शामिल हैं। नियोग और नीलिमा देवी मंत्रिपरिषद में दो महिला मंत्री हैं, तथा महिला मंत्रियों की संख्या पिछली मंत्रिपरिषद के समान ही है। विस्तारित मंत्रिपरिषद कई जातीय समुदायों और भौगोलिक क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। बराक घाटी से दो प्रतिनिधि, कौशिक राय और कृष्णेंदु पॉल हैं, जबकि बीपीएफ के बोरो और भाजपा के दैमारी बोडो समुदाय से हैं। वहीं राय सरकार कोच जनजाति से और बोरगोहेन अहोम समुदाय से हैं।

**संक्षेप**

## अमेरिकी संसद में यूक्रेन की सहायता संबंधी विधेयक पारित

वाशिंगटन। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में यूक्रेन की सहायता के प्रावधान वाला और रूसी अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी एक विधेयक पारित किया गया है। हालांकि रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने आपत्ति जताते हुए चेतावनी दी थी कि यह विधेयक समान लेकिन अधिक प्रभावी परिणाम प्राप्त करने के लिए जारी वार्ताओं को कमजोर करेगा। न्यूयॉर्क से डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद ग्रेगरी मीक्स द्वारा प्रायोजित इस विधेयक का उद्देश्य यूक्रेन को सुरक्षा और पुनर्निर्माण सहायता के रूप में एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि प्रदान करके अमेरिकी सहायता को मजबूत करना है। इसके अलावा, यह ज ण के माध्यम से यूक्रेन की रक्षा के लिए आठ अरब अमेरिकी डॉलर उपलब्ध कराएगा। विधेयक 195 के मुकाबले 226 मत से पारित हुआ। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध संबंधी दृष्टिकोण के प्रति असंतोष का संकेत है और ट्रंप की विदेश नीति में इस सप्ताह सदन का दूसरा बड़ा मतभेद दर्शाता है। इससे एक दिन पहले सदन ने पहली बार ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्वाई को रोकने के उद्देश्य से युद्ध शक्तियों से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

# पीएम मोदी ने पौधरोपण को जन आंदोलन बना दियाः नड्डा

शिलांग। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यहां पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक पेड़ मां के नाम पहल के बाद पौधे रोपना एक जन आंदोलन बन गया है।

नड्डा ने कहा कि मोदी द्वारा शुरू किए गए अभियान ने पर्यावरण संरक्षण को व्यक्तिगत जिम्मेदारी से जोड़ा है और देश भर के करोड़ों लोगों को एक बेहतर भविष्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मोदी ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम शुरू किया। इसके तहत, देश भर में लाखों भाजपा कार्यकर्ता विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधे लगा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिकी संरक्षण और सतत विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के रूप में एक पौधे से शुरू हुई पहल आज करोड़ों लोगों की भागीदारी के साथ एक जन आंदोलन बन रही है।

# चिसोटी में स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित किया जायेगा



जम्मू। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित चिसोटी क्षेत्र में एक स्वचालित मौसम स्टेशन की स्थापना की घोषणा की जो इस क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान और आपदा तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में मछैल माता मंदिर का प्रवेश द्वार माने जाने वाले चिसोटी गांव में 14 अगस्त, 2025 को बादल फटने से भारी तबाही मची थी। इस घटना में 65 लोगों की जान चली गई जिनमें ज्यादातर तीर्थयात्री थे। तीस से अधिक लोगों का अब तक कुछ अता-पता नहीं चला है। सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पिछले साल चिसोटी में आयी आपदा पर चर्चा लगातार चलती रही और उसी के आलोक में उस स्थान पर एक स्वचालित मौसम केंद्र एवं एक भूकंप विज्ञान केंद्र स्थापित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि परियोजना को जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा क्योंकि जिला प्रशासन केंद्र की स्थापना के लिए आवश्यक भूमि पहले ही मंजूरी कर चुका है। मैंने कल ही किश्तवाड़ के उपायुक्त से बात की थी। उन्होंने मुझे बताया कि उन्होंने भूमि को पहले ही मंजूरी दे दी है, इसलिए हम आगे बढ़ सकते हैं। हमने प्रशासन से परियोजना के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब काल्पनिक तकनीक नहीं बल्कि एक क्रियाशील वास्तविकता है



नयी दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब कोई काल्पनिक तकनीक नहीं बल्कि एक क्रियाशील वास्तविकता है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के लिए सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने इस बात पर जोर दिया कि इस दशक में लिए गए विकल्प प्रौद्योगिकी, शक्ति, स्वतंत्रता और न्याय के बीच भविष्य के संबंधों को आकार देंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रौद्योगिकी अपने आप में न तो स्वाभाविक रूप से लाभकारी है और न ही स्वाभाविक रूप से हानिकारक। लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अंतरराष्ट्रीय कानून विषय पर एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने कहा कि पिछली तकनीकी क्रांतियों के विपरीत, एआई केवल मानवीय क्षमता को नहीं बढ़ाती हैअ यह तेजी से उन निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेती है जिन्हें ऐतिहासिक रूप से विशिष्ट रूप से मानवीय माना जाता था। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी अपने आप में न तो स्वाभाविक रूप से लाभकारी है और न ही स्वाभाविक रूप से हानिकारक। इसका प्रभाव उन कानूनी, राजनीतिक और नैतिक ढांचों पर निर्भर करता है जिनके अंतर्गत समाज इसका उपयोग करना चुनते हैं। इसलिये कानून का दायित्व न तो तकनीकी प्रगति का विरोध करना है और न ही उसके समक्ष बिना किसी प्रश्न के आत्मसमर्पण करना। उसका दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि तकनीकी शक्ति संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक वैधता और मानवीय गरिमा के प्रति जवाबदेह बनी रहे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब एक क्रियात्मक वास्तविकता है जो शासन, वाणिज्य, युद्ध, संचार, सार्वजनिक प्रशासन और तेजी से न्यायिक और संप्रभु शक्ति के प्रयोग को ही नया आकार दे रही है। सरकारें अब कल्याणकारी लाभों के आवंटन, आव्रजन आवेदनों के मूल्यांकन, सीमाओं की निगरानी, वित्तीय प्रणालियों के विनियमन और पुलिसिंग कार्यों में सहायता के लिए एल्गोरिदम प्रणालियों का उपयोग करती हैं।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन का भारत को एसयू-57 स्टील्थ जेट का प्रस्ताव



सेंट पीटर्सबर्ग। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नयी दिल्ली को रूस का पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ विमान सुखोई एसयू-57 देने की पेशकश की है और यह सुझाव भी दिया है कि दोनों देशों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप इस लड़ाकू विमान का संयुक्त उत्पादन भारत में भी किया जा सकता है।

दशकों से रूस भारत का प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता रहा है। हालांकि, यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति शृंखला में लगातार व्यवधान और वितरण में देरी ने नयी दिल्ली को अपनी सैन्य खरीद रणनीति में आक्रामक रूप से विविधता लाने के लिए मजबूर कर दिया है। पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की वर्षों लंबी खोज के बाद, भारत ने अपनी महत्वाकांक्षी एडवांस्ड मल्टीरोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) परियोजना शुरू की है, जिसे व्यापक रूप से देश का सबसे बड़ा स्वदेशी एयरोस्पेस कार्यक्रम माना जाता है। पीटीआई सहित प्रमुख वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बृहस्पतिवार रात को हुई बातचीत में, पुतिन ने भारत-रूस रक्षा और सैन्य संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मास्को अब भी एसयू-57 विमान कार्यक्रम में नयी दिल्ली को शामिल करने के लिए उत्सुक है। पुतिन ने पीटीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रधान संपादक विजय जोशी के एक सवाल पर कहा, जहां तक एसयू-57 की बात है, हमने भारत में अपने दोस्तों को इस पांचवीं पीढ़ी के विमान को संयुक्त रूप से विकसित करने का प्रस्ताव दिया था। मुझे लगता है कि यह अब तक का सबसे अच्छा विमान है। लेकिन हमारे भारतीय दोस्तों ने कहा कि देखते हैं। उन्होंने कहा कि सैद्धांतिक रूप से, यह हमारा (रूस-भारत का) उत्पाद हो सकता था। हमने इसे स्वतंत्र रूप से बनाया है। और हम भारत के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। मिलकर काम करने और विकास करने के लिए। किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं होगा। ऐसी खबरें हैं कि नयी दिल्ली ने रूसी प्रस्ताव के प्रति अपने दरवाजे पूरी तरह से बंद नहीं किए हैं, क्योंकि सरकारी स्वामित्व वाली हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जेट के निर्माता सुखोई डिजाइन ब्यूरो के साथ संभावित सहयोग के लिए संपर्क में है। चूंकि एएमसीए परियोजना के तहत आने वाले विमानों के 2035 से पहले भारतीय वायु सेना (आईएएफ) में शामिल होने की संभावना नहीं है, इसलिए सरकार कम से कम दो स्क्वाड्रन (लगभग 36) एसयू-57 विमानों की खरीद पर विचार कर रही है, बशर्ते वे तकनीकी विशिष्टताओं को पूरा करते हों। भारत और रूस लगभग 15 वर्षों से पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान (एफजीएफए) के संयुक्त विकास और उत्पादन के लिए बातचीत कर रहे थे।

**इंटरटेनमेंट...**

# हंसी से ज्यादा सिर पकड़ने पर मजबूर करती है 'मां बहन'




मुंबई। डार्क कॉमेडी बनाना आसान नहीं होता। इसमें अपराध भी चाहिए, कॉमेडी भी चाहिए और किरदारों का पागलपन भी। नेटफ्लिक्स की नई फिल्म मां बहन इन तीनों चीजों को एक साथ परोसने की कोशिश तो करती है, लेकिन आखिर तक आते आते यह तय नहीं कर पाती कि इसे कॉमेडी बनना है, थ्रिलर बनना है या पारिवारिक ड्रामा। नतीजा एक ऐसी फिल्म के रूप में सामने आता है जिसमें शोर

**मूवी रिव्यू : माधुरी दीक्षित-तृप्ति डिमरी भी नहीं बचा पाईं यह बिखरी हुई डार्क कॉमेडी**

बहुत है, लेकिन असर बेहद कम। कहानी रेखा (माधुरी दीक्षित का किरदार) और उसकी दो बेटियों के इर्द गिर्द घूमती है। एक दिन उनके घर की रसोई में एक लाश मिल जाती है और यहीं से शुरू होता है झूठ, छिपाने और बचने का सिलसिला। पड़ोसियों की ताकझांक, परिवार के भीतर की खींचतान और लगातार बढ़ती मुसीबतों के बीच तीनों महिलाएं इस राज को छिपाने की कोशिश करती हैं। सुनने में यह सेटअप दिलचस्प लगता है, लेकिन समस्या यह है कि फिल्म पहले आधे घंटे में जितना वादा करती है, उसके बाद उतना निभा नहीं पाती। माधुरी दीक्षित पूरी फिल्म में सबसे ज्यादा ईमानदार नजर आती हैं। वह अपने अनुभव से कई कमजोर सीन को संभालने की कोशिश करती हैं, लेकिन कमजोर लेखन उनके हाथ बांध देता है। तृप्ति डिमरी के हिस्से कुछ अच्छे पल आते हैं, मगर उनका किरदार लगातार एक जैसा बना रहता है। रवि किशन अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं, लेकिन उन्हें भी ऐसा कोई दृश्य नहीं मिलता जो लंबे समय तक याद रह सके। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि कलाकार मेहनत करते दिखते हैं, लेकिन किरदार कागज पर अधूरे लिखे गए हैं। दर्शक उनसे जुड़ने से पहले ही कहानी अगले मोड़ पर भागने लगती है। सुरेश त्रिवेणी ने पहले तुम्हारी सुलु जैसी संवेदनशील फिल्म दी थी।

## पीएम को सलाह देने के सवाल पर मनोज बाजपेयी, मैं इन सब चक्करों में नहीं पड़ता

मुंबई। फिल्म 'गवर्नरः द साइलेंट सेवियर' के प्रमोशन के दौरान अभिनेता मनोज बाजपेयी ने राजनीति और नेतृत्व से जुड़े सवाल पर संतुलित जवाब दिया। दिए इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि अगर उन्हें प्रधानमंत्री को एक सलाह देनी हो तो वह क्या देंगे, तो उन्होंने कहा कि वह खुद को ऐसी स्थिति में नहीं मानते कि प्रधानमंत्री को कोई सलाह दे सकें। मनोज बाजपेयी ने कहा, मैं प्रधानमंत्री को क्या सलाह दूंगा? मैं उस स्थिति में नहीं हूं। मैं इन सब चक्करों में नहीं पड़ता हूं। इससे स्पष्ट था कि वह राजनीतिक बहसों और टिप्पणियों से दूरी बनाए रखना पसंद करते हैं। बातचीत के दौरान मनोज ने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी जिम्मेदारी और विशेषज्ञता का क्षेत्र होता है।

## कंगना रनोट के बयान पर भड़के अशोक पंडित

मुंबई। फिल्म 'डॉन 3' विवाद में रणवीर सिंह के समर्थन में दिए गए कंगना रनोट के बयान पर ऋहकउए के चीफ एडवाइजर अशोक पंडित ने रिएक्शन दिया। उन्होंने कहा कि कंगना बकवास करती हैं, इसलिए मैंने उन्हें बैन किया था। बातचीत में पंडित ने कहा, 'इंडस्ट्री के बहुत से लोग हमें गालियां देने लगे हैं। कल कंगना ने भी कुछ कहा। लोग पूरे मामले को समझे बिना ही कमेंट कर रहे हैं। कंगना ने यह भी कहा कि मुझे इंडस्ट्री ने बैन कर दिया है। मैंने कहा, 'तुम बेकार की बातें करती हो, इसलिए मैंने तुम्हें बैन किया था। उन्होंने आगे कहा, ‡मुझे इसकी परवाह नहीं है। यहां पूरी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा मुद्दा चल रहा है।

# 'पेद्दी' में पहचान की लड़ाई को दमदार अंदाज में दिखाया



मुम्बई। राम चरण, जान्हवी कपूर, जगपति बाबू कई बार कुछ फिल्में कहानी से ज्यादा अपने जज्बातों के लिए याद रखी जाती हैं। पेड्डी भी ऐसी ही फिल्म है। यह सिर्फ एक खिलाड़ी की कहानी नहीं है, बल्कि उन लोगों की आवाज है जिनकी मौजूदगी तक सरकारी कागजों में दर्ज नहीं है। राम चरण और निर्देशक बुच्ची बाबू सना ने एक बड़े व्यावसायिक कैनवास पर पहचान, सम्मान और हक की लड़ाई को पेश करने की कोशिश की है। फिल्म हर मोड़ पर परफेक्ट नहीं है, लेकिन जब यह दिल पर वार करती है तो असर छोड़ जाती है। कैसी है फिल्म की कहानी? विजयनगरम जिले की पहाड़ियों के नीचे बसा एक गांव ऐसा है जिसका कोई सरकारी अस्तित्व नहीं है। वहां रहने वाले लोगों के पास पहचान नहीं, वोट देने का अधिकार नहीं और बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। पेड्डी इसी गांव का रहने वाला युवक है। वह गुड़ की फैक्ट्री में काम करता है और स्थानीय क्रिकेट मैचों में पैसे लेकर खेलने जाता है।

गांव के बुजुर्ग अप्पलासूरी सालों से अपने गांव के लिए रेलवे स्टेशन की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज कोई नहीं सुनता। एक दर्दनाक घटना के बाद पेड्डी इस लड़ाई को अपना मिशन बना लेता है। क्रिकेट से शुरू हुआ उसका सफर कुश्ती और फिर एथलेटिक्स तक पहुंचता है। सवाल सिर्फ एक रेलवे स्टेशन का नहीं रह जाता, बल्कि पूरे गांव को पहचान दिलाने का बन जाता है। पेड्डी इस लड़ाई को कैसे अंजाम देता है, यही फिल्म की मुख्य कहानी है। राम चरण ने अपने करियर की सबसे परिपक्व और समर्पित परफॉर्मेंस दी है। उनका शारीरिक बदलाव, अलग बोली पर पकड़ और भावनात्मक दृश्यों में दिखाई गई ईमानदारी प्रभावित करती है। खासकर दूसरे हिस्से में उनका अभिनय कई जगह आंखें नम कर देता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com